03 जुलाई 2025 | रांची, गुरुवार | वर्ष-26, अंक- 151, पृष्ठ-12 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 08, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## भारत मां के वीर बांकुरे

राष्ट्रीय नवीन मेल




पद्मा प्रसाद 'विन्देश्वरी'

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आपने पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि हमारी एयरफोर्स अब हाई स्टैंडर्ड पर पहुँच चुकी है। हम इसे भूल नहीं सकते बल्कि हमें अपने वीर सैनिकों पर गर्व है , जिन्होंने हमारे लिए त्याग किया है। इस महान कार्य की सफलता के लिए मैं सभी जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएँ देती हूँ। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का ऐसा करारा जवाब आप सबने दिया है जो अत्यंत सराहनीय कार्य है। मैं उन सभी योद्धाओं के साहस, शौर्य को नमन करती हूँ। आप हमेशा अपने मनोबल को बनाए रखें ताकि भविष्य के खतरों का प्रभावी ढंग से जवाब दे सके ।माँ भारती को आप जैसे वीर सपूतों की शारीरिक और मानसिक शक्ति और क्षमता पर पूर्ण विश्वास है । अतः अपने इस अमूल्य धरोहर को कभी नहीं खोना, पूरा देश आपके साथ है।

शेष पेज 11 पर

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करेंगे उद्घाटन
- ऐतिहासिक जाम से मिलेगी मुक्ति, मंत्री संजय सेठ के साथ रातू रोडवासी गदगद
- नामकरण विवाद को लेकर सस्पेंस कायम
- सुरक्षा के लिहाज से बेहद मजबूत निर्माण

# एलिवेटेड कॉरिडोर आज जनता को होगा समर्पित

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** लंबे इंतजार के बाद जाम से परेशान राजधानी वासियों को गुरुवार को रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात के रूप में राहत मिलने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इसका उद्घाटन करेंगे। उद्घाटन को लेकर पंडरा स्थित ओटीसी ग्राउंड में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अब रांची के लोगों को इंतजार है, तो बस इस एलिवेटेड कॉरिडोर से होते हुए रातू रोड को पार करने का। उस जाम से मुक्ति पाने का, जिसके कारण नागाबाबा खटाल से पिस्का मोड़ तक करीब 2.5 किमी का सफर पूरा करने में आधा से 1 घंटे का समय लगता था, जो अब एलिवेटेड कॉरिडोर के जरिए महज 5-7 मिनट में पूरा हो जाएगा। इस एलिवेटेड कॉरिडोर की कई खूबियां हैं। एलिवेटेड कॉरिडोर की प्रोजेक्ट डायरेक्टर एकता कुमारी ने बताया कि रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर एनएचएआई का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें राजभवन के पास बुलेटप्रूफ बैरियर लगा हुआ है। नागा बाबा खटाल से लेकर पुराने बस स्टैंड के समीप तक राजभवन की सुरक्षा को देखते हुए वहां बुलेटप्रूफ बैरियर, साउंडलेस बैरियर और व्यू कटर लगाया गया है।

बुलेट प्रूफ बैरियर राजभवन की सुरक्षा करेगा, तो साऊंडलेस बैरियर फ्लाईओवर के आसपास रहनेवाले लोगों को गाड़ी के शोर-शराबे से बचाएगा। इससे न केवल घर, ऑफिस और दुकानों के लोग परेशानियों से बचेंगे बल्कि फ्लाईओवर के आसपास स्थित क्लिनिक, हॉस्पिटल और स्कूल भी वाहनों के शोर-शराबे से डिस्टर्ब होने से बचेंगे। पूरे कॉरिडोर में गडर स्टील कंपोजिट का इस्तेमाल हुआ है, जो पूरी तरह से सेल में निर्मित लोहे से बना है। यह इसकी मजबूती को और अधिक बढ़ाती है। इसे उठाकर लगाने में आसानी हुई। करीब 180 से 200 टन के वजन को क्रेन से उठाकर आसानी से पिलर पर रखा गया। पूरा कॉरिडोर मजबूत पाइलिंग पर खड़ा है। सुरक्षा के लिहाज से ये काफी मजबूत है। एनएचएआई अपने अधिकांश फ्लाईओवर कॉरिडोर में इसी तकनीक का इस्तेमाल करती है।

रातू रोड निवासियों के लिए यह कॉरिडोर लाइफलाइन जैसा है, जो लोगों को न केवल जाम से मुक्ति दिलाएगा बल्कि उनकी दिनचर्या को भी आसान बनाएगा। जाकिर हुसैन पार्क से लेकर पंडरा ओटीसी ग्राउंड तक एलिवेटेड कॉरिडोर की कुल लंबाई 4 किमी है, जबकि इटकी रोड में पिस्का मोड़ से इसकी लंबाई 600 मीटर है। "पंडरा ओटीसी ग्राउंड से लेकर राजभवन जाकिर हुसैन पार्क तक का सफर अभी करीब 30 मिनट में पूरा होता है।

शेष पेज 11 पर

### कार्यक्रम स्थल का जायजा



रातू रोड एलिवेटेड कोरिडोर उद्घाटन के लिए तैयार हो रहे कार्यक्रम स्थल ओटीसी ग्राउंड में तैयारी का जायजा लेते केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, श्री सेठ नें वहां मौजूद लोगों को संबंधित अवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर उद्घाटन की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**रांची।** प्रस्तावित रातू रोड एलिवेटेड फ्लाईओवर का उद्घाटन गुरुवार को किया जाएगा। इसकी तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध और समन्वित कार्यान्वयन के लिए स्पष्ट निर्देश दिए हैं। बैठक में डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया, ग्रामीण प्रवीण पुष्कर एवं शहर अजित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी राजेश्वरनाथ आलोक, पुलिस अधीक्षक यातायात संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं

शेष पेज 11 पर

### यातायात के सुगम संचालन व प्रबंधन करने का निर्देश

उपायुक्त द्वारा उद्घाटन समारोह के दौरान रातू रोड और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का सुगम संचालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और यातायात विभाग को निर्देश दिए गए हैं। भीड़ प्रबंधन, वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था, और वाहनों की पार्किंग के लिए उचित प्रबंध करने को कहा गया है।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश :** उपायुक्त द्वारा समारोह स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। आयोजकों और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने को कहा गया है।

**इंडिया**

## बीएनएस की सफलता के लिए साक्षर नहीं सक्षम ही सिपाही बनें

पिछले एक जुलाई, 2024 को औपनिवेशिक युग के आपराधिक कानूनों को तीन आधुनिक विधियों -भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) में जब बदला गया तो कई सवाल उठे । सरकार का कहना था कि इनका उद्देश्य एक दमनकारी नहीं सुधारात्मक नागरिक-केंद्रित, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-सम्मिलित आपराधिक न्याय प्रणाली का निर्माण करना था। भारतीय न्याय संहिता ने संगठित अपराध, आतंकवाद, और भीड़ हत्या जैसे अपराधों को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया है। हालांकि, कई प्रावधान आईपीसी से मिलते-जुलते हैं, पर यह निरंतरता और परिवर्तन के बीच संतुलन बनाने का एक व्यावहारिक तरीका माना जा रहा है।भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ने प्रक्रिया संबंधी कानून में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। अब नागरिक जीरो एफआईआर और ई-एफआईआर दर्ज कर सकते हैं तथा केस फाइलें और चार्जशीट डिजिटल रूप में तैयार की जा रही हैं। जांच अधिकारियों को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि वे घटनास्थल से तुरंत साक्ष्य एकत्र और अपलोड कर सकें। उत्तर प्रदेश इस दिशा में अग्रणी राज्यों में से है। राज्य के सभी 75 जिलों में मोबाइल फॉरेंसिक वैन तैनात की गई हैं। ई-प्रॉसिक्यूशन प्रणाली, मालखानों का डिजिटलीकरण और पुलिस थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्षों की स्थापना जैसे उपाय सक्रिय रूप से लागू किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश 'ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल' के उपयोग में अग्रणी राज्य है। झारखंड सहित देश के अनेक राज्यों में बीएनएसएस के अंतर्गत मोबाइल फॉरेंसिक साइंस यूनिट्स का विस्तार प्रमुख सुधार है। साथ ही फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) को उन्नत किया जा रहा है, ताकि वे साइबर अपराध और डीएनए परीक्षण जैसे जटिल मामलों की जांच कर सकें।भारतीय साक्ष्य अधिनियम डिजिटल युग की मांगों के अनुरूप साक्ष्य कानून को अद्यतन करता है। अब ईमेल, मेटा डाटा, सीसीटीवी फुटेज, जीपीएस डाटा और यहां तक कि ब्लॉकचेन रिकॉर्ड को भी कानूनी साक्ष्य के रूप में मान्यता दी गई है। प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए हैश वैल्यू और डिजिटल सिग्नेचर अनिवार्य कर दिए गए हैं। अदालतें अब ई-गवाही व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये विशेषज्ञ साक्ष्य स्वीकार कर सकती हैं। विशेष रूप से 22 राज्य व केंद्रशासित प्रदेशों ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा विकसित ई-साक्ष्य एप को अपनाया है, जिससे डिजिटल साक्ष्य को संग्रहीत और प्रस्तुत करना सरल हो गया है। ये परिवर्तन ई-कोर्ट्स परियोजना की बुनियाद पर निर्मित हुए हैं, जिसके तहत करीब 18,000 अदालतों का डिजिटलीकरण किया गया है।सुधारों की दिशा में ठोस प्रगति हुई है, पर कुछ चुनौतियां भी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल बुनियादी ढांचे की कमी और इंटरनेट कनेक्टिविटी की असमानता कई बार बाधा बनती है। फॉरेंसिक प्रयोगशालाएं सीमित हैं और अदालतों तथा पुलिस स्टेशनों में कर्मचारियों की कमी भी एक गंभीर विषय है।







एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 2021 से 2022 के बीच साइबर अपराधों में 24.4 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो उच्च तकनीकी अपराधों से निपटने के लिए संसाधनों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता को दर्शाता है। बीएनएसएस के अंतर्गत गवाह संरक्षण नियमों को राज्य स्तर पर तैयार किया जाना चाहिए, जिसमें पहचान छिपाने, स्थानांतरण और वीडियो गवाही की सुरक्षित व्यवस्था हो। प्रत्येक जिले में फॉरेंसिक सुविधा के लिए मोबाइल और स्थायी, दोनों प्रकार की प्रयोगशालाएं स्थापित की जानी चाहिए। साथ ही, एक राष्ट्रीय डिजिटल अनुपालन डैशबोर्ड बनाया जा सकता है, जो एफआईआर, जांच की प्रगति व रिमांड की प्रक्रिया पर निगरानी रखे। अंततः विधिक साक्षरता अभियान हो, जो नागरिकों का इसके बारे में जागरूक करे। भारत के नए आपराधिक कानून एक सकारात्मक और सुविचारित बदलाव का प्रतीक हैं। प्रौद्योगिकी का समावेश, प्रक्रियात्मक सुधार और नागरिक अधिकारों पर केंद्रित दृष्टिकोण इस परिवर्तन को व्यावहारिक बनाते हैं। पहले वर्ष में एक मजबूत आधार स्थापित हो चुका है; अब जरूरत इन्हें और मजबूती से आगे बढ़ाने की है। यदि यह यात्रा प्रशिक्षण, निवेश और नीति समर्थन से सशक्त की जाए, तो भारत की न्याय प्रणाली वास्तव में अधिक तेज, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बन सकती है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने नए आपराधिक कानूनों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने से न्यायाधीशों, वकीलों और पुलिस के बीच न्याय प्रशासन में केवल भ्रम की स्थिति पैदा हुई है। जबकि गृह मंत्री अमित शाह ने नए आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर कहा था कि नए आपराधिक कानूनों से न्यायिक प्रक्रिया न केवल सस्ती और सुलभ होगी, बल्कि सरल, समयबद्ध और पारदर्शी भी होगी। नए कानून में 90 दिन में जांच, चार्जशीट और फैसले की समयसीमा तय की गई है, जिससे लोगों में 'एफआईआर से तुरंत न्याय' मिलेगा, ऐसा विश्वास बढ़ेगा। गृह मंत्री ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए अलग अध्याय बनाया गया है और आतंकवाद व संगठित अपराध पर सख्त सजा का प्रावधान है। नए कानून का 14.80 लाख पुलिसकर्मियों, 42 हजार जेल कर्मियों और 19 हजार जजों को प्रशिक्षण दिया गया।झारखंड में आवश्यकता इस बात की भी है कि साक्षर सिपाही के बजाय साइबर ज्ञानी सिपाहियों की बहाली की जाए और पारदर्शिता के साथ समयबद्धता अनिवार्य किया जाए।

### मुख्य सचिव ने की श्रावणी मेला की समीक्षा, कहा

## श्रावणी मेला में भीड़ नियंत्रण की पुख्ता व्यवस्था बनाएं



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजकीय श्रावणी मेला 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। यह 9 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान लगभग 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के बाबा नगरी और बाबा बासुकी नाथ धाम आने की संभावना है। श्रद्धालु बाबा धाम से सुखद अनुभव लेकर लौटें, इसकी तैयारियां विभिन्न स्तरों पर व्यापक तरीके से चल रही हैं। बुधवार को मुख्य सचिव अलका तिवारी ने तैयारियों को लेकर सभी संबंधित विभागों के प्रमुख और देवघर तथा दुमका के उपायुक्त, एसपी व अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा की। इस दौरान ठोस निर्णय लिए गए और उसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेही तय की गई। मुख्य सचिव का फोकस लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा पर थी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था पुख्ता बनायें। आपात स्थिति से निपटने के लिए जो जहां तैनात हों, वे प्रशिक्षित, जवाबदेह और संवेदनशील हों।

**भगदड़ की स्थिति नहीं बने, इसके लिए तय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें :** मुख्य सचिव ने कहा कि भगदड़ की स्थित नहीं बने, इसके लिए तय मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करें। श्रद्धालु एक जगह अधिक संख्या में इकट्ठे नहीं हों

शेष पेज 11 पर








● उद्घाटन के लिए सज धज कर तैयार है रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर

नितिन गडकरी को मिस्टर परफेक्टनिस्ट कहा जाता है, इसीलिए तैयारी में कोई कमी ना रह जाए देर रात तक एनएचएआई के कर्मचारी रातू रोड में काम करते रहे।

# नेत्रहीन नाबालिग से पिता और भाईयों ने किया दुष्कर्म

## मां बनी रही मूकदर्शक



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रिश्तों को शर्मसार और हैवानियत की हद पार करने वाला एक मामला सामने आया है। बरियातू इलाके में रिश्तों को तार-तार कर पिता और दो भाईयों ने नाबालिग नेत्रहीन के साथ तीन सालों तक दुष्कर्म किया। शर्म की बात ये है कि इस दौरान मां ने भी बेटी की जगह पति और बेटों का साथ दिया और बेटी का गर्भपात कराया। जानकारी मिलने के बाद बरियातू पुलिस तुरंत एक्शन में आई और पिता के साथ एक भाई और मां को गिरफ्तार किया। दूसरा भाई राज्य के बाहर है, और वो फरार हो गया है। पुलिस इसको भी गिरफ्तार करने की कारवाई में लग गई है। इस घिनौनी मामले में नाबालिग का साथ उसके पड़ोस के एक व्यक्ति ने दी।

नाबालिग ने तीन वर्षो तक कैसे उसके साथ दुष्कर्म हुआ और मां मूकदर्शक बनी रही ये बातें उसने अपनी पड़ोसी को बताई तब जाकर मामला सामने आया। मामले की शिकायत मिलने के बाद बरियातू पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की।

जांच में पीड़िता के आरोपों की पुष्टि हुई। रांची के एसएसपी ने बताया कि जांच के दौरान यह भी पता चला कि नाबालिग का गर्भपात कराया गया था, जिसमें उसकी मां की संलिप्तता थी। पुलिस ने पीड़िता के पिता, एक भाई और मां को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा भाई, जो राज्य से बाहर है उसकी तलाश जारी है। एसएसपी ने बताया कि अन्य कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं।

## मुहर्रम को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट मोड में, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीजीपी ने दिए सख्त निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुहर्रम के मद्देनजर झारखंड पुलिस पूरी तरह सतर्क है और राज्यभर में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय तैयारियां की जा रही हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर सभी जिलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मुहर्रम के जुलूसों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**डीजे पर पूरी तरह बैन :** पुलिस ने साफ कर दिया है कि मुहर्रम के जुलूस में डीजे बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति या समूह डीजे का इस्तेमाल करता पाया गया, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी जिलों के एसपी को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि आदेश का सख्ती से पालन हो।

**हाई लेवल मीटिंग में तय हुए सुरक्षा उपाय :** राज्य के पुलिस मुख्यालय में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में डीजीपी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी रेंज के आईजी, डीआईजी और जिले के एसपी से बातचीत की। इस दौरान मुहर्रम के जुलूसों और त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई अहम बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्देश दिए गए।

**एसपी की जिम्मेदारी तय :** राज्य पुलिस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यदि मुहर्रम के दौरान कहीं पर भी कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है, तो उस जिले के एसपी को इसके लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार माना जाएगा।

### डीजीपी ने कहा - शांतिपूर्ण आयोजन सर्वोपरि

राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना है कि मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है और सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।" मुहर्रम को लेकर प्रशासन की यह तैयारी राज्य में शांति और सौहार्द बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा है। पुलिस द्वारा समय रहते उठाए गए ये कदम किसी भी संभावित तनाव या विवाद की स्थिति को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं।

# युवा आजसू ने राज्यपाल गंगवार से की मुलाकात झारखंड की शिक्षा व्यवस्था से कराया अवगत

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** युवा आजसू के प्रदेश संयोजक अजीत कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात किया। वहीं झारखंड में शिक्षा व्यवस्था और विशेष रूप से खुला विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर ध्यान आकृष्ट कराया। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल के समक्ष कई मांगें रखी। इसमें रांची विश्वविद्यालय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कुलपति की नियुक्ति शीघ्र की जाए। राज्य के चार विश्वविद्यालयों में प्रो-वीसी (प्रो-वाइस चांसलर) की नियुक्ति अविलंब की जाए। सभी विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने हेतु कुलपतियों को निर्देशित किया जाए। सभी छात्रों के लिए सामूहिक बीमा योजना शुरू की जाए। राज्य के सभी कॉलेजों में बस सेवा आरंभ की जाए। छात्र संख्या के अनुपात में शिक्षकों की भारी कमी को अविलंब दूर किया जाए। रांची विश्वविद्यालय का नाम डॉ. रामदयाल मुंडा विश्वविद्यालय किया जाए तथा इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए भारत सरकार से अनुशंसा की जाए। खुला विश्वविद्यालय के लिए स्थायी भवन का निर्माण कराया जाए।खुला विश्वविद्यालय में 2 करोड़ की लागत से डिजिटल स्टूडियो का निर्माण बिना टेंडर के किया जा रहा है, जिसकी जांच कराई जाए।

विश्वविद्यालय में किताबों की खरीद में करोड़ों रुपये की अनियमितता की गई है। ब्लैकलिस्टेड कंपनियों को जेम पोर्टल के माध्यम से टेंडर दिए जा रहे हैं। खुला विश्वविद्यालय का वर्षवार लेखा-जोखा सार्वजनिक किया जाए आदि मांगे शामिल है। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक चेतन प्रकाश, उज्ज्वल महतो, दीपक महतो, आलिया सिंह, मनीष कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान का नाम बदला

नवीन मेल संवाददाता



● सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान के नाम से जाना जाएगा

**रांची।** राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का आधिकारिक तौर पर नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। यह कदम संस्थान की उभरती भूमिका और देश भर में महिलाओं व बच्चों के विकास के लिए क्षेत्र-विशिष्ट, मिशन-संचालित मदद पर अधिक ध्यान केंद्रित करने को दर्शाता है। यह परिवर्तन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के दूरदर्शी नेतृत्व में हुआ है।

4 जुलाई को रांची में एक नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया जाएगा। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को श्रद्धांजलि है और महिला एवं बाल-केंद्रित विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

नए क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि रांची में नए क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन पूर्वी क्षेत्र में विकेंद्रीकृत, क्षेत्र-विशिष्ट क्षमता निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह केंद्र न केवल हमारे अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण और सहायता तक बेहतर पहुंच प्रदान करके सशक्त करेगा, बल्कि जमीनी स्तर पर हमारे प्रमुख मिशनों को भी मजबूत करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में कोई भी महिला या बच्चा पीछे न छूटे।

# मेडिकल सहायता केंद्र का उद्घाटन रक्षा राज्य मंत्री ने किया



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में अब यात्रियों को आपात स्थिति में मेडिकल सहायता मिल सकेगी। आज क्यूरस्टा हॉस्पिटल समूह द्वारा संचालित किए जाने वाले इस मेडिकल सहायता केंद्र का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। रांची एयरपोर्ट पर सुबह से लेकर देर रात तक डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की टीम मौजूद रहेगी। किसी भी यात्री को आपात स्थिति में चिकित्सा सहायता की जरूरत पड़ने पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। रांची एयरपोर्ट पर इस सुविधा का आरंभ होना, यहां प्रतिदिन आवाजाही करने वाले हजारों यात्रियों के लिए अच्छी पहल है। इस अवसर पर एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्या, मनोज सिंह, डॉ संजय कुमार, डॉ मेजर रमेश दास, डॉ सुचिता, डॉ अनुज सहित सभी मेडिकल स्टाफ और एयरपोर्ट के अधिकारी मौजूद रहे।

**सियासत** संथाल परगना पर भाजपा और झामुमो आमने-सामने

# संथाल परगना को बंगाल बनाना चाहता है झामुमो : आदित्य साहू

- अपनी खिसकती जमीन पार्टी के खिलाफ बढ़ते आक्रोश से हताश और निराश है झामुमो
- सत्तामद में शहीद सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू भी झामुमो को प्यादा दिखते हैं
- झामुमो बताए ...गाय बथान, गोपीनाथपुर का प्रोड्यूसर ,डायरेक्टर कौन है?

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

श्री साहू ने कहा कि झामुमो पूरे संथाल परगना को पश्चिम बंगाल की तरह तुष्टीकरण में बर्बाद करना चाहती है। आज संथाल समाज झामुमो के चाल चरित्र को समझ चुका है। अपनी खिसकती जमीन और राज्य सरकार सके खिलाफ बढ़ते आक्रोश से झामुमो हताश और निराश है। कहा कि जिन शहीदों के नाम पर राजकीय महोत्सव की बात झामुमो कर रही क्या उसमें शहीद के वंशज का कोई सम्मान नहीं होना चाहिए। क्या शहीद के वंशज अपने पूर्वज की पूजा नहीं कर सकते।

कहा कि ये कैसी तानाशाही चला रही हेमंत सरकार जिसमें शहीदों के वंशजों पर लाठियां बरसाई जाए, आंसू गैस के गोले छोड़े जाएं। कहा कि झामुमो अपने कु कृत्यों के बदले माफी न मांग कर उल्टे घटना को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। कहा कि झामुमो सत्ता मद में डूब चुकी है। मानसिक दिवालिया पन ऐसा कि उसे सिदो कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू प्यादा दिखाई देने लगे। कहा कि झामुमो बताए रामेश्वर मुर्मू कि हत्या के प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन है,कि गोपीनाथ पुर, गाय बथान में आदिवासी परिवारों के साथ घटी घटना के प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन हैं? बांग्लादेशी रोहिंग्या घुसपैठियों के हाथों आदिवासी समाज की छिनती जमीन का प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन है?

**कहा कि बढ़ते लव जिहाद,लैंड जिहाद का प्रोड्यूसर डायरेक्टर कौन है?**

कहा कि झामुमो बताए किसके संरक्षण में घुसपैठियों के आधार कार्ड,राशन कार्ड,वोटर कार्ड धड़ल्ले से बनाए जा रहे। कहा कि बंगाल में झामुमो को हूल दिवस मनाने की स्वीकृति ममता बनर्जी सरकार द्वारा नहीं दिए जाने की बात बड़े गर्व से प्रेसवार्ता में बताने वाले झामुमो नेता बताएं कि वे झारखंड को अपमानित होते क्यों देखते रहे,क्यों उनकी हिम्मत ममता बनर्जी के खिलाफ बोलने की नहीं हुई? कहा कि झारखंड का गठन भाजपा की कोख से हुआ है। भाजपा झारखंड को बर्बाद होते नहीं देख सकती। कहा कि भाजपा हेमंत सरकार के खिलाफ उठे जनाक्रोश को दिशा देगी। संथाल परगना झामुमो की जागीर नहीं है।

### संथाल को मणिपुर बनने नहीं देंगे : सुप्रियो भट्टाचार्य



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि भोगनाडीह की घटना को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि भाजपा संथाल परगना को मणिपुर की तरह दंगाग्रस्त बनाना चाहती है। बुधवार को पार्टी के हरमू स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में सुप्रियो ने कहा कि भोगनाडीह की घटना अचानक नहीं बल्कि एक पूर्व नियोजित साजिश थी। उन्होंने दावा किया कि इसके पीछे गोड्डा के वर्तमान सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री सहित भाजपा के कई शीर्ष नेता शामिल हैं। उन्होंने इस घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने की मांग की। ताकि, घटना से जुड़े सभी तार सामने आ सकें। भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि कोई राजनीतिक कार्यकर्ता आखिर अवैध हथियार लेकर राजकीय कार्यक्रम में क्यों पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार लोग केवल मोहरे हैं, असली साजिशकर्ता पर्दे के पीछे हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो, झारखंड को मणिपुर नहीं बनने देगी। शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी।

## न्यूज बॉक्स

### विमल लकड़ा के रक्षा राज्यमंत्री ने की भेंट



**रांची।** पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा के सिर में गंभीर चोट आई है। उनका उपचार रांची में ही क्यूरस्टा हॉस्पिटल में चल रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ अस्पताल जाकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लिया। चिकित्सकों से मिलकर इनके बेहतर इलाज के लिए कहा। अभी उनकी स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है।

### मोबाइल को लेकर हुए विवाद में पत्थर से मारकर मौसा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** जिले के इटकी थाना क्षेत्र के पलमा गांव निवासी उत्तम मलार की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस के अनुसार, उत्तम मलार की हत्या उसके साढ़ू के पुत्र दीपक मलार ने की थी। पुलिस ने मंगलवार को पिस्कानगड़ी थाना क्षेत्र के डोमटोली निवासी दीपक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना 27 जून की रात लगभग साढ़े सात बजे की है। मामूली विवाद के बाद दीपक ने उत्तम के सिर पर सिलवट से वार कर हत्या कर दी और चुपचाप फरार हो गया। हत्या के बाद पुलिस ने विशेष टीम गठित की और गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दीपक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दीपक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर का सिलवट और एक टूटा मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ में दीपक ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। छापेमारी टीम में डीएसपी अशोक कुमार राम, थाना प्रभारी मनीष कुमार, उत्तम कुमार उपाध्याय, देव प्रताप प्रधान, सुमित कुमार, विवेक कुमार दूबे, सुनील मुर्मू, किरण बारला समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

**मोबाइल नहीं देने को लेकर दोनों के बीच हुई थी बहस :** एसएसपी ने प्रेसवार्ता में बताया कि घटनावाली रात उत्तम मलार नशे की हालत में था और उसने अपने परिवार और बच्चों को मारपीट कर घर से भगा दिया था। इसी दौरान दीपक मलार अपना मोबाइल चार्ज में लगाने के लिए मौसा उत्तम मलार के घर आया था। जब वह मोबाइल लेने पहुंचा, तो उत्तम उससे मोबाइल छीनने लगा। इस पर दोनों के बीच बहस हो गई जो मारपीट में बदल गई। गुस्से में दीपक ने घर के बाहर रखे पत्थर के सिलवट से उत्तम के सिर पर वार कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर बेड़ो सीएचसी पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रांची रेलवे स्टेशन पर विस्फोटक पदार्थों की जांच के लिए चला अभियान



**रांची।** आरपीएफ पोस्ट रांची द्वारा आरपीएफ डीएससी पवन कुमार के निर्देशानुसार रांची रेलवे स्टेशन पर विस्फोटक पदार्थों की जांच तथा विध्वंस विरोधी उपायों के अंतर्गत एक विशेष सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म पर यात्रियों के सामान, बैग, स्टेशन परिसर में स्थित कूड़ेदान, मुख्य प्रवेश द्वार, स्टेशन के आगमन क्षेत्र, पार्किंग में खड़े सभी वाहनों तथा ट्रेनों का विधिवत निरीक्षण किया गया। इस अभियान का उद्देश्य रेलवे स्टेशन एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु अथवा विस्फोटक सामग्री बरामद नहीं हुई। रेल प्रशासन यात्रियों की सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर है तथा ऐसे सघन जाँच अभियान भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेंगे।

### पंडरा ओपी में हुई शांति समिति की बैठक



**रांची।** मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से बुधवार को थाना पंडरा ओपी में शांति समिति की बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता थाना पंडरा ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने की। सबके सहयोग से शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में कुमुद झा, रूपक कुमार, शंकर कुमार साहू, रवीन्द्र कुमार शर्मा, तारीफ अहमद, एमडी सलाउद्दीन, लालू खलखों, अलाउदद्दीन खान आदि उपस्थित थे।

### एटीएम कार्ड बदल कर खाते से उड़ा लिए 72 हजार, केस दर्ज



**रांची।** हटिया निवासी अभिषेक कुमार का एटीएम कार्ड बदलकर उनके खाते से 72 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इस संबंध में अभिषेक कुमार ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अभिषेक कुमार ने पुलिस को बताया कि 28 जून को वह बिरसा चौक स्थित एक एटीएम में पैसा निकासी के लिए गया था। एटीएम से दस हजार की निकासी भी की। इसी दौरान दो युवक एटीएम में घुसे और कहा कि दस हजार से ज्यादा पैसे की निकासी नहीं होगी। इसका मिनी स्टेमेंट भी निकाल लें। मिनी स्टेटमेंट निकालने के दौरान आरोपियों ने उनका पिन नंबर देख लिया। बातों में उलझाकर आरोपियों ने उनका एटीएम कार्ड बदल दिया। 30 जून को उन्हें पता चला कि उनके खाते से 72 हजार रुपए की अवैध निकासी कर ली गई है। इसके बाद वह थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### नियोजन नीति को लेकर बिहार के छात्रों की मांग जायज : राजेन्द्र प्रसाद



**रांची।** बिहार में नियोजन नीति को लेकर छात्रों के मांगों का मूलवासी सदान के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने समर्थन किया है। प्रसाद ने बताया कि संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 के तहत थर्ड और फोर्थ ग्रेड की सरकारी नौकरी बिहार के छात्रों के लिए बिहार सरकार सुनिश्चित कर सकती है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि तृतीय और चतुर्वेदी की नौकरी भी स्थानीय लोगों को नहीं दिया जाएगा तो राज्य के लोग कहां जायेंगें। प्रसाद ने कहा कि तृतीय और चतुर्थ वर्गों की नौकरी राज्य के लोगों को मिलना ही चाहिए।



## दलालों ने नदी-नाले का अतिक्रमण कर जमीनें बेची

# भोले-भाले लोग समझ रहे अतिक्रमण की जमीन को रैयती

पंडरा पुल के नदी से सटे कच्चे मकान

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** राजधानी में तेजी से बढ़ती हुई व्यवसाय है जमीन की दलाली करना। जाने कितने बेरोजगार इसमें रोजगार ढूंढ लिए है, बात सबकी नहीं लेकिन उनलोगों की है जो गैरमजरूआ जमीन, नदी-नालों की जमीन को नकली कागजात बनवाकर उसे वैध बताकर भोले-भाले लोगों को अपना शिकार बनाते हैं, जमीनें बेचते हैं। यहां तक की उन जमीनों को खतियानी रैयत बताने से भी नहीं चूकते। पुल से स्पष्ट दिखाई देता है कि नदी नाले के ठीक किनारे उनके घर, कच्चे मकान बने हैं जो ग्रीन लैंड में आता है । वहीं खरीददार बेचारे समझते हैं कि हीरा पायो गांठ गठियाओ, राजधानी में बस गए अब सब ठीक है। अतिक्रमण और दलाली की दास्तान का एक नमूना पंडरा पुल के पास देखने को मिला है जहां पुल से देखने पर स्पष्ट तौर पर नदी के किनारे घर बना है, जिसमें एक परिवार पिछले छह साल से रह रहा है। परिवार के मुखिया कुली का काम करते हैं वे बताते हैं कि बरसात में उनके घर में पानी घुस जाता है। घुटने तक की पानी में तब तक रहना होता है जबतक पानी निकल न जाए। भोले-भाले लोग अतिक्रमण की जमीन को रैयती समझ रहे हैं उन्हें यह पता नहीं है कि दलालों के झांसे में आकर अपने और अपने परिवार के जीवन को संकट में डाल रखे हैं कभी भी बरसात में उनके घर बह सकते हैं। पंडरा पुल में नदी से सटे एक छोटा सा घर है जिसके दीवारों पर गरीबी के कारण प्लास्टर तक नहीं हुए हैं लेकिन जान -जोखिम में डालकर नदी-नाले के कनारे रह रहें है। नदी-नाले के अतिक्रमण पर बने मकान कभी भी हो सकते हैं वीरान उन्हें इस बात का अंदेशा तक नहीं कि उनका घर ग्रीन लैंड में है जो अतिक्रमण के दायरे में आता है। यह भोला-भाला व्यक्ति केवल यही जानता है कि खतियानी जमीन है और यह उसमें रह रहे हैं। आइए जानते हैं कि वे क्या सोचते हैं।

### ● दलालों के झांसे में जीवन को डाल रखे हैं संकट में

### खतियानी जमीन में रहते हैं

पंडरा पुल नदी के ठीक सटे बनाए अपने कच्चे मकान के बारे में बताते और कुछ छिपाते हुए कुली प्रताप कुमार (बदला नाम) बताते हैं कि उनके रिश्तेदार ने उन्हें जमीन दिलाई और वे पिछले छह साल से अपने परिवार के साथ रहते आ रहे हैं। भारी बारिश में उनके घरों में पानी घुस जाता है और घुटने तक पानी जमा रहता है। मगर उन्हें इस बात का संतोष है कि रांची में रहते हैं, उनका अपना घर है। राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार-पत्र के संवददाता के यह पूछे जाने पर कि आप जिस जमीन पर रहते हैं उसकी कोई जानकारी है तो उन्होंने कहा कि खतियानी जमीन में रहते है। रहते आ रहे हैं किसी ने कुछ कहा नहीं तो सब ठीक है।

## रांची नगर निगम ने छात्रों के बीच किया पौधा का वितरण

**रांची।** रांची नगर निगम ने कांके रोड वार्ड 01 स्थित बिरसा उच्च विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों के बीच 100 फलदार पौधों का वितरण किया। साथ ही रिलेशनस कि ओर से मिशन लाईफ के तहत पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र- छात्राओ को संस्था कि ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्त्व पूर्ण जानकारियां भी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू, सौरभ केशरी सहायक अभियंता स्कूल कि प्राचार्या सुषमा तिवारी रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, टीम ग्रीन के शुभम चौधरी , रांची नगर

## राष्ट्रीय कलाकार संघ दिल्ली की अध्यक्ष बनी आभा भारती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सज्जन की बेटी आभा भारती को राष्ट्रीय कलाकार संघ ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। आभा भारती अंग्रेजी एवं फाइन आर्ट्स में स्नातकोत्तर हैं। बिहार सरकार से पंजीकृत शाकुंतलम कला संस्कृति मंच की संयोजक भी हैं। कोरोना काल के दौरान आभा भारती ने अंतरराष्ट्रीय कला चित्रांकन अभियान और फाइन आर्ट्स समूह के संयोजन में उल्लेखनीय भूमिका निभाई, जिसने देश-विदेश के अनेक कलाकारों को एक मंच पर जोड़ा। आभा भारती की कला प्रदर्शनी अब तक मुजफ्फरपुर, पटना, और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में आयोजित हो चुकी है, जहाँ आपकी प्रतिभा को व्यापक सराहना मिली है। आभा भारती को राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय अनेक सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में आभा भारती दिल्ली के उत्तम नगर, राजापुरी स्थित अपने मंच "भारती एकाडमी"के माध्यम से कला प्रेमी छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण दे रही हैं और नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना का संचार कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर साहित्य एवं कला जगत में हर्ष की लहर है।

## रांची नगर निगम ने आईएलएस विभाग पौधा वितरण किया

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में रांची नगर निगम के सहयोग से विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन द्वारा छात्र छात्राओं के बीच सैकड़ों पौधा का वितरण किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने की। यह कार्यक्रम में रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू, सौरभ केशरी सहायक अभियंता आई के अगुवाई समेत कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची नगर निगम के सुपरवाइजर हॉटी कल्चर राज कुमार,सुधाकर यादव, रौशन कुमार,के अलावे स्कूल के वरीय शिक्षक परितोष चौधरी,स्वाति भारती समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सरला बिरला स्कूल की इनवेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इनवेस्टिचर सेरेमनी आयोजित की गई। यह एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसमें शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए नव-निर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल का औपचारिक रूप से गठन किया गया। यह आयोजन लीडरशिप, जिम्मेदारी और स्कूल द्वारा संजोए गए मूल्यों का उत्सव था। समारोह की शुरुआत नव-निर्वाचित काउंसिल मेंबर्स के मार्च पास्ट से हुई, जिसमें यूनिटी और टीमवर्क की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों को उनका पद प्रदान करना और शपथ ग्रहण करना था, जिसमें हेड बॉय, हेड गर्ल और अन्य सेक्रेटरीज को स्कूल की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर द्वारा बैज और सैश प्रदान किए गए। नव-नियुक्त लीडर्स ने ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने और विद्यालय के आदर्शों को बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने कहा कि इनवेस्टिचर सेरेमनी केवल एक ट्रेडिशन नहीं, बल्कि यह सभी स्टूडेंट लीडर्स को यह याद दिलाने का अवसर है कि सच्चा लीडरशिप सेवा, कमिटमेंट और समानुभूति से परिभाषित होता है।

### आज / कल




# खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार हुआ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बुधवार को अलग ही वातावरण था। केसर और चंदन की खुशबू से मंदिर परिसर महक रहा था। बाबा श्याम का भव्य केसर चंदन तिलक श्रृंगार मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में किया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुले तब नियमित भक्तों ने अपने आराध्य देव का दर्शन किया। 5:30 बजे की आरती में भक्तों ने अपने आराध्य के आगे अर्जी लगाई । प्रातः कालीन प्रथम श्रृंगार में बाबा ने अपने प्रेमियों को श्यामल रूप में दर्शन दिया। इसके बाद श्रृंगार आरती में भक्त भाव विभोर होकर अपनी मनोहर अर्जी लगाई। श्रृंगार आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान था। विश्राम आरती के बाद पट लगा दिए गए । दोपहर के विश्राम के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने मंदिर के आचार्य के साथ बाबा श्याम का अनुपम केशर चंदन तिलक श्रृंगार किया। श्याम बाबा को नवीन पोशाक बागा पहनाया गया । गुलाब के रूह से मसाज कर कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसी गेंदा मॉर्गन आदि अनेक फूलों की मोटी मोटी मालाओं से सजाया गया। पंचमेवा का भोग लगाया गया तत्पश्चात भक्तों के बीच इसका वितरण किया गया। नवीन पोशाक एवं तिलक श्रृंगार में बाबा अद्भुत रूप में नजर आए। 4:30 बजे के बाद भक्तों ने अपने बाबा के अनुपम दर्शन किए। मयंक अग्रवाल के द्वारा नवीन पोशाक बागा की सेवा निवेदित की गई थी । दर्शन के उपरांत सभी भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आज के ग्वाल आरती में बड़े पैमाने पर भक्तों ने दरबार में हाजिरी लगाई ।

# गोंदा में पारंपरिक रूप से की गई आषाढ़ी पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सदियों से चली आ रही परंपरा के तहत बुधवार को कांके के मिसिर गोंदा में बिरसा विकास जन कल्याण समिति के तत्वधान में अषाढ़ी पूजा की गई।पूजा में मौजा के पाहन बिरसा मुंडा एवं बुद्धिजीवी चिल्गु उरांव के नेतृत्व में कई महिला पुरुष जमा हुए। मौजा के लोगों ने पारंपरिक परिधान में महिलाएं सिर पर लोटा में पानी भरकर मड़ई, बुढ़वा महादेव एवं सरना अखड़ा स्थल में संयुक्त से पूजा स्थल पहुंचे। जहां विधिविधान के साथ देवी मड़ई में पूजा की गई। इसके तहत रीति रिवाज के साथ बकरा एवं रंगवा चरका मुर्गा की बलि दिया गया। इस दौरान अच्छी बारिश की कामना की गई। इस अवसर पर मौजा के पाहन बिरसा मुंडा एवं बुद्धिजीवी चिल्गु उरांव ने कहा कि आषाढ़ी पूजा आदिवासियों के जीवन मे बहुत महत्वपूर्ण अंग है।पुरा जीवन कृषि पर निर्भर है, गाँव मे अच्छी बारिश , गाँव के खुशहाली, सुख-शान्ति, दुख -रोग से निरोग , समृद्धि की कामना, सामुहिक एकरूपता के साथ देवी मड़ई से मन्नत मांगा। वहीं समिति के अध्यक्ष अनिल उराँव ने कहा कि आदिवासी समाज मे आषाढ़ी पूजा की परंपरा सदियों से चली आ रही जो कि और यह पूजा आज भी आदिवासी समाज में पूरे विधिविधान, पूजा पद्धति, परंपरागत एवं हर्षोल्लास के साथ आषाढ़ माह चढ़ने के बाद पूरे राज्य में यह पूजा मनाया जाता है। इस पूजा में उन्नत कृषि के संरक्षण संवर्धन, समयानुकूल पर्याप्त बारिश और फसलों के रोग विध्न आदि निवारण के लिए किया जाता है। पूजा में मुख्य रूप महादेव उराँव, जग्गनाथ उरांव , सोनू खलखो , कृष्णा उराँव , विशाल लिंडा , विनय उराँव , विक्की बांडो , अमित लिंडा , शांति उराँव , पुतल उराँव , , प्यारी बांडो , पूनम उराँव , दोंका उराँव , पूनम बांडो सहित गाँव के लोग उपस्थित थे ।

# जगन्नाथपुर मेला देखने जा रहे परिवार को ट्रक ने कुचला, दो मासूम व मां की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



नगड़ी थाना क्षेत्र में एक भयावह सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक मां और उनके दो मासूम बच्चे शामिल हैं। यह घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के नारो बाजार के पास हुई। जानकारी के अनुसार, परिवार सदस्य एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर रथ मेला देखने जा रहे थे। नारो बाजार के पास अचानक उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। उसी समय पीछे से आ रहे एक मालवाहक ट्रक ने सभी को रौंद दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। नगड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर रिम्स भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल तीनों लोगों को भी तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड के पास सड़क पर टायर जलाकर सड़क को जाम कर दिया।

### वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत ग्रामीणों ने किया रोड जाम

**रातू।** थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित सिमलिया हाजी चौक पर एक सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला सड़क पार कर रही थी तभी एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने उसे कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों की मांग थी कि आरोपी वाहन चालक को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### झारखंड शराब घोटाला: एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# प्रिज्म होलोग्राफी के एमडी विधु गुप्ता गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में 70 करोड़ से अधिक के शराब घोटाला मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को एसीबी की टीम ने प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) विधु गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है। विधु गुप्ता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के रहने वाले हैं। एसीबी ने विधु गुप्ता को 20 मई को दर्ज हुए कांड संख्या 09/25 के तहत गिरफ्तार किया है। यह शराब घोटाले में एसीबी द्वारा की गई आठवीं गिरफ्तारी है।

### छत्तीसगढ़ घोटाले की तर्ज पर हुआ झारखंड में भी खेल

इस घोटाले की जड़ें छत्तीसगढ़ में हुए इसी तरह के घोटाले से जुड़ी हुई है। गिरफ्तार कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया ने ही प्रिज्म होलोग्राफी और उसके निदेशक विधु गुप्ता को झारखंड में "अवैध जनशक्ति मॉडल" के सक्रिय संचालक के रूप में पेश किया था। इस घोटाले में आबकारी लाइसेंस धारकों और झारखंड स्टेट बेवरेजेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की निविदाओं के लिए विधु गुप्ता की एजेंसी के माध्यम से फर्जी जनशक्ति की लगातार तैनाती की गई। सार्वजनिक धन का गबन करने के लिए फर्जी दस्तावेजों और बढ़ाए गए वेतन दावों का भी इस्तेमाल किया गया। जांच में यह भी सामने आया है कि विधु गुप्ता के नियंत्रण में ठेकेदारों, आबकारी अधिकारियों और जनशक्ति एजेंसियों को शामिल करते हुए विभिन्न राज्यों में एक संरचित नेटवर्क काम कर रहा था। यह गिरफ्तारी झारखंड शराब घोटाले की जांच में एक महत्वपूर्ण मोड़ मानी जा रही है। आने वाले दिनों में और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

### जेएसएससी ने हाईकोर्ट को बताया

# सितंबर 2025 तक पूरी कर ली जाएगी शिक्षक नियुक्ति की प्रक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**


● 11,000 इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालयों के लिए की जा रही है

झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी को 26,001 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया सितंबर 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। बुधवार को चीफ जस्टिस की बेंच में हुई सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से शपथपत्र दायर कर यह बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया चार श्रेणियों में की जा रही है। गणित एवं विज्ञान (5,008 पद), सामाजिक विज्ञान (5,002 पद), भाषा (4,991 पद) और इंटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक (11,000 पद)। इंटर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति प्राथमिक विद्यालयों के लिए होगी। जुलाई के दूसरे सप्ताह तक गणित और विज्ञान, चौथे सप्ताह तक सामाजिक विज्ञान, अगस्त के तीसरे सप्ताह तक भाषा और सितंबर के अंत तक इंटरमीडिएट शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। जिसके बाद अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 15 सितंबर की तिथि निर्धारित की है। हाईकोर्ट में बुधवार को राज्य सरकार के लिए महाधिवक्ता राजीव रंजन और जेएसएसी के लिए अधिवक्ता संजोय पीपरवाल ने पक्ष रखा।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर का आकस्मिक निधन हो गया है। वह हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में भर्ती थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरत कपूर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। शोकाकुल परिवारजनों को दुख की घड़ी में सहन करने की शक्ति दे।मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को पोस्ट कर लिखा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई भरत कपूर के आकस्मिक निधन का दुःखद समाचार मिला। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री के अलावा कई मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने भी मंत्री योगेंद्र प्रसाद के भाई के निधन पर संवेदना प्रकट की है। मंत्री दीपिका पांडेय ने कहा है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल और शक्ति प्रदान करें।



### मुहर्रम को लेकर खलारी थाना में शांति समिति की बैठक

# जाति-धर्म को लेकर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : डीएसपी

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** बुधवार को खलारी थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक जयदीप टोप्पो ने तथा संचालन अंचला अधिकारी प्रणव अम्बष्ट ने किया। बैठक में मुहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। मुहर्रम के दौरान निकलने वाले जुलूस और मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष चर्चा हुई। खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी ने कहा कि जुलूस और मेले के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे और शरारती तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की नजर रहेगी और जाति-धर्म को लेकर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक में मुहर्रम समितियों ने सड़कों पर नियमित पानी छिड़काव, ग्रामीण इलाकों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, स्ट्रीट लाइट लगाने जैसी समस्याओं को उठाया, जिनके समाधान पर विचार किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ मुहर्रम मनाने का संकल्प लिया। बैठक में अवर निरीक्षक कपिलदेव यादव, पीएचसी खलारी के चिकित्सा पदाधिकारी डा इरशाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, बुकबुका मुखिया पारसनाथ उरांव, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा सहित तनवीर आलम, अफरीदी मलिक, फरीद अंसारी, बबलू अंसारी, अमीर खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बेसहारा व निराश्रृत बच्चों को मिलेगा विधिक अधिकार : राजेश



रांची : मौसीबाड़ी स्लम क्षेत्र तथा जगरनाथपुर मेला क्षेत्र में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिप्टी, श्री राजेश कुमार सिन्हा, पीएलवी पीके उपाध्याय, सम्पा दास, प्रीति पाल, लता कुमारी एवं एनजीओ की ओर से अविनाश कुमार दुबे तथा रीतू खलखो व अन्य उपस्थित थे। एलएडीसी डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा ने नालसा 10 स्कीम के तहत साथी, जागृति, आशा और डॉन स्कीम के बारे में वाहं रह रहे लोगों को जागरूक किया। राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि साथी अभियान माननीय नालसा के द्वारा संचालित किया गया है। इस अभियान के तहत वैसे 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जो बेसहारा है, निराश्रित है, जिनका कोई आश्रय नहीं है, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची चिन्हित कर लाभ पहुंचा रहा है और आगे भी पहुंचायेगा। डॉन अभियान पर फोकस करते हुए कहा कि लोग नशा के चपेट में आने से बचे नशीले पदार्थों के बारे में जानकारी दी तथा इसका व्यापार एक जगह से दूसरे जगह ले जाना, भंडारण करना, बेचना और सेवन करना अपराध है। तथा कानून में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### मोहर्रम को लेकर मांडर थाना में शांति समिति की बैठक



**मांडर।** मांडर थाना परिसर में आगामी 6जुलाई को मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व को लेकर बुधवार को शांति समिति की बैठक अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी चंचला कुमारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोहर्रम के दौरान क्षेत्र में शांति, शौहार्द और भाईचारा क़ायम रखने पर बल दिया गया। मौक़े पर इंस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी,उप प्रमुख अमानत अंसारी, आबिद अंसारी, शमीम अख्तर, नसीम अंसारी,अनूप राम,रामबालक ठाकुर, तबारक खान, फारूक खान, तस्लीम अंसारी, भरत मांझी, जमील अख्तर, रशीद अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों का अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**चान्हो।** बाघवार एकेडमी में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा 29 नवम्बर 2024 को आयोजित की गई थी।इस अवसर पर विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में आस्था कुमारी एवं नायरा अबरार को गोल्ड मेडल ऑफ़ डिस्टिंक्शन तथा परिधि शाहदेव, तनु दूबे को गोल्ड मेडल ऑफ़ एक्सीलेंस प्रदान किया गया। अन्य विद्यार्थियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट दिया गया। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने मेहनत, अनुशासन और लगन से कोई भी मंज़िल हासिल की जा सकती है। ये बच्चे हमारे विद्यालय की शान हैं।

### रुडसेट संस्थान में 38 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की होगी शुरुआत


**सिल्ली।**श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 38 दिवसीय अस्सिटेंट बुक कीपर/कंप्यूटराइज्ड अकाउंटिंग प्रशिक्षण 06072025 से प्रारम्भ होने वाला है।इच्छुक बेरोजगार युवक एंव महिलाएं जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना रोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतःनिःशुल्क होगा। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड इत्यादि कागजात की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7820953480, 9523381187,9308544400 एवं 7370885508 पर संपर्क करें।

### ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन, 30 प्रतिभागियों ने लिया भाग




**सिल्ली।** श्री धर्मस्थल मंजूनाथेवश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में आज 35 दिवसीय जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर लघु उद्यमी ( ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण ) कार्यक्रम का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना है। उद्घाटन सत्र में कुल 35 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया और प्रशिक्षण के प्रति उत्साह दिखाया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक संजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने बताया कि यह प्रशिक्षण 35 दिनों तक चलेगा, जिसमें ब्यूटी पार्लर संचालन, ग्राहक सेवा, सौंदर्य उत्पादों का ज्ञान, और उद्यमिता कौशल पर विशेष प्रशिक्षण एवं ध्यान दिया जाएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन प्रतिभागियों ने बेसिक स्किन केयर और हेयर केयर तकनीकों के बारे में सीखा। सभी प्रतिभागी प्रशिक्षण को लेकर बेहद उत्साहित नजर आए और बताया गया कि प्रशिक्षण के बाद आप अपना स्वयं का स्वरोजगार करे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार , वरिष्ट संकाय जगदीश चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

### सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रितों को कराया गया भोजन



**रांची।** पुंदाग स्थित सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में बुधवार को को पार्थ सारथी के द्वारा आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रितों एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में भोजन बनवाकर खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 17 जून से 2 जुलाई तक 16 दिनों मे 3130 निराश्रितों एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरू कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में- डॉ प्रशांत कुमार, मोहनलाल जिंदल, अगस्त जायसवाल, सीताराम खेतान, दिलीप कुमार गुप्ता, रेणु सिंह, दीपक खेतान,भरत केसरी, मनीष जालान, मीनू पाल, जगदीश शांति देवी,मधु छावनिका,सत्यजीत पटनायक, विजय सहाय, जितेंद्र सिंह, अमृता घोष,सुलेखा प्रसाद साहू के सौजन्य से सभी निराश्रितों को भोजन प्रसादी खिलाकर सेवा की गई। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया।

### बीडीओ किया लापुंग व लालगंज के खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण



लापुंग। लापुंग की प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने प्रखंड के खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान किसानों को सही कीमत पर खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए दुकानदार को दुकान पर बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। साथ ही उनके दुकान में खाद-बीज का स्टॉक पंजी, बिक्री बही, मूल्य तालिका,पॉस मशीन को बेहद जरूरी बताया। बीडीओ उषा मिंज ने आधार के बिना खाद की बिक्री नहीं करने का निर्देश भी दिया। बीडीओ उषा मिंज ने अगले चार दिनों में उपरोक्त सारी प्रक्रिया पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। उषा मिंज ने कहा कि सभी खाद बीज दुकानदार लाइसेंस की कॉपी भी साथ में रखे ताकि कोई भी पदाधिकारी से यथाशीघ्र दुकान की सही जानकारी ले सके। इसी क्रम में शक्ति खाद बीज भंडार, श्रुति खाद बीज , विजय साहू खाद बीज, कुलदीप साहु खाद बीज, पूजा खाद बीज भंडार, लालगंज और लापुंग के कई खाद बीज दुकानों का निरीक्षण किया गया।

### झारखंड की सबसे बड़ी सब्जी मंडी बेड़ो में सड़क की उपेक्षा क्यों

# हजारों ग्रामीण सड़क निर्माण की उपेक्षा का दंश झेलने को हैं विवश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो के ग्रामीणों ने बेडो. की मुख्य पुरानी लेकिन महत्वपूर्ण बारीडीह बाय-पास से केशा मोड़ -जरिया बाय-पास तक छह किलोमीटर लंबी परंतु उपेक्षित सड़क के निर्माण की मांग की है। बेड़ो के लोगों ने सवाल उठाया कि नितिन गडकरी ! झारखंड की सबसे बड़ी सब्जी मंडी बेडो. में सड़क की उपेक्षा क्यों ? हजारों की आबादी वाले बेडो. में सड़क निर्माण क्यों नहीं ? कब बदलेगी यहां के सड़क की सूरत ? आखिर यहां के शहरी क्षेत्र और किसानों की अपेक्षा क्यों हो रही ? रांची गुमला मुख्य मार्ग एन एच 43 के बेडो. में बायपास बनने से पुराना मुख्य सड़क बारीडीह से बेडो. होकर जरिया तक छह किलोमीटर लंबी सड़क जर्जर हो गई है। सबसे महत्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद लेकिन सब्जी मंडी पहुंचने वाली केशा मोड़ जरिया से बेडो. और बारीडीह फोरलेन बायपास से बेडो. तक की सड़क वर्षों से जर्जर पड़ा हुआ है। कभी-कभी मरम्मत के नाम पर गेटस लगा दिया जाता है। खराब सड़क और सड़क पर जल जमाव बेडो. की खूबसूरती को बदरंग सा बना दिया है। एक अच्छी और गुणवत्ता वाली सड़क और सड़क किनारे उच्च स्तरीय नाली एवं खूबसूरत फुटपाथ बेड़ो के लोगों के लिए सपना बन गया है। गुमला को जोड़ने वाली रांची गुमला मुख्य मार्ग में बेड़ो में बाईपास सड़क बन गया लेकिन बाईपास के दोनों छोर से पुरानी सड़क को बदहाली की स्थिति में छोड़ दिया गया जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग कंपनी के द्वारा छह किलोमीटर लंबी बारीडीह बेड़ों होते हुए जरिया बाय-पास तक चकाचक सड़क बनाए जाने की जरूरत थी। बेडो. समाजसेवी और व्यवसायी मोहन सोनी, अंकित सोनी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह, समाजसेवी विश्वनाथ गोप, खद्दी उरांव सहित दर्जनों लोगों ने बारीडीह से जरिया तक पुरानी सड़क को बनाने की मांग केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की है। उन्होंने कहा कि ऐसे महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण से हजारों किसानों और बेड़ो शहरी क्षेत्र के निवासियों में खुशी की लहर दौड़ जाएगी।

### रांची में सीएनजी गैस की भारी कमी : दिनेश सोनी



**रांची।** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि पूर्व में रांची शहर में डीजल और पैट्रोल ऑटो का परिचालन होता था। तब किसी ऑटो चालकों का डीजल की किल्लत या कमी नहीं होती थी। परंतु जब से सीएनजी ऑटो का रजिस्ट्रेशन शहरी क्षेत्र में किया गया है और रांची शहर में सीएनजी ऑटो का गैस भरने के लिए कई जगह पंप में व्यवस्था भी की गई। परंतु अब भी रांची शहर में सीएनजी गैस ऑटो चालक को नहीं मिल रहा है। ऑटो चालकों को 4 घंटा 6 घंटा 8 घंटा तक लाइन लगाना पड़ रहा है।

### राज्यपाल से मिले केसरवानी वैश्य सभा के प्रतिनिधिमंडल

## डॉ बीपी केशरी के नाम पर रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण करने की मांग



**पिठौरिया।** रांची जिला केसरवानी वैश्य सभा का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल तपेश्वर केशरी के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से भेंट किया। प्रतिनिधिमंडल के अगुआ तपेश्वर केशरी के द्वारा राज्यपाल को झारखंड के बौद्धिक अगुआ डॉ बीपी केशरी की झारखंड राज्य के निर्माण में योगदान और उनकी कृतियों के बारे में जानकारी दी गई। समाज के प्रति उनके समर्पण को बतलाया गया। साथ ही उनके द्वारा रचित दर्जन भर महत्वपूर्ण पुस्तकें दी गईं। प्रतिनिधिमंडल के द्वारा राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण डॉ बी पी केशरी के नाम पर करने की मांग की। महामहिम ने इस पर विधिसम्मत कारवाई करने का आश्वासन दिया। सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय केसरवानी वैश्य सभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ सलाहकार तपेशवर केशरी, रांची जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार केशरी, पूर्व जिला अध्यक्ष सह संरक्षक अनिल केशरी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राधेश्याम केशरी, रांची जिला कोषाध्यक्ष रवि कुमार केशरी, मीडिया प्रभारी सुजीत केशरी एवं तरूण सभा के कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केशरी शामिल थे।

### आंचल शिशु आश्रम के बच्चों के बीच परोसा गया लजीज व्यंजन

**रांची।** गुरु नानक सेवक जत्था ने आज रांची के बड़ा तालाब के पास स्थित आंचल शिशु आश्रम जाकर बच्चों की डिमांड पर उन्हें पिज्जा,चिप्स एवं कोल्ड ड्रिंक्स उपलब्ध कराया।जत्था के सूरज झंडई ने बताया कि आश्रम से उन्हें बच्चों ने फोन कर इस तरह के फूड आइटम खाने की इच्छा जताई तो जत्था के सदस्य सब सामान लेकर आज वहां सुबह दस बजे पहुंचे और अपनी पसंद के फूड आइटम पा कर बच्चे काफी प्रसन्नचित दिखे।जत्था द्वारा सामाजिक सेवा के अन्य कार्यों के तहत समय समय पर सुदूर गांव बस्ती जाकर जरूरतमंद बच्चों को पाठ्य सामग्री,स्कूल बैग,रेनकोट,छाता,जूते-चप्पल इत्यादि मुहैया कराए जाते हैं। संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि इसी कड़ी में गुरुनानक सेवक जत्था के सहयोग से गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा एवं गुरुनानक भवन कमिटी द्वारा 6 जुलाई को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुनानक भवन हॉल में निःशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### पिठौरिया थाना में शांति समिति की हुई बैठक, मोहर्रम पर हुई चर्चा

## 7 को मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**



जिला प्रशासन के निर्देशानुसार मोहर्रम को लेकर बुधवार को पिठौरिया थाना परिसर में थाना प्रभारी अभय कुमार की अध्यक्षता मे शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई ।बैठक का संचालन सुरेश राम ने की।बैठक मे क्षेत्र के दर्जनो गांव के अखाडा दल जनप्रतिनिधि ,बुद्धिजीवी और समाजसेवी गण शामिल हुए ।थाना क्षेत्र के विभिन्न अखाडादलो ने बताया कि पिठोरिया में 6 जुलाई को रश्म-ए- फातिहा तथा 7 जुलाई को मोहर्रम की जुलूस निकाली जाएगी एवं चारी हुजीर चंदवे में अधिकतर अखाड़ा दलो ने इस वर्ष जुलूस ना निकलने की बात कही साथ ही कटम कुली में 10 जुलाई को मोहर्रम का जुलूस निकालने की बात सामने आई। बैठक में सभी प्रबुद्ध जनों का विचार सुनने के बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे थाना प्रभारी अभय कुमार ने उपस्थित अखाड़ा दल एवं अन्य लोगों को सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन बताया गया। इन्होंने बताया कि क्षेत्र में कोई भी मोटरसाइकिल जुलूस नहीं निकली जाएगी साथ ही साथ जुलूस के झंडे की ऊंचाई 4 मीटर से ज्यादा ना हो ,जुलूस के दिन नशेड़ियों और शराबियों पर पुलिस पुश्तैनी नजर रखेगी ,साथ ही लोगों से अपील किया गया की जुलूस द्वारा भी भडकाऊ नारा या गीत न बजाई जाय। कोई भार्मिक खबर ना फैलाएं। थाना प्रभारी ने आगे शांति समिति के लोगों से आग्रह किया की जुलूस मार्ग में कोई अनावश्यक चार पहिया या दो पहिया वाहन खड़ा ना करें एवं मार्ग में ईट पत्थर बालू ना रहने दे ताकि जाम की स्थिति ना उत्पन्न हो।

### जगन्नाथपुर मेला क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, स्नेहकुल पब्लिक हाई स्कूल एवं संतोष इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में जगन्नाथपुर मेला क्षेत्र में नशा मुक्त झारखंड के लिए नुक्कड़ नाटक व जागरुकता रैली निकाली गई। प्रशिक्षु शिक्षकों ने मेला में आए लोगों को नशा न करने का संदेश दिया। आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा के दुष्प्रभाव को दर्शाया गया। परिवार व समाज को खुशहाल बनाने के लिए नशा से परहेज की बात कही गई। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्लोगन युक्त तख्तियों की सहायता से पूरे मेला क्षेत्र में नशा मुक्ति के लिए जागरुकता रैली निकाली।

### गिरिडीह में कार से भिड़ा ट्रक तीन लोगों की मौत

# 2 लोगों के सिर उनके धड़ से अलग हो गए

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



गिरिडीह में कार से भिड़ी ट्रक, 2 लोगों का सिर उनके धड़ से अलग हो गया; 3 की मौत

झारखंड के गिरिडीह में दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां के बेंगाबाद में मंगलवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे मे तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। घटना बेंगाबाद गिरिडीह एनएच पथ पर दामोदरडीह के एक लाइन होटल के पास घटी। हादसे का मंजर बहुत ही भयावह था। दो शवों के सिर भी कट गए थे। हादसे को लेकर जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो लोगों के सिर उनके धड़ से अलग हो गए थे। घटना को लेकर मिली जानकारी के मुताबिक ट्रक और कार के बीच में जबरदस्त टक्कर हुई थी। कार मे सवार व्यक्तियों की हुई है मौत। मृतक जमुआ थाना क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है। कार से लोग महुआर आषाढ़ी पूजा मे शामिल होने जा रहे थे। कार बेंगाबाद से गिरिडीह और ट्रक गिरिडीह से बेंगाबाद की और जा रहा थी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। बड़ी मशक्कत के बाद फंसे शवों को बाहर निकाला गया। भयावह था मंजर ट्रक और कार के बीच टक्कर में तीन लोगों की जान गई है।

### खखरा गांव में जमीन विवाद निपटाने गए पुलिस पर जानलेवा हमला

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के खखरा गांव में मंगलवार को जमीन मापी के दौरान ग्रामीणों व पुलिस के बीच हुए झड़प के मामले को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीर है। थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि सरकारी काम में बाधा डालने, पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने व हथियार लूटने का असफल प्रयास किये जाने को लेकर 10 से अधिक लोगों पर नामजद व 30 से 40 अज्ञात ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। विदित हो कि ग्रामीणों के द्वारा एक जमीन मापी को लेकर विवाद किया गया था और पिठोरिया ठाकुरगांव मुख्य पथ को जाम करते हुए अंचल कार्यालय में भी प्रदर्शन किया गया था। इधर पुलिस प्रशासन का कहना है कि इस हमले में जो भी शामिल होंगे उसे किसी भी हाल बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह की हरकत को पुलिस प्रशासन कभी भी माफ नहीं कर सकती है। उन लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### एसएस मेमोरियल कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष को दी गई विदाई



**रांची।** एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची में हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. समर सिंह के सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू प्रो डॉ सुदेश कुमार साहु का उपस्थिति रही। डॉ. समर सिंह 30 जून 2025 को महाविद्यालय से अपनी शैक्षणिक सेवाओं से औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के इस समारोह पर डीन छात्र कल्याण तथा संकायाध्यक्ष डॉ. सुदेश कुमार साहू ने कहा कि "डॉ. समर सिंह न केवल एक कुशल प्राध्यापक, बल्कि हिंदी साहित्य के एक जीवंत प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उनके निर्देशन में न केवल विद्यार्थियों ने भाषा और साहित्य का गूढ़ ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि मानवीय मूल्यों की भी शिक्षा ली। उनका सेवानिवृत्त होना हमारे लिए एक युग का अवसान है, परंतु उनकी विद्वत्ता और संस्कार आने वाली पीढ़ियों को सदा प्रेरित करती रहेगी । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.पी.वर्मा ने वरीय प्राध्यापक डॉ. समर सिंह के शिक्षण और अनुशासनप्रिय व्यक्तित्व की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि "डॉ. समर सिंह ने हिंदी साहित्य के प्रति न केवल विद्यार्थियों में रुचि विकसित की, बल्कि महाविद्यालय के शैक्षणिक परिवेश को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

### आधार कार्ड के माध्यम से विक्षिप्त बालक को परिजनों से मिलना हुआ संभव

# बाल संरक्षण और पुनर्वास की दिशा में जिला प्रशासन की सराहनीय पहल

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** अपने घर से भटक जाने के कारण एक मानसिक दिव्यांग बालक वर्ष 2023 के अप्रैल माह में रांची के बाल कल्याण समिति को प्राप्त हुआ था। बाल कल्याण समिति के द्वारा विक्षिप्त बालक के आश्रय, देखभाल और संरक्षण के लिए उसे जिले के बरही प्रखंड स्थित जन जागरण केंद्र के बाल गृह में भेज दिया गया। बता दें कि मानसिक रूप से दिव्यांग होने के कारण बालक कुछ भी बोल या समझ पाने में असमर्थ था। वहीं बालक की तबीयत बिगडने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया। इसके बाद उसे दिव्यांगता प्रमाण पत्र देने की कारवाई प्रारंभ की गई। साथ ही बालक की पहचान सुनिश्चित करने हेतु आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। आधार कार्ड पंजीयन के दौरान यह जानकारी प्राप्त हुई कि बालक का पूर्व से ही आधार कार्ड बना हुआ है। फिर पूर्व में तैयार किए गए आधार कार्ड से उसकी पहचान की पुष्टि की गई। वहीं आधार विवरणों के अनुसार बालक के बिहार के मधुबनी जिले का निवासी पाया गया।बालक के निवास की जानकारी मिलने पर मधुबनी के जिला बाल संरक्षण इकाई से संपर्क कर उसके परिवार का पता सत्यापित कराया गया। पुष्टि के उपरांत बालक की दादी, चाचा एवं चचेरा भाई हजारीबाग पहुंचे, जहां बाल कल्याण समिति के निर्देशानुसार बालक को विधिवत रूप से परिजनों को सौंप दिया गया। मौके पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने परिजनों से मुलाकात की और बालक की देखभाल, शिक्षा तथा स्वास्थ्य को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बच्चों का पुनर्वास और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सकता है।

### टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया

## अदाणी फाउंडेशन ने 80 टीबी मरीजों के बीच नि: शुल्क पोषण किट का वितरण किया



**हजारीबाग।** बड़कागांव के गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रोगियों के लिए निःशुल्क पोषण किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर 80 टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित किया गया, जो वर्तमान में इलाजरत हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुधवार को मेडिकल ऑफिसर डॉ. मिथु हलदार ने टीबी बीमारी के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि पोषण मरीजों की शीघ्र ठीक होने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने अदाणी फाउंडेशन की ओर से लगातार चलाए जा रहे इस कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए संवादात्मक सत्रों का आयोजन किया और उपस्थित लोगों के बीच जानकारीपूर्ण पर्चे बांटे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में अदाणी फाउंडेशन ने बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर गैर सरकारी संस्था हेल्पेज इंडिया के डॉ बीपी श्रीवास्तव, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर दीपक कुमार, सोशल प्रोटेक्शन ऑफिसर विक्रम कुमार, फार्मासिस्ट ब्रजेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### युवक की गोली मारकर हत्या

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के केरेडारी थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। बुधवार को केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव देखने ही पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह स्थानीय लोगों ने केरेडारी-बुंडू रोड पर गेरुआ नदी के पास एक युवक का शव देखा। युवक की सीने में गोली लगी हुई थी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास छानबीन करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृत युवक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### पत्थर खदान खोलने को लेकर अंचल कर्मचारियों ने किया स्थल का निरीक्षण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह पंचायत अंतर्गत बेलाटांड में पत्थर खदान खोलने को लेकर पत्थर खादान विरोध संघर्ष समिति मोर्चा के रैयतों तथा ग्रामीणों के आवेदन पर बुधवार को अंचल के कर्मचारियों ने स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर अंचल कर्मचारी अमित कुमार राय ने खादान स्थल का जांच किया । मौके पर उपस्थित स्थानीय पंसस प्रतिनिधि शमीम अंसारी ने बताया कि खादान खुलने वाली स्थल से सामने ही नदी, मॉडल स्कूल, जंगल, बगल में पोल्ट्री फार्म के साथ साथ रैयतों का घर भी सामने है। उन्होंने बताया कि ऐसे में इस स्थान पर पत्थर खदान खोलना उचित नहीं होगा। वहीं अध्यक्ष रजनीकांत पांडेय ने कहा यह स्थान पत्थर खादान के लिए उचित स्थल नहीं है । मौके पर काफी संख्या में रैयत महिला पुरुष उपस्थित थे। इस संबंध में अंचल कर्मचारी अमित राय से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा स्थल का निरीक्षण किया गया है रिपोर्ट आगे भेजा जाएगा।

### दिलीप कुमार रवि बने अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव, लोगों ने दी बधाई



**हजारीबाग।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान ने जिले के सुलमी निवासी दिलीप कुमार रवि को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति का प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। जिला के मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने बताया कि रवि के मनोनयन पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव वरिष्ठ कांग्रेसी लाल बिहारी सिंह, राजू चौरसिया, अजय गुप्ता, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, भैया असीम कुमार, विजय कुमार सिंह, अमृतेष रंजन, अनिल कुमार भुईंया, अर्जुन नायक, मिन्हाज अंसारी, राम अनुज सिंह, सरयु यादव, नरसिंह प्रजापति, अर्जुन रविदास, सदरूल होदा के अतिरिक्त कई कांग्रेसियों हर्ष व्यक्त किया है और रवि को बधाई दी है ।

### जीटी रोड में डायवर्सन के समीप रखी मिट्टी से टकराया ट्रक, बाल बाल बचे चालक व उपचालक



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर थाना अंतर्गत जीटी रोड बड़की टांड़ के समीप बुधवार अहले सुबह डायवर्सन के पास रखे मिट्टी से एक अनियंत्रित ट्रक टकरा गई । ट्रक कोलकाता की ओर से आ रही थी तथा छपरा जाने वाली थी। इस संबंध में बिहार निवासी ड्राइवर अमरजीत कुमार ने बताया कि गाड़ी ज्यादा स्पीड में नहीं थी ।बारिश हो रही थी और अचानक गाड़ी का स्टेरिंग फेल हो गया जिसके कारण रोड में डायवर्सन के पास रखे मिट्टी से टकरा गई। इसमें चालक और उपचालक बाल बच गए ।

### भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ ने केंद्रीय कमेटी का विस्तार किया

**रामगढ़।** 2 जुलाई को भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ (बीकेएमएस) का सभी जिला, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय कमेटी विस्तार हेतु केंद्रीय कमेटी का विस्तार किया गया है । भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कुमार महतो ओर महामंत्री डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो है । इसका निबंधन संख्या श्रमिक संघ - 358/2025 है । बीकेएमएस के केंद्रीय महामंत्री जयराम कुमार महतो ने कहा कि झारखंड राज्य के जिलों में संगठन का विस्तार कार्य आरंभ किया जा रहा है ।इस कार्य के लिए भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ की टीम विभिन्न जिलों में भ्रमण करेगी । इस मजदूर संघ का उद्देश्य राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों / मजदूरों एवं विश्व विस्थापितों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाना एवं उनका समाधान करना है । बीकेएमएस केंद्रीय कमेटी का विस्तार करते हुए डॉ.जगदेव कुमार महतो ,कृष्ण कुमार महतो ,अनु कुमार, रशीद खान, अमित कु गिरी को बोकारो, संतोष कुमार सिंह, सत्य प्रकाश महतो, महानंद महतो, प्रदीप महतो, राम प्रकाश सिंह , पवन कुमार रजक को धनबाद , रवि महतो को हजारीबाग और रामगढ़,बिहारी महतो को हजारीबाग तथा संतोष कुमार महतो को रामगढ़ का सदस्य बनाया गया है। इन सभी के नेतृत्व में संगठन की मजबूती हेतु आप सबों की सहभागिता संगठनात्मक रूप से मजबूत कदम होगी ऐसी उम्मीद है। बीकेएमएस केंद्रीय कमेटी का विस्तार होने पर जेएलकेएम केंद्रीय संगठन महासचिव राजेंद्र बेदिया, केंद्रीय मंत्री सुभान अंसारी, केंद्रीय उपाध्यक्ष पवन कुमार महतो, महिला मोर्चा लीलावती महतो, रूपा महतो, प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोरंजन महतो,अनिल महतो, प्रभु दयाल महतो, नेम्मी महतो, भीम महतो, दीपक महतो, नीतीश कुमार महतो ने बधाई दी है।

### मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत का देहांत



**रामगढ़।** राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई भरत कपूर का बुधवार की सुबह देहांत हो गया। जानकारी के मुताबिक मंत्री के छोटे भाई भरत का इलाज हैदराबाद में चल रहा था। मंत्री योगेंद्र प्रसाद के छोटे भाई के देहांत से पूरे क्षेत्र में शोक है। बताया गया कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद दिल्ली के दौरे पर हैं। अपने भाई के देहांत की खबर के बाद वे रामगढ़ लौट रहे हैं। मृतक भरत कपूर के शव को हैदराबाद से रामगढ़ लाने की तैयारी चल रही है। मृतक भारत कपूर की उम्र लगभग 45 वर्ष थी।

## आग लगने से दस्तावेज जलकर खाक थाना प्रभारी को दिया आवेदन



**रामगढ़।** घाटो निवासी दीपक किस्कू द्वारा 2 जुलाई को रामगढ़ थाना प्रभारी को आवेदन दिया गया है है। दिए आवेदन में उनके द्वारा बताया गया है कि रामगढ़ अंतगत पतरातू बस्ती में किस्कू कंस्ट्रशन प्राइवेट लिमिटड में बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज, रिकॉर्ड और संपत्ति जल गये। थाना प्रभारी को दिए आवेदन में उन्होने बताया कि आग के कारण ऑफिस में वर्ष 2019 से अबतक के सभी मैनुअल रिकॉर्ड ओर लेखा पुस्तकें, कंपनी के सभी कागजी दत्सवेज जिसमें कॉन्ट्रैक्टस,बिल्स, इनवॉइस और अन्य कानूनी दस्तावेज शामिल हैं जल गए। इसके अलाके ऑफिस में रखे कंप्यूटर और हार्ड ड्राइव जिसमें डिजिटल रिकॉर्ड और डेटा संग्रहीत थे आगजनी में जल गए। किस्कू कंस्ट्रशन प्राइवेट लिमिटड के निदेशक ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि यह अग लगने की घटना उनके लिए नुकसानदायक है। इससे ऑफिस में रखे अंकव आवश्यक दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए हैं। कहा है आग लगने के कारण अज्ञात हैं। आवेदन में उन्होंने थाना प्रभारी से अनुरोध किया है कि इस संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करें।

### मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

- **पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की**



हजारीबाग। मुहर्रम पर्व को लेकर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक नगर भवन सभागार में बुधवार को आयोजित की गई। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी मजहब के लोग आपसी एकता और भाईचारगी के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। उन्होंने स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पर्व मनाने तथा अनुशासन और आत्मसंयम बनाए रखने के लिए अपने आस पास के लोगों को प्रेरित करने की बात कही। छडवा डैम ने लगने वाले मेला पर विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए आवश्यक तैयारियों को क्रियाशील करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी व सुरक्षा के लिहाज से जिला कंट्रोल रूम जिसका संपर्क नंबर 8002529349 है। रूप से कार्यरत है। डीसी ने शांति समिति के सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से आयोजन करने की अपील की। अंचल स्तर पर शान्ति समिति की बैठक कर प्रशासन के दिशा निर्देशों के बारे में सभी को जानकारी साझा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने मुहर्रम त्योहार को लेकर जिलास्तर पर जारी होने वाले संयुक्त आदेश के उपरान्त सभी संबंधित दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्ति के दौरान अलर्ट मुद्रा में रहने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक ने मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने व सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया की निगरानी के लिए साइबर थाना को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थो का प्रयोग न करने, तय मार्ग व समय पर जुलुस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाए रखने एवं किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि आपके और पुलिस प्रशासन के सहयोग से विधि व्यवस्था संधारित होगी। असमाजिक तत्वों की पहचान करते हुए इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाना को देंगे ताकि उनपर कठोर कानूनी कार्रवाई जा सके। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो, शॉर्ट्स, फ़ोटो मिले तो तुरंत संबंधित थाने को सूचना देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा की किसी भी तरह के प्री रिकॉर्डेड भड़काऊ गाने एवं डीजे के प्रयोग पर रोक रहेगी। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों ने भी अपनी बाते प्रशासन के समक्ष रखी और शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने का भरोसा दिलाया।

## जिप सदस्या ने बरवां और कपका में किया विवाह मंडप का उद्घाटन



**बरकट्ठा।** जिप सदस्य कुमकुम देवी ने बुधवार को पन्द्रहवीं वित्त आयोग जिला परिषद मद से प्रखंड के कपका और बरवां में पांच -पांच लाख की लागत से बनने वाले विवाह मंडप का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए जिप सदस्या ने बताया कि बरवां और कपका में विवाह मंडप बनने से आस पास के दर्जनों गांव के लोगों को शादी विवाह के कार्यक्रम में काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि दोनों स्थानों पर जहाँ विवाह मंडप बना है वह स्थान पहले से ही आस्था का केंद्र रही है । ऐसे में इन स्थानों में शादी विवाह कराना और भी उपयुक्त होगी। बताया कि विवाह मंडप निर्माण कराने के लिए ग्रामीणों की हमेशा से मांग थी जिसे आज पूरा कर दिया गया। जिप सदस्या की नेक कार्य के लिए लोगों ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। वहीं लोगों ने बताया कि कुमकुम देवी मानव सेवा के साथ साथ विकास कार्य करने में भी पीछे नहीं है। मौके पर दिनेश महतो, कपका मुखिया कमलेश कुमार, डालेश्वर पंडित,भागीरथ प्रसाद, रामजी मंडल, छोटी मंडल, जीबलाल राणा, रंजीत मंडल ,रवि मंडल, बालो मिस्त्री, गुजरू महतो, छेदन महतो, मोतीलाल मंडल, डेगलाल पंडित, गणेश यादव समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### गोला पुलिस ने अपहरण के आरोप में युवक को भोजा जेल

**गोला।** गोला थाना पुलिस ने महिला के अपहरण मामले में फरार चल रहे आरोपी मगनपुर निवासी मो फिरोज अंसारी पिता लाल मोहम्मद को न्यायिक हिरासत में रामगढ़ जेल भेज दिया है। पुलिस ने महिला को मेडिकल जांच के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में मगनपुर के दीपक मुंडा के लिखित आवेदन के आधार में गोला थाना कांड संख्या 72/25, दिनांक 18/06/2028, धारा 137(2)/351(2) / 352/3(5) बीएनएस दर्ज है। दीपक मुंडा ने आरोपी मो फिरोज पर अपनी पत्नी व बेटी को अपहरण करने, धमकी देने व गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए केस कराया था।

## मुर्गी पालन कर सावित्री देवी बनी आत्मनिर्भर

नवीन मेल संवाददाता

- **धीरे-धीरे समूह से छोटे-छोटे ऋण लेकर उन्होंने अपने घर की जरूरी चीजें जुटाना शुरू किया। उन्होंने अब तक कुल ₹1,00,000 तक का ऋण से कृषि का कार्य शुरू की**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाईटी के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास हो रहा है। इसी प्रयास के साथ पतरातू प्रखंड के अंतर्गत तेलियातू पंचायत के मसमोहना गांव की सावित्री देवी जो एक आदिवासी समुदाय से संबंध रखती हैं। उनके जीवन की आर्थिक तंगी, संसाधनों की कमी और सीमित अवसरों के साथ चल रही थी, लेकिन उन्होंने दृढ निश्चय और समर्पण के साथ अपने जीवन को बदलने की ठान ली। सावित्री देवी और उनके पति मजदूरी करके अपने परिवार का गुज़ारा करते थे। गांव दूरदराज़ इलाके में बसे होने के कारण महीने भर में सिर्फ 10 से 15 दिन ही काम मिल पाता था। इससे घर चलाना बहुत मुश्किल था। आमदनी बहुत सीमित थी और खर्चे अधिक, जिससे परिवार की जरूरतें पूरी नहीं हो पाती थीं। उन दिनों उनके घर की हालत बेहद खराब थी। साल 2016 में जब झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से गांव में स्वयं सहायता समूह बनाए जा रहे थे, तब सावित्री देवी को भी लक्ष्मी महिला समूह में जोड़ा गया। उन्होंने साप्ताहिक बैठकों में भाग लेना शुरू किया और बचत करना सीखा। धीरे-धीरे समूह से छोटे-छोटे ऋण लेकर उन्होंने अपने घर की जरूरी चीजें जुटाना शुरू किया। उन्होंने अब तक कुल 1,00,000 तक का ऋण से कृषि का कार्य शुरू की, जिससे उन्होंने घर की आवश्यकताएं पूरी की और अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाई। इसके कुछ समय बाद गांव में मसमोहना आजीविका उत्पादक समूह में जुडी एवं इन्हें कृषि मित्र के रूप में चुना गया।

### इनरव्हील क्लब ने 300 लोगों के बीच भोजन का किया वितरण




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ने जलाराम मंदिर परिसर में 2 जुलाई को लगभग 300 लोगों के बीच एक समय के पौष्टिक भोजन एवं मिठाई का वितरण किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान की पूजा अर्चना और संकल्प के बाद हुआ। इस दौरान जरूरतमंदों ने सुस्वादु भोजन और मिठाई का आनंद लिया।इस आयोजन का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों को सहायता पहुंचाना था।इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लियाऔर आश्वासन दिया कि इस तरह के कार्यक्रम क्लब आगे भी आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम में नमिता श्रॉफ, जनेशा वडेरा, मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, अनुराधा श्रॉफ,पिंकी गांधी, पिंकी पोद्दार, गुरबख्श कौर, दीपा वडेरा ,राजेंद्र बुधवाल,राजेंद्र कलरा, नम्रता जैन, नवलजीत कौर, मनवीर कौर आदि उपस्थित रहे ।

### सीसीएलसीकेएस सुरक्षा बोर्ड समिति दल ने विभिन्न परियोजना का निरीक्षण किया

**गिद्दी।** सीसीएल सीकेएस (बीएमएस) सीआईएल सुरक्षा बोर्ड समिति सदस्य उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में छह सदस्यीय दल ने बुधवार को अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना का निरीक्षण किया। इन लोगों ने अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न परियोजना का निरीक्षण किया। सुरक्षा बोर्ड समिति के सदस्य गिद्दी ए, रेलीगढ़ा, गिद्दी सी परियोजना के खदान और वर्कशॉप में गए और वहां सुरक्षा व्यवस्था को देखा। इस दौरान टीम में शामिल मजदूर नेताओं ने बताया क्षेत्र के सभी परियोजना में मजदूरों के सुरक्षा संबंधित कमी पाई गई है। जिसे प्रबंधन ने दूर करने का भरोसा दिया। निरीक्षण दल में सीआईएल उमेश कुमार सिंह सीसीएल अध्यक्ष निर्गुण महतो, सीसीएल महामंत्री शशि भूषण सिंह, विशाल कुमार सेफ्टी बोर्ड सदस्य सीसीएल, जेपी झा, राघवेंद्र पासवान शामिल थे।

### प्रतिमा विखंडित करने को लेकर मचा हंगामा

# पुलिस की तत्परता से आरोपी गिरफ्तार


नवीन मेल संवाददाता



- **सूचना मिलने पर पुलिस मंदिर पहुंची और लोगों को समझाया और दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया**

**हजारीबाग।** शहर के कालीबाडी स्थित मीठा तालाब के पास स्थापित एक प्राचीन मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा को विखंडित कर दिए जाने के कारण बुधवार की सुबह से शहर का माहौल गर्म हो गया। वहीं प्रतिमा विखंडित किए जाने की बात आग की तरह शहर में फैल गई, जिसके बाद बडी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचने वाले लोग प्रतिमा विखंडित किए जाने को लेकर आक्रोशित दिखे। जिससे लोगों को एक बार फिर शहर का सांप्रदायिक माहौल बिगडने की आशंका सताने लगी। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस भी मंदिर पहुंची और लोगों को समझाया और दोषियों के विरूद्ध त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोग शांत हो पाए। बताते चलें कि हर दिन की तरह जब लोग बुधवार सुबह मार्निंगवाक करने के लिए मीठा तालाब पहुंच तो मंदिर परिसर का ग्रिल टूटा हुआ और प्रतिमा विखंडित किया हुआ पाया।साथ ही मंदिर का प्रसाद आदि जमीन पर बिखरा पड़ा था। इस बात को लेकर लोग आक्रोशित होने लगे। लोग इसे सनातन आस्था पर हमला बता रहे थे। लोगों में व्यापक असंतोष दिख। वहीं कुछ लोगों का आरोप था कि शायद मुहर्रम की मिट्टी लेने पहुंचे एक धर्म विशेष के लोगों के द्वारा ही इस प्रकार का कृत्य किया गया है। हालांकि पुलिस के घटनास्थल पर पहुंच जाने से किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं घटी। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिमा विखंडित करने वाले युवक की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। दोषी युवक की पहचान कालीबाडी निवासी संटू के तौर पर की गई है। स्थानीय लोग संटू को विक्षिप्त बता रहे हैं। वहीं आरोपी संटू ने भी अपना अपराध स्वीकार करते हुए प्रतिमा को विखंडित करने की बात कही है।

### स्कूल में डिजिटल बोर्ड की हुई शुरुआत, एसडीपीओ ने किया शुभारंभ



**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने शिक्षण की दुनिया में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए विद्यार्थियों के लिए दो डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था किया है. जिसका शुभारंभ एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने फीता काटकर किया. इस अवसर पर उपस्थित बच्चों को प्रेरित करते हुए एसडीपीओ ने विद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया. उन्होंने बताया कि आज पूरा विश्व डिजिटल हो चुका है. ऐसे में हम सबों को भी कदम से कदम बढ़ाकर आगे चलना होगा. डिजिटल बोर्ड पठन पाठन के साथ संचार माध्यम से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण साधन है. उन्होंने पौराणिक भारत की महत्ता और खोज की चर्चा करते हुए बच्चो को भारत के विश्व गुरु होने का एहसास दिलाया. एसडीपीओ ने कहा कि आज दुनिया जिस चीज की खोज कर रहा है हमारा प्राचीन भारत में पूर्व में ही हो चुका है, जिसे कालांतर में धूमिल करने का प्रयास किया गया था. व बच्चे देश के धरोहर है. ऐसे में आधुनिक शिक्षा और तकनीकी से विद्यालय का लैश होना विद्यालय सहित विद्यार्थियों के लिए सुखद पल है. कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि एसडीपीओ सहित प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.

# डीसी ने कोलेबिरा में योजनाओं की समीक्षा और विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने बुधवार को कोलेबिरा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में स्थित मजार के मरम्मत कार्य का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता एवं स्वीकृत डीपीआर के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके उपरांत उपायुक्त ने कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया तथा मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मस्टर रोल की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना आदि की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया।अंचल कार्यालय में भूमि संबंधी मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने दाखिल-खारिज, पंजी-2 सुधार, लगान रसीद निर्गत आदि से जुड़े आवेदनों की स्थिति जानी और समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिया। साथ ही हल्का कर्मचारियों को तहसील कचहरी में बैठकर कार्य करने का निर्देश भी दिया।बाद में उपायुक्त ने जन वितरण प्रणाली की दुकान का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉक एवं वितरण पंजी की जांच की तथा अनाज भंडारण की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दुकानदार ने बताया कि बिजली नहीं होने के कारण राशन वितरण बाधित है। इस पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को समय पर राशन उपलब्ध कराने और वितरण में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर समीर रेनियर खालखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा वीरेंद्र किंडो, अंचलाधिकारीअनूप कच्छप सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सिमडेगा में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान, डीसी-एसपी ने बढ़ाया उत्साह

**सिमडेगा।** सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया, सिमडेगा द्वारा मंगलवार की शाम जमजम मैरिज हॉल में मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले की उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम.अर्शी, उप विकास आयुक्त श्री दीपांकर चौधरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा, जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम एवं चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष मोतीलाल अग्रवाल समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।समारोह में 50 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मैट्रिक एवं इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। साथ ही ठेठईटांगर की आफरीन रुखसार, जो डी फार्मा में राज्य की टॉपर बनी हैं, को भी विशेष सम्मान दिया गया। सभी अतिथियों का स्वागत पारंपरिक शॉल ओढ़ाकर एवं पौधे भेंट कर किया गया।मुख्य अतिथि उपायुक्त कंचन सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि कठिन मेहनत और समर्पण से ही श्रेष्ठ परिणाम संभव है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जब समाज शिक्षित होगा, तभी समृद्धि आएगी।



पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने भी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक शिक्षित समाज ही अपराध मुक्त समाज की नींव रखता है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने की अपील की और विद्यार्थियों को ईमानदारी से मेहनत करने की प्रेरणा दी।उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी ने शिक्षा को समाज के विकास का मूल आधार बताया और बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रेरित किया। अंत में विधायक प्रतिनिधि मो समी आलम ने सभी अतिथियों और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

## राशन डीलर की मनमानी की शिकायत लेकर डीसी के पास पहुंचे सैकड़ों लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड के मेरोमडेगा गांव के सैकड़ों महिला पुरुष बुधवार को अपने क्षेत्र के पीडीएस डीलर के मनमानी की शिकायत लेकर समाहरणालय पहुंचे और डीसी सिमडेगा कंचन सिंह से मिलकर अपनी समस्या बताए।समाहरणालय में अचानक ठेठईटांगर प्रखंड के मेरोमडेगा गांव के सैकड़ों महिला पुरुष समाहरणालय पहुंचे। सभी ग्रामीण अपने क्षेत्र के दो पीडीएस राशन डीलर की शिकायत लेकर विधायक प्रतिनिधि एजाज खान की अगुवाई में पहुंचे थे। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव का राशन डीलर राजेंद्र मेहर और सत्या प्रधान उनको 6 से 8 महीने का राशन नहीं दिया है। बताया गया कि राशन डीलर के द्वारा ग्रामीणों से पोस मशीन पर अंगूठा भी लगवाया लिया गया। इसके बावजूद किसी को राशन उपलब्ध नहीं कराया गया। उनके साथ आई ठेठईटांगर पंचायत की मुखिया संगीता मिंज ने कहा कि राशन डीलर प्रभावशाली लोगों को तो हर माह राशन देता है। लेकिन गरीबों को अंगूठा लगवाने के बाद भी उन्हें राशन नहीं देता है। इनलोगों के साथ आए कांग्रेस सेवा दल की प्रदेश महासचिव सजदा खातून ने कहा कि दोषी राशन डीलर पर करवाई होनी चाहिए। ग्रामीणों के आने के कुछ देर बाद जब डीसी सिमडेगा समाहरणालय पहुंचे तब उन्होंने भीड़ को देखते हुए, अपने ऑफिस में जाने के बजाय नीचे बरामदे में खड़े होकर ग्रामीणों से बात किए। डीसी सीधे ग्रामीण महिलाओं से उनके तकलीफ को सुने। डीसी से मिलकर ग्रामीणों ने अपनी पीड़ा उनको बताए और उनकी समस्या को दूर करते हुए उनका राशन दिलवाने की गुहार लगाई। डीसी सिमडेगा ने ग्रामीणों की बात को सुनकर कहा कि वे पूरे मामले की जांच करेंगे और दोषी पाए जाने पर डीलर पर उचित कार्रवाई करते हुए ग्रामीणों को समय पर राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था कराएंगे। मौके पर डीसी ने जिला आपूर्ति विभाग और ठेठईटांगर बीडीओ को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।डीसी सिमडेगा ने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा किसी भी तरह के सरकारी काम कराने के लिए किसी को पैसे नहीं दे और बिना राशन दिए अंगूठा नहीं लगाएं। उन्होंने कहा अगर किसी तरह की परेशानी हो तो ग्रामीण सीधे फोन पर उनको अपनी समस्या बता सकते हैं। निश्चित रूप से ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## बानो प्रखंड में हाथियों का आतंक जारी पहान टोली में घर तोड़ा, अनाज खाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार रात बड़काड्युल पंचायत के लोवा सोकरा पहान टोली निवासी जसीना बडिंग के घर में दो हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया।जसीना ने बताया कि रात करीब 11 बजे वह बच्चों के साथ घर में सोई हुई थीं, तभी दो हाथी घर में घुस आए और दीवार तोड़ दी। हाथियों ने घर के अंदर रखा सारा अनाज खा लिया। किसी तरह बच्चों को लेकर जसीना ने पिछले दरवाजे से भागकर जान बचाई।घटना के बाद उनका घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और लगातार हो रही बारिश के कारण परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। साथ ही खेतों में बुआई का समय आ चुका है, लेकिन घर का अनाज नष्ट हो जाने और आर्थिक तंगी के कारण परिवार गहरी परेशानी में है।ग्रामीणों ने घटना की जानकारी जिला परिषद सदस्य बीरजो कंडुलना को दी। उन्होंने बताया कि जसीना बडिंग ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के आतंक पर रोक लगाने और पीड़ित परिवार को तत्काल राहत पहुंचाने की मांग की है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट की तैयारी शुरू 25 जुलाई से होगा आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में 26वां वीर शहीद थॉमस सोरंग स्मारक फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 के सफल संचालन हेतु बुधवार सुबह 10:30 बजे बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजक राजेश कुमार सिंह ने की। बैठक में जिला के सभी खेल प्रेमी और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के संचालन के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रधान संरक्षक के रूप में सांसद कालीचरण मुंडा, मुख्य संरक्षक विधायक भूषण बाड़ा और नमन विक्शल कोंगाड़ी, संरक्षक के रूप में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की सहित अन्य लोगों को



शामिल किया गया।अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, सचिव मोनु बड़ाईक, कोषाध्यक्ष कुलदीप किंडो, मंच संचालन श्याम सुंदर मिश्रा, मीडिया प्रभारी राजेश बड़ाईक व सुबास महतो को बनाया गया। खेल प्रभारी की जिम्मेदारी कंचन कबीर, वारिस रज्जा, एडवर्ड कमांडो, डैनियल मिंज सहित कई सदस्यों को सौंपी गई।भव्य उद्घाटन समारोह 25 जुलाई को होगा, जिसमें झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और बिहार की नामचीन टीमें भाग लेंगी। विजेता टीम को 2,00,000 और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 1,50,000 व ट्रॉफी दी जाएगी।

## भारत आदिवासी पार्टी का सिमडेगा जिला कमिटी विस्तार कार्यक्रम आज

**सिमडेगा।** भारत आदिवासी पार्टी का सिमडेगा जिला कमिटी विस्तार कार्यक्रम आज 11 बजे, विकास केन्द्र समटोली, सिमडेगा में आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी जिलाध्यक्ष चिराग ने दी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बाप पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रभार तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष प्रेमसाही मुंडा, प्रदेश महासचिव कृष्ण हंसदा, महिला प्रदेश अध्यक्ष कुन्दरासी मुंडा एवं पश्चिमी सिंहभूम जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुशील बरला मुख्य रूप से शामिल होंगे।जिलाध्यक्ष चिराग ने कहा कि यह कमिटी विस्तार भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम और झापा जैसी पार्टियों के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। इन दलों ने लंबे समय तक सिमडेगा जिले में शासन किया, लेकिन आदिवासी-मूलवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल-जंगल-जमीन और संस्कृति की रक्षा में विफल रहे।

## जलडेगा में निकाली गई नशा मुक्ति रैली, ग्रामीणों को दी गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से बुधवार को ग्राम जलडेगा में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली थाना प्रभारी सोनू कुमार के निर्देशानुसार एएसआई अशोक कुमार राम के नेतृत्व में निकाली गई।रैली में विभिन्न पंचायतों के स्कूली बच्चों और ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रतिभागी हाथों में "नशा मुक्त भारत हड़िया-दारू बेचना बंद करो बच्चों को स्कूल भेजो", जैसे नारों से भरे पोस्टर लेकर गाँव की गलियों से गुजरे। रैली के दौरान लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और नशा को ना, जिंदगी को हाँ" का संकल्प दिलाया गया।एएसआई अशोक कुमार राम ने मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मानव जीवन



के लिए एक गंभीर खतरा है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पारिवारिक और सामाजिक जीवन में भी असंतुलन पैदा करता है। उन्होंने ग्रामीणों को नशे की लत छुड़ाने और उसके खिलाफ एकजुट होने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में सभी ने नशामुक्त भारत अभियान की शपथ ली और नशा उन्मूलन को लेकर संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान नशीली दवाओं के दुष्परिणामों, उनके उपचार, और मदद के लिए मौजूद परामर्श केंद्रों की जानकारी भी दी गई।

## सांप के काटने से एक ही पंचायत के दो लोगों की मृत्यु एक गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत केरिया पंचायत के चकोरबेड़ा एवं देवबहार, झरिया डिपा में रात्रि जहरीली सांप के काटने से दो लोगों की मृत्यु हो गई एवं एक की हालत गंभीर है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर प्रखंड के केरिया पंचायत अंतर्गत चाकोरबेडा.गांव में रात्रि जीरामणी बागे उम्र 44 वर्ष,पति बिलियम बागे साथ ही बगल में सो रहे पुत्र एल्विस बागे उम्र 13 वर्ष दोनों को जहरीली सांप ने काट लिया,अनन फानन में परिजनों ने अस्पताल लेकर आए, परन्तु मां जीरामणी बागे की मृत्यु इलाज के क्रम में हो गई, वही पुत्र एल्विस बागे का इलाज चल रहा है स्थिति गंभीर बनी हुई है।दूसरी घटना केरिया पंचायत के ही देवबहार झरिया दीपा का है जिसमें अंजेलुस डुंगडुंग उम्र 69वर्ष पिता स्व. सुलेमान डुंगडुंग घर पर सोया हुआ था, तभी जहरीली सांप ने काट लिया, उसकी मृत्यु तत्काल हो गई।सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी जी को दिए तत्पश्चात उन्होंने विधायक प्रतिनिधि समी आलम , किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रमुख



विपिन पंकज मिंज एवं राजाबासा पंचायत अध्यक्ष सुकुन जोजो को निर्देश दिया कि शोकित परिवार से मिलकर उनका हाल-चाल जानकर उनके हर संभव मदद करें ,तात्पश्चात विधायक प्रतिनिधि शमी आलम,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सह प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं राजाबासा पंचायत अध्यक्ष सुकूवन जोजो अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिले एवं शोकित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया एवं हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया साथ ही पोस्टमार्टम करा कर शव को ताबूत के साथ अपने गांव भिजवाने में मदद भी किया। मौके पर केरिया पंचायत अध्यक्ष अनिल सुरीन, केरिया पंचायत के मुखिया ख्रिस्तधानी लकड़ा, सेराफिनुस बागे सैमुएल बागे एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व प्रखंड प्रमुख सेवानी बरजो का निधन, बानो प्रखंड कार्यालय में शोकसभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड की पूर्व प्रमुख सेवानी बरजो का बीती रात लगभग 2:00 बजे दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।शोक सभा में प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग,



पंचायत राज पदाधिकारी अरमान सोरेंग, रंजित महतो, अरविंद कुमार, संजय डांग, राहुल कुमार, लालदेव सिंह, जितवाहन मांझी, देवीलाल ओहदार, मुखिया सोमवारी कैथवार, सीता कुमारी, कृपा हेमरोम, सोमा पाहन, आलोक बारला, लोरेंस बागे सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और प्रखंडकर्मी उपस्थित थे। सभी ने सेवानी बरजो के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बानो में पेड़ से गिरने से युवक की मौत

बानो: थाना क्षेत्र के बुरुहोंजर गांव में बुधवार शाम एक युवक की पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई। घटना शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है।मिली जानकारी के अनुसार, टुनु नायक (उम्र 26 वर्ष), निवासी बुरुहोंजर, किसी कार्य के लिए पेड़ पर चढ़ा हुआ था। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वह नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल उसे बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



## लचरागढ़ में शराब दुकानों का हैंडओवर-टेकओवर प्रक्रिया संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ स्थित विदेशी शराब दुकान का हैंडओवर-टेकओवर बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया उत्पाद अधीक्षक सिमडेगा शैलेन्द्र कुमार की देखरेख में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट बिरेंद्र किंडो, संजीव कुमार, विजय कुमार, एरिया फील्ड ऑफिसर सिंटु भोक्ता, जनसेवक सीमा इंदु, पंचायत सचिव एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में की गई।उत्पाद अधीक्षक ने देशी शराब दुकान का स्टॉक, बिक्री और जमा राशि की विधिवत जांच की। पूरी प्रक्रिया झारखंड स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नियमों के अनुसार की गई और इसका वीडियोग्राफी भी हुआ।ज्ञात हो कि 1 जुलाई से राज्य भर में शराब दुकानों की नई व्यवस्था लागू की गई है। पुरानी प्लेसमेंट एजेंसियों का कार्यकाल 30 जून को समाप्त होने के बाद चरणबद्ध रूप से दुकानों की हैंडओवर-टेकओवर की प्रक्रिया शुरू की गई है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जिन दुकानों में प्रक्रिया शुरू होगी, वे अस्थायी रूप से बंद रहेंगी और प्रक्रिया पूरी होते ही पुनः खुलेंगी। यह कार्य 5 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा और इसके बाद नई व्यवस्था के तहत शराब की बिक्री होगी।

## बानो थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन, जमीन विवाद से जुड़े मामलों की हुई सुनवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंचलाधिकारी रविभूषण प्रसाद की उपस्थिति में जमीन से संबंधित मामलों की सुनवाई की गई।थाना दिवस के दौरान कुल 10 मामलों में प्राप्त दस्तावेजों की जांच की गई और दोनों पक्षों को सुनकर अंचलाधिकारी द्वारा समाधान का प्रयास किया गया। अधिकतर मामले पारिवारिक जमीन विवाद से जुड़े थे, जिसमें पैतृक संपत्ति के बंटवारे और खतियान में नाम सुधार से संबंधित समस्याएं सामने आईं।सीओ रविभूषण प्रसाद ने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य है कि आम जनता को त्वरित न्याय मिले। सुलह योग्य मामलों में दोनों पक्षों की सहमति से समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि यदि किसी पक्ष को निर्णय पर आपत्ति हो, तो वे उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए स्वतंत्र हैं।कार्यक्रम के दौरान सीआई विल्सन केरकेट्टा, शैलेश डुंगडुंग, चंद्रशेखर उरांव, एएसआई विनय कुमार, पीएलवी अशोक कुमार तिवारी, शेख मुस्तकीम, और चौकीदार प्रिया सिंह ने सहयोग किया।

## जर्जर सड़क की समस्या दूर करने को लेकर संत जेवियर कॉलेज के छात्र परिषद ने की पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**● सड़क से जुड़ी समस्याओं का तैयार किया औपचारिक दस्तावेज**

**सिमडेगा।** जिले के सेंट जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के छात्र परिषद ने समटोली क्षेत्र में सड़क मरम्मत सर्वेक्षण किया और छात्रों तथा आम जनता द्वारा उपयोग की जाने वाली सड़क से जुड़ी समस्याओं का औपचारिक दस्तावेज तैयार किया।सामटोली रोड पर स्थित संस्थानों जैसे – संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा, संत मैरी हाई स्कूल सिमडेगा, संत मैरी इंग्लिश मीडियम स्कूल सिमडेगा, संत अन्ना बालक हाई स्कूल सिमडेगा, अर्सुलाइन गर्ल्स इंटर कॉलेज सिमडेगा, होली स्पिरिट इंग्लिश मीडियम स्कूल सिमडेगा, सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (गर्ल्स) सिमडेगा, और सेंट्रल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल सिमडेगा – का दौरा किया गया और सर्वेक्षण किया गया। सभी समस्याओं पर चर्चा की गई। सड़क की खराब स्थिति से प्रभावित छात्रों की कुल संख्या दर्ज की गई, साथ ही संबंधित प्रधानाचार्यों के हस्ताक्षर और स्कूल की मुहर भी प्राप्त की गई।हम आशा करते हैं कि सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता और ठोस कदम उठाए जाएंगे ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके।मौक़े पर संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा, के छात्र परिषद अध्यक्ष विवेक एक्का, उपाध्यक्ष किशन साहु, सचिव निशी केरकेट्टा, उज्वल सुरीन आदि उपस्थित थे।

## लचरागढ़-बानो में सड़क पर मवेशियों का कब्जा, राहगीर परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो और लचरागढ़ क्षेत्र की सड़कों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। दिन हो या रात, सड़क पर मवेशियों की भरमार से वाहन चालकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मवेशियों के कारण वाहन चालक असंतुलित होकर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं।रात के अंधेरे में तेज रफ्तार भारी वाहन इन मवेशियों को धक्का मार देते हैं, जिससे जानवर घायल होते हैं और सड़क किनारे रहने वाले लोगों की परेशानी भी बढ़ जाती है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मवेशी पालक दूध देने तक मवेशी को घर पर रखते हैं, लेकिन दूध देना बंद होते ही उन्हें सड़कों पर छोड़ देते हैं। इससे न सिर्फ आमजन के जीवन को खतरा होता है, बल्कि सड़क हादसों की संभावना भी बढ़ जाती है।पूर्व में प्रशासन द्वारा ऐसे मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजा गया था। लोगों की मांग है कि प्रशासन फिर से पहल करे और इन मवेशियों को पकड़कर गरीब ग्रामीणों या जरूरतमंद गौपालकों को दे दे, ताकि समस्या का समाधान हो सके और सड़कों पर सुरक्षा बनी रहे।

## डीएवी स्कूल सिमडेगा में डेकोरेशन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सेंट्रल इस्लामिया सिमडेगा के तत्वावधान में आयोजित टैलेंट सर्च सेलिब्रेशन में जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के करकमलों से डीएवी विद्यालय के दसवीं और बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए बच्चों को पुरस्कृत किया गया जिसमें कक्षा दसवीं की रीति रानी, कक्षा 12वीं साइंस की राशिका अख्तर, 12वीं कॉमर्स की शैलजा रोहिला और 12वीं आट्र्स की स्नेहा घोष अपने अभिभावकों के साथ शामिल थे। साथ ही डीएवी सिमडेगा में आर्ट शिक्षिका के निर्देशन पर हाउस बोर्ड सजावट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धानंद हाउस को प्रथम, बिरजानंद हाउस को द्वितीय एवं हंसराज हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आज प्रार्थना सभा में विद्यालय के प्राचार्य सुजय कुमार मिश्रा ने विजेताओं को ट्रॉफी देकर हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खूंटी से तोरपा जानेवाली सभी सड़कों में जानलेवा दुर्घटनाओं की बढ़ी आशंका

नवीन मेल संवाददाता

- **मूसलाधार बारिश के कारण पेलौल गांव के पास बनई नदी पर बना पुल ध्वस्त हो गया। इसके कारण इस सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप है**



**खूंटी।** क्या आप खूंटी से तोरपा-सिमडेगा की ओर जा रहे हैं, तो जरा सावधान हो जाएं। खूंटी से तोरपा आप किसी भी मार्ग पर जाएं, हर ओर खतरा ही खतरा है। पिछले 15 दिनों से लगातार हो रही बारिश ने जिले की सड़कों की स्थिति बद से बदतर कर दी है। सड़कों पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में गंदा पानी भरा रहने के कारण अंदाजा लागना मुश्किल हो जाता है कि कहां पर गड्ढा है और कहा नहीं। इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसका सबसे अधिक शिकार दो पहिया वाहन वाले हो रहे हैं। खूंटी से तोरपा जाने का मुख्य मार्ग बाबा आम्रेश्वर धाम और डोड़मा होकर(केटीके रोड) है, पर गत 19 जनवरी को हुई मूसलाधार बारिश के कारण पेलौल गांव के पास बनई नदी पर बना पुल ध्वस्त हो गया। इसके कारण इस सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप है। लोग कुंजला से जुरदाग-गम्हरिया होकर तोरपा और सिमडेगा की ओर जाते हैं, पर यात्री और माल वाहक वाहनों के अलावा ट्रकों का इस रोड पर चलने से सड़क़ जानेलवा हो गई है। हर जहग जाम की स्थिति बनी रहती है। खूंटी से तोरपा जाने का एक और मार्ग बाला मोड़-कर्रा होकर है, पर इस रास्ते पर कांटी पुल और एक अन्य स्थान पर बना डायवर्सन भी खतरनाक हो चुका है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि टूटी सड़क की तुरंत मराम्मत नहीं कराई गई, तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। रामजय के अलावा अन्य कई जगहों पर भी सड़क धंसने के कगार पर है। तोरपा-मुरहू मार्ग पर सड़क के धंसने के संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण विकास विभाग खूंटी के कार्यपालक अभियंता सुशील कुमार झा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और वहां मरम्मत का काम शुरू कर दिया गया है। दो दिन पहले वहां मिट्टी डाली गई थी, पर बारिश के कारण वह बह गई। कार्यपालक अभियंता ने कहा कि जहां पर सड़क धंसने की शिकायत आई है, उस जमीन का मालिक काम करने ही नहीं देता है।

# गैस टैंकर रिसाव पर काबू एनएच-18 पर यातायात बहाल



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा-बारिपदा मार्ग पर जामशोला के पास मंगलवार को प्रोपलीन गैस टैंकर से हुए रिसाव पर विशेषज्ञों की मदद से पूरी तरह काबू पा लिया गया। इस कार्य के लिए लगभग 23 घंटे लगे। अधिकारियों ने बताया कि गैस रिसाव को नियंत्रित कर क्षतिग्रस्त टैंकर से गैस को सुरक्षित रूप से अन्य वाहन में स्थानांतरित कर दिया गया, जिसे गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है। वर्तमान में बुधवार से स्थिति सामान्य है और राष्ट्रीय राजमार्ग-18 पर आवागमन बहाल कर दिया गया है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने राहत और बचाव कार्य में तत्परता दिखाने के लिए विशेषज्ञों की टीम, एनडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, स्थानीय ग्रामीणों तथा जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सभी टीमों की त्वरित और समन्वित कार्रवाई से संभावित बड़े हादसे को टालने में सफलता मिली है।

# जुस्को स्कूल कदमा में छात्र मंत्रिमंडल का हुआ गठन

**जमशेदपुर।** कदमा स्थित जुस्को स्कूल में छात्र मंत्रिमंडल का गठन किया गया। प्रधानाचार्य झुमझुमी नंदी ने छात्र मंत्रिमंडल को शपथ दिलाई और उनको वैध पहना कर उनको उनके कार्यभार सौंपा। मंत्रिमंडल में कुल 25 बच्चों ने अलग-अलग विभागों के लिए शपथ ली जैसे हिंदी, अंग्रेजी विज्ञान कंप्यूटर सामाजिक विज्ञान, गणित, स्पोट्स मिनिस्टर मिनिस्टर, सेफ्टी मिनिस्टर, कॉमर्स मिनिस्टर आदि।छात्र मंत्रिमंडल के मंत्री के रूप में रयान खान ने शपथ ली। जबकि उप मंत्री के लिए हर्ष कुमार गुप्ता ने शपथ ली।हिंदी मंत्री सुजाता सारंगी, अंग्रेजी मंत्री जैनब ईरम, विज्ञान मंत्री वैभव राज, सामाजिक विज्ञान मंत्री अभिनव कुमार पाठक, कंप्यूटर मंत्री आयुषीदुबे, गणित मंत्री शौर्य, सेफ्टी मंत्री दिव्यांशी त्रिपाठी, डिसिप्लिन मंत्री प्रेरणा गुप्ता, सांस्कृतिक मंत्री अज़हान, भारत मंत्री तनुश्री, उप मंत्री शिवम, आर्ट एंड क्राफ्ट मंत्री सोमनाथ कॉमर्स मंत्री संस्कृति सिंह बड़ी इसके अतिरिक्त हर हाउस के मंत्री और उप मंत्री भी बने जैसे अग्नि हाउस के मंत्री संचित कुमार तथा उप मंत्री कुणाल, वायु हाउस के मंत्री स्मृति सिंह उप मंत्री श्रेयास, पृथ्वी हाउस के मंत्री हम आज जमशेद उप मंत्री गौरव कुमार, आकाश हाउस मंत्री उन्नति सिंह उप मंत्री अनिर्बन दास, जल हाउस मंत्री प्रीतम गाड़ी उप मंत्री शशिकांत पात्री बने।विद्यालय की ओर से मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को बधाई दी गई।

# अमित साहू ने 18वीं बार रक्तदान कर मनाया जन्मदिवस



**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने अपने जन्मदिवस के पावन अवसर पर रोटरी सेंट्रल द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 18वीं बार रक्तदान कर अपने अपने जन्मदिवस को यादगार बनाया। अमित साहू ने बताया कि आज के दौर में भी रक्तदान करने को लेकर लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है और रक्तदान के प्रति सकारात्मक सोच लाने के लिए आज हम अपने जन्मदिवस पर रक्तदान कर रहे हैं।

# डाक महामेला में योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी



**हजारीबाग।** हजारीबाग डाक प्रमंडल द्वारा बुधवार को शहर के पैराडाइज रिसोर्ट में डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा के निर्देशन में डाक महामेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि डाक निदेशक (मुख्यालय), झारखंड परिमंडल राम विलास चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि उप मंडलीय प्रबंधक, डाक जीवन बीमा अमित कुमार उपस्थित हुए। मंच संचालन श्वेता कुमारी एवं रोज कुमारी ने किया। डाक महामेला में डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाकघर की लघु बचत योजनाएं जैसे सुकन्या समृद्धि योजना, आवर्ती जमा, सावधि जमा, मासिक आय योजना, राष्ट्रीय बचत पत्र, किसान विकास पत्र, लोक भविष्य निधि समेत अनेक योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि डाक विभाग सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भी अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग अपने विशाल नेटवर्क और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से वित्तीय समावेशन को साकार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विशिष्ट अतिथि अमित कुमार ने जानकारी दी कि 9 जुलाई को डाक जीवन बीमा के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें अन्य बीमा योजनाओं की तुलना में कम प्रीमियम पर अधिक बोनस दिया जाता है। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मियों को सम्मानित भी किया गया। सर्वश्रेष्ठ अनुमंडल के लिए केंद्रीय अनुमंडल प्रथम, रामगढ़ द्वितीय और रामगढ़ (पूर्वी) को तृतीय स्थान मिला। सर्वश्रेष्ठ डाक अधिदर्शक के रूप में राजीव कश्यप को, डाक जीवन बीमा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अनिल यादव और उदय नारायण शर्मा को सम्मानित किया गया। अभिकर्ताओं में बबन कुमार राय और रवि कुमार को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक डाक अधीक्षक विश्वजीत राय, ब्रजेश पासवान, समीर मंडल समेत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में डाककर्मी और आमजन उपस्थित हुए।

## श्रावणी मेला को लेकर देवघर के कारोबारियों को काफी उम्मीद

# प्रशासन से सुविधा मुहैया कराने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



देवघरः सावन का महीना आते ही देवघर जिले में रहने वाले लोगों के चेहरे पर खुशी दिखने लगती है. क्योंकि श्रावणी मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं से पूरे देवघर के बाजार में एक हजार करोड़ से तीन हजार करोड़ तक के कारोबार होने की संभावना रहती है. देवघर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्थानीय लोग अपने-अपने दुकान लगाकर लाखों की कमाई करते हैं. वहीं जिन लोगों का होटल या फिर धर्मशाला का व्यापार है, उनका कारोबार भी श्रावणी मेला आते ही दोगुना से तीन गुना हो जाता है. श्रावणी मेला में तैयारी को लेकर संथाल क्षेत्र के चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण शर्मा ने बताया कि सावन और भादो के महीने में हर चीजों की सप्लाई बढ़ जाती है. क्योंकि इस दो महीने के दौरान पूरे शहर में 45 से 50 लाख लोगों का आगमन होता है. जिससे होटल संचालकों के लिए यह दो महीना काफी खास होता है. इस दो महीने में जिला प्रशासन की तरफ से यह हिदायत रहती है कि कोई भी होटल संचालक प्रशासन की तरफ से तय किए गए रेट से ज्यादा ना लें। सावन के महीने में देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालु रात्रि विश्राम करने के लिए होटल बुक करते हैं. श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए कई बार होटल संचालक तय किए गए दर से ज्यादा दर में होटल बुक करवाते हैं. जिससे कहीं ना कहीं श्रद्धालुओं को आर्थिक नुकसान होता है. इसलिए जिला प्रशासन की तरफ से होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी जाती है कि होटल की बुकिंग रेट में कोई बदलाव ना हो. साथ ही अपने होटल गेट के आगे रेट चार्ट अवश्य लगाएं.वहीं देवघर के होटल संचालक अलख निरंजन शर्मा बताते हैं कि निश्चित रूप से सावन में होटल की बुकिंग ज्यादा होती है. लेकिन पानी जैसी बुनियादी सुविधा नहीं रहने के कारण होटल संचालकों को लाभ नहीं मिल पाता है. होटल संचालक प्रतिदिन हजारों लीटर पानी खरीद कर लोगों को मुहैया करवाते हैं. करीब 50 होटल ऐसी जगह पर हैं, जो पूरी तरह से ड्राइ जोन में आते हैं. ऐसे में लोगों को पानी मुहैया करवाने के लिए होटल संचालकों को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है. वहीं कई होटल संचालकों ने कहा कि सावन शुरू होने के बाद कई ऐसे निजी मकान हैं, जिसके मालिक श्रद्धालुओं को ठहराने के लिए विशेष इंतजाम करते हैं. जिससे होटल संचालकों के व्यापार पर असर पड़ता है. होटल संचालकों ने वैसे मकान मालिकों पर प्रशासन द्वारा नकेल कसने की भी अपील की है.

# टाटानगर से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर से गुजरने वाली कई ट्रेनें रद्द की गई है। रेलवे की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार झारसुगुड़ा यार्ड के आधुनिकीकरण और माल ढुलाई व्यवस्था को मजबूत करने के कार्य का सीधा असर टाटानगर से होकर गुजरने वाली ट्रेनों पर पड़ा है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने अगस्त और सितंबर माह में कई प्रमुख ट्रेनों को रद्द करने, आंशिक रूप से समाप्त या प्रारंभ करने और कुछ का मार्ग परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों की यात्रा योजना प्रभावित होगी, जिसे लेकर रेलवे ने यात्रा से पूर्व ट्रेन का स्टेटस जांचने की अपील की है। रद्द की गई प्रमुख ट्रेनों में 68029/68030 राउरकेला-झारसुगुड़ा-राउरकेला मेमू (18 अगस्त से 10 सितंबर), 18175/18176 हटिया-झारसुगुड़ा-हटिया एक्सप्रेस (18 अगस्त से 10 सितंबर), 18109/18110 टाटानगर-एनएससीबी इतवारी-टाटानगर एक्सप्रेस (19-21 अगस्त, 24 अगस्त-2 सितंबर, 5-10 सितंबर) शामिल हैं। इसी तरह 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस, 68031/68032 झारसुगुड़ा-संबलपुर-झारसुगुड़ा मेमू, 17007/17008 चरलापल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस, 18523/18524 विशाखापत्तनम-बनारस एक्सप्रेस, 17005/17006 हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस, 07051/07052 और 07005/07006 चरलापल्ली-रक्सौल स्पेशल, 12767/12768 हजूर साहिब नांदेड़-संतरागाछी एक्सप्रेस, 18310/18309 जम्मू तवी-संबलपुर एक्सप्रेस, 13425/13426 मालदा टाउन-सूरत एक्सप्रेस, 15028/15027 गोरखपुर-संबलपुर एक्सप्रेस तथा 20822/20821 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस भी अलग-अलग तिथियों पर रद्द रहेंगी।
वहीं कई ट्रेनों को आंशिक रूप से समाप्त या प्रारंभ किया जाएगा। जैसे 13288 आरा-दुर्ग एक्सप्रेस राउरकेला पर अल्प समाप्त होगी, जबकि 13287 दुर्ग-आरा एक्सप्रेस राउरकेला से अल्प प्रारंभ होगी।

# मौसीबाड़ी में हेरा पंचमी परंपरा में मां लक्ष्मी ने रथ को पहुंचाई क्षति




**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला में विवेक नगर स्थित मौसीबाड़ी में भगवान जगन्नाथ की हेरा पंचमी उत्सव परंपरा भक्ति और श्रद्धा भाव से संपन्न कराई गई। देर शाम गुवा जगन्नाथ मंदिर से मां लक्ष्मी को पालकी में सवार कर नगर भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा विवेक नगर मौसीबाड़ी पहुंचने के बाद मंदिर के पुजारी ने मंत्रोच्चार कर भगवान जगन्नाथ के रथ भंगिनी परंपरा का आयोजन किया। मान्यता है कि रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर जाते हैं। पांचवें दिन मां लक्ष्मी को वादा देने के बावजूद भगवान जगन्नाथ मंदिर नहीं लौटते, जिससे क्रोधित होकर मां लक्ष्मी मौसीबाड़ी पहुंचती हैं और रथ को क्षति पहुंचाकर वापस लौट जाती हैं। परंपरा के अनुसार मंगलवार को भी रथ को प्रतीकात्मक रूप से क्षति पहुंचाई गई। इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा का बड़ा सिंहार आरती किया गया। स्थानीय भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें 'श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कार्यक्रम के अंत में गुवा राम मंदिर में आनंद बाजार का आयोजन कर भक्तों के बीच भोग का वितरण किया गया।

# नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस सक्रिय, संगठन सृजन पर जोर

**धनबाद।** नगर निगम चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में धनबाद नगर निगम क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को पार्टी की अहम बैठक हुई. बैठक में नगर निगम प्रभारी व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय दुबे व जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे. नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्ड अध्यक्ष भी शामिल हुए और अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं. अजय दुबे ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में संगठन सृजन अभियान चला रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत है. वहीं शहरी क्षेत्रों विशेषकर नगर निगम क्षेत्र के हर वार्ड में संगठन को सक्रिय व प्रभावी बनाने की आवश्यकता है. नगर निगम चुनाव में पार्टी को मजबूत विकल्प के रूप में प्रस्तुत करने के लिए वार्ड स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित किया जाएगा. हर वार्ड में संगठनात्मक समीक्षा की जाएगी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी. जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने नगर निगम क्षेत्र की बदहाल स्थिति पर चिंता जताई।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम– शेखर पासवान,, उम्र करीब– 54 वर्ष, रंग– गोरा, ऊँचाई– 05 फीट, 06 ईंच, पहनावा– पिंक रंग का शर्ट एवं नीला रंग का पैंट हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति शेखर पासवान, पिता–स्व0 रामचन्द्र पासवान, नियर काली मंदिर, विष्टीपाड़ा, थाना–धनसार, जिला–धनबाद जो इन्हें मानसिक ईलाज हेतु ट्रेन से राँची लाने के क्रम में बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में मुरी ओ0पी0 सनहा संख्या–12/2025, दिनांक–11.03.2025 दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

Email ID (rnc-dcb@jhpolice.gov.in)
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी मु0री0 ओ0पी0, राँची। – 8877257523

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–
वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 356361 Police (25-26)_D


# साहिबगंज में विशेष पेट्रोलिंग दस्ते का शुभारंभ फ्लैग मार्च से

**साहिबगंज।** जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने एवं रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विशेष बाइक दस्ता का गठन किया गया है. इसी क्रम में उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया, जिसमें नव अधिग्रहित 16 अपाचे, चार रॉयल एनफील्ड बाइक गश्ती के माध्यम से शहर में शक्ति प्रदर्शन किया गया. इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दो पहिया पेट्रोलिंग वाहन को समाहरणालय परिसर से झंडी दिखाकर रवाना किया गया. फ्लैग मार्च समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर अंजुमन नगर मार्ग, रसूलपुर मार्ग, एल सी रोड, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, सुभाष चौक मार्ग होते हुए पुन: समाहरणालय परिसर में सम्पन्न हुआ. इस मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया गया. साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि प्रशासन पूर्णत: सतर्क एवं सजग है. फ्लैग मार्च में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के साथ उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, पुलिस उपाधीक्षक और विभिन्न थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों ने भी बाइक पर सवार होकर फ्लैग मार्च का हिस्सा लिया.

## हाथियों का झुंड गंगा दोहर में बनाया आशियाना

# हथिनी ने बच्चे को दिया जन्म



**बड़कागांव(हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र में एक सप्ताह से हाथियों का कहर जारी है। ग्रामीणों के अनुसार 26 जून से लेकर 1 जुलाई तक हाथियों ने लगभग 60 घर तोड़े हैं एवं सैकड़ो कट्ठा जमीन में लगे फसलों को बर्बाद किया है। इससे लगभग लाखों रुपए का नुकसान हो जाने की संभावना जताई गई है। हाथी के कहर से मुक्ति दिलाने के लिए वन विभाग की टीम प्रयास कर रही है। लेकिन हाथियों का झुंड बड़कागांव के विभिन्न गांव में आशियाना बनाकर घरों एवं फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। 25 से 30 हाथियों का झुंड जिसमें छोटे छोटे बच्चे भी शामिल है चरही जंगल से आकर 26 जून को जोराकाठ में काफी उत्पात मचाया। इसके बाद बादम ,नापोखुर्द बरवाणिया और अब गंगा दोहर में हाथी कहर ढा रहे हैं। किसानों एवं ग्रामीणों के बीच के दहशत है । खेती बाड़ी करने में किसानों को परेशानी हो रही है। गंगा दोहर में हाथियों का झुंड ग्रामीणों द्वारा लगाए गए निजी जंगल में अपना आशियाना बनाए हुए हैं । गंगा दोहर गांव में दहशत का महल सभी का नींद उड़ा हुआ है। पता नहीं कब हाथी आक्रामक रूप धारण करेंगे और किन-किन को अपना टारगेट बनाकर घर और फसल को बर्बाद करेंगे।

## कोयना नदी का जल स्तर बढ़ने से बच्चों का स्कूल पहुंचना हुआ मुश्किल

# जान जोखिम में डालकर तय होता है शिक्षा का सफर

- **पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने पुल निर्माण का सर्वे तो कराया था, लेकिन फाइलें अब भी धूल खा रही हैं**

नवीन मेल संवाददाता



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम के नक्सल प्रभावित सारंडा क्षेत्र से झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई है। गंगदा पंचायत के लेम्बरा गांव के दर्जनों बच्चे हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल जाते हैं। उफनती कोयना नदी को पार करना उनके लिए शिक्षा का नहीं, बल्कि मौत का सफर बन चुका है। लगातार हो रही बारिश ने नदी के जलस्तर को खतरनाक बना दिया है। गांव के बच्चे बिना नाव, पुल या किसी सुरक्षा के रोज़ नदी पार कर स्कूल पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा ऋतु में गांव चारों ओर से पानी से घिर कर टापू बन जाता है। इस दौरान गर्भवती महिलाएं इलाज के बिना दम तोड़ देती हैं, बीमार अस्पताल नहीं पहुंच पाते, और राशन तक महीनों गांव में नहीं पहुंच पाता। पढ़ाई के प्रति बच्चों का जज्बा सराहनीय है, लेकिन सरकारी सुविधाओं के अभाव ने उनके लिए स्कूल जाना खुदकुशी जैसा कर दिया है। पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने पुल निर्माण का सर्वे तो कराया था, लेकिन फाइलें अब भी धूल खा रही हैं। बुधवार को पूर्व जिला पार्षद शंभू पासवान ने कहा, "यह सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं बल्कि सामाजिक अन्याय है। उन्होंने वर्तमान सांसद जोबा मांझी और विधायक सोनाराम सिंकु को घेरते हुए कहा कि पुल की मांग वर्षों पुरानी है, लेकिन नतीजा शून्य रहा। ग्रामीणों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से कोयना नदी पर पुल निर्माण शुरू करने की मांग की है। साथ ही, जब तक पुल नहीं बनता, बच्चों के लिए सुरक्षित नाव, वैकल्पिक परिवहन, चिकित्सा शिविर और राहत केंद्र की व्यवस्था की मांग की है ताकि उनकी जिंदगी मौत के हवाले न रहे।

# निगम में बिल भुगतान को लेकर हंगामा

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम कार्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दो संवेदकों ने बिल भुगतान में देरी को लेकर लेखा शाखा में हंगामा शुरू कर दिया. नाराज संवेदकों ने आरोप लगाया कि महीनों से उनकी फाइलें लंबित पड़ी हैं. जानबूझकर भुगतान नहीं किया जा रहा है. हंगामे की सूचना मिलते ही सुरक्षा कर्मी, फूड इंस्पेक्टर और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले को शांत कराने में जुट गए. अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य हुई. संवेदक शिवम सिंह व कुणाल सिंह ने लेखा पदाधिकारी कुमारी शुभा जायसवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह बिना किसी स्पष्ट कारण के फाइलों को लंबित रख रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.


## कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकार, खूँटी

### प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 02.07.2025

डीएलएसए खूँटी के कानूनी सहायता रक्षा परामर्श (एलडीसीएस) के लिए के सहायक कानूनी सहायता रक्षा परामर्शी पद (01)के लिए परिणाम ।

कार्यालय के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची–

| क्रम सं | उम्मीदवार का नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निखील मेहता | श्री शिव दयाल महतो | 19.09.1997 |

प्रतिक्षा सूची

| क्रम सं | उम्मीदवार का नाम | पिता का नाम | जन्म तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शशिकला कुमारी | श्री चामू गोप | 19.07.1983 |

1. उपरोक्त पदों के लिए नियुक्ति एक वर्ष की अवधि के लिए पूरी तरह से संविदा के आधार पर होगी और किसी भी स्थिति में उम्मीदवार पद पर स्थायी नियुक्ति के लिए दावा नहीं कर सकता है।
2. उपरोक्त पदों के लिए चयनित उम्मीदवारो को दिनांक 14.07.2025 या उससे पहले अपना योगदान डीएलएसए, खूँटी में देना होगा ।
3. चयनित अभ्यर्थियों की निर्धारित अवधि के भीतर कार्य भार ग्रहण न करने या आयोग्य घोषित होने की स्थिति में रिक्तियॉ प्रतिक्षा सूची से भरी जाएगी जो इस परिणाम के प्रकाशन से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध होगी।
4. उम्मीदवारों को योगदान देने के समय सरकारी अस्पताल के सिविल सर्जन /सहायक सिविल सर्जन द्वारा जारी मेडिकल फिटनेश प्रमाण पत्र के साथ सभी मूल प्रासंगिक दस्तावेज लाने होंगे।
5. योगदान करने हेतु यात्रा भत्ता या कोई अन्य भत्ता देय नहीं होगा।

अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
खूँटी

PR 356386 Khunti(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

परमात्मा का वास सभी इंसानों में है। लेकिन, सभी इंसानों में परमात्मा का भाव भी हो, ये जरुरी नहीं है। इसलिए व्यक्ति अपने कर्मों की वजह से दुखी है। - **स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी**

## संपादकीय

# प्रकृति का रौद्र रूप व हिमालय

सोशल मीडिया पर बारिश और बादल फटने के बाद प्रकृति का जो प्रकोप सामने आ रहा है वह डरावना है। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी (डब्ल्यूआईएचजी) द्वारा हाल ही में किया गया अध्ययन उत्तराखंड में चिंताजनक प्रवृत्ति का खुलासा करता है : एक दशक में ग्लेशियरों की संख्या 1,266 से बढ़कर 1,290 हो गई है, जबकि हिमनद झीलों के क्षेत्र में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह विस्तार जलवायु परिवर्तन के चलते तेजी से बर्फ पिघलने से हो रहा है, जिससे हिमनद झील विस्फोट बाढ़ (जीएलओएफ) का खतरा बढ़ रहा है। ये अचानक और शक्तिशाली बाढ़ तब आती हैं, जब बर्फ या हिमोढ़ के प्राकृतिक बांध दबाव के कारण टूट जाते हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की वैश्विक जलवायु स्थिति, 2024 रिपोर्ट में वर्ष 2024 को अब तक के सबसे गर्म वर्षों में से एक माना गया है, यह स्थिति भयावह आपदाओं को रोकने के लिए उपायों की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट एक कठोर वैश्विक तस्वीर पेश करती है। वर्ष 2024 ने दशक की अभूतपूर्व गर्मी को चिह्नित किया है। अनवरत बढ़ती गर्मी हिमालय के ग्लेशियरों को खतरनाक गति से पिघला रही है, जिससे नई हिमनद झीलें बन रही हैं और मौजूदा झीलों का विस्तार हो रहा है। डब्ल्यूआईएचजी के अध्ययन में हिमनद झील विस्फोट बाढ़ के बढ़ते खतरे पर प्रकाश डाला गया है, जो पानी, तलछट और मलबे के विनाशकारी प्रवाह को पैदा कर सकती है। अतीत की त्रासदियां, जैसे 2013 में चोराबाड़ी झील के फटने से आई केदारनाथ बाढ़, जिसमें 6,000 से अधिक लोगों की जान चली गई थी तथा 2021 में सिक्किम में रैनी-तपोवन और 2023 में दक्षिण ल्होनक झील की बाढ़, इन घटनाओं की विनाशकारी शक्ति को दर्शाती हैं। अपने विशाल बर्फ भंडार के कारण 'तीसरे ध्रुव' के रूप में जाना जाने वाला हिमालय बेहद संवेदनशील है। डब्ल्यूएमओ ने ग्लेशियरों के द्रव्यमान में तेजी से हो रही कमी को रेखांकित किया है, जिससे समुद्र का स्तर बढ़ रहा है तथा गंगा, ब्रह्मपुत्र और सिंधु जैसी नदियों पर निर्भर लाखों लोगों के लिए पानी की उपलब्धता को लेकर खतरा है। उत्तराखंड की लगभग 350 हिमनद झीलें इस जोखिम को बढ़ाती हैं, जिनमें से पांच को उच्च जोखिम वाली 'श्रेणी ए' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

> *उत्तराखंड की लगभग 350 हिमनद झीलें इस जोखिम को बढ़ाती हैं, जिनमें से पांच को उच्च जोखिम वाली 'श्रेणी ए' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।*

ढीले मलबे से बनी ये हिमनद झीलें विशेष रूप से अस्थिर होती हैं। हम जानते हैं, जलवायु परिवर्तन पूरे एशिया में चरम मौसमी घटनाओं को बढ़ा रहा है। डब्ल्यूएमओ की रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में तीव्र हीटवेव, तूफान और बाढ़ का भारत पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। जलवायु परिवर्तन संचार पर येल प्रोग्राम रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में 71 फीसदी भारतीयों ने गंभीर हीटवेव का एहसास किया, जबकि आधे से अधिक लोगों ने सूखा, जल प्रदूषण या कृषि हानि का सामना किया। जलवायु परिवर्तन के कारण केरल में वायनाड भूस्खलन जैसी घटना, जिसमें 220 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, में दस फीसदी अधिक वृद्धि हुई। हिमालय में अनियमित मानसून और ऊंचाई पर बादल फटने की घटनाएं-जो कभी दुर्लभ थीं-अब अधिक होने लगी हैं, जिससे हिमनद झीलें भर गई हैं और उनकी नाजुक हिमोढ़ दीवारें अस्थिर हो गई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण मानवीय और आर्थिक क्षति बहुत होती है।

### अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर विशेष

# पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानवजाती के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित करके नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को "अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस" मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम "एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करके उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना" यह है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुनः प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है।



संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है। ईएमएफ 2016 अनुसार, साल 2050 तक, समुद्र में मछलियों से ज़्यादा प्लास्टिक हो सकता है। यूके सरकार 2018 अनुसार, हर साल समुद्री प्लास्टिक प्रदूषण से 100,000 से अधिक समुद्री स्तनधारी और दस लाख समुद्री पक्षी मारे जाते है। सभी समुद्री कूड़े में प्लास्टिक 80 प्रतिशत है। प्लास्टिक हजार साल तक नष्ट न होनेवाला अपशिष्ट है, 1950 से अब तक दुनिया भर में 9.2 बिलियन टन से ज़्यादा प्लास्टिक का उत्पादन हुआ है, जिसमें से लगभग 7 बिलियन टन कचरे के रूप में गया है। स्टेटिस्टा दर्शाता है कि, पिछले चार दशकों में वैश्विक प्लास्टिक अपशिष्ट उत्पादन में सात गुना वृद्धि हुई है। एशिया वह क्षेत्र है जो सबसे अधिक अप्रबंधित प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है, जो वैश्विक कुल का 65 प्रतिशत है।

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पिने के पानी और हमारे द्वारा साँस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं, और हाल ही में किए गए एक अध्ययन में नवजात शिशुओं के प्लेसेंटा में माइक्रोप्लास्टिक पाए गए। प्लास्टिक से निकलनेवाले कम से कम 4,219 रसायन चिंता का विषय है। समुद्र में 24 ट्रिलियन माइक्रोप्लास्टिक के टुकड़े होने के कारण, समुद्री जीव अक्सर प्लास्टिक निगल लेते हैं। जब समुद्री जलचर को मनुष्य खाते हैं, तो वह प्लास्टिक मनुष्य के शरीर में प्रवेश करता है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि औसत व्यक्ति हर साल समुद्री भोजन से लगभग 53,864 माइक्रोप्लास्टिक कण खाता है। भारत में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक की खपत बढ़कर प्रति वर्ष अनुमानित 11 किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार बढ़ेंगी। हर साल 5.8 मिलियन टन से अधिक कचरे को जला दिया जाता है, जिससे हवा में डाइऑक्सिन जैसे अनेक घातक प्रदूषक फैलते है और ये श्वसन संबंधी बीमारियों का कारण बनते है, साथ ही कैंसर के जोखिम को बढ़ाते है। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अनुसार, 2030 तक बिना एकत्र किए गए प्लास्टिक कचरे से भारत को भौतिक मूल्य में 133 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का नुकसान हो सकता है। नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि भारत प्लास्टिक प्रदूषण में दुनिया का सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन गया है, जो कुल वैश्विक प्लास्टिक कचरे का लगभग 20 प्रतिशत है। भारत में प्रतिवर्ष 9.3 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जो पर्यावरण प्रदूषण के मामले में दुनिया के किसी भी अन्य क्षेत्र से अधिक है। भारत की आधिकारिक अपशिष्ट संग्रहण दर 95 फीसदी है, जबकि शोध से पता चलता है कि वास्तविक दर लगभग 81 फीसदी है। हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में दैनिक प्लास्टिक कचरे का केवल 8-10 प्रतिशत ही पुनर्चक्रित किया जाता है, बाकी को जला दिया जाता है या लैंडफिल और जलमार्गों में फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक बैग पशु मृत्यु को बढ़ावा देता है, यह बायोडिग्रेडेबल नहीं होते, प्लास्टिक बैग पेट्रोलियम उत्पादों से बनाए जाते है, इसके निर्माण के दौरान जहरीले रसायन निकलते है। प्लास्टिक खाद्य भंडारण पैकेज में जहरीले रसायन होते है। प्लास्टिक बैग के बड़े जमाव से अक्सर जल निकासी व्यवस्था अवरुद्ध हो जाती है। प्लास्टिक बैग बच्चों को फेफड़ों की जटिलताओं के जोखिम बढ़ाते है और महिलाओं में प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकते है, साथ ही प्लास्टिक पुरुषों में प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकता है। प्लास्टिक बैग भूजल को प्रदूषित करते है, प्लास्टिक प्रदूषण प्राकृतिक खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है। प्लास्टिक बैग के उत्पादन में बहुत अधिक पानी का उपयोग किया जाता है।

आज की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

अनभिज्ञता या लापरवाही कहें, लोग अक्सर गर्म खाद्यपदार्थों की पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग सहजता से करते है। हम अपने आसपास देखते है कि गर्म पेय, चाय, कॉफी भी छोटी-छोटी कैरीबैग में लेकर जाते है। होटल, रेस्टोरेंट या सड़कों पर गर्मागर्म स्ट्रीट फ़ूड, नाश्ता, खाना भी प्लास्टिक प्लेट में खाते है या प्लास्टिक कैरीबैग में पार्सल के तौर पर उपयोग करते है, जो सेहत के लिए काफी घातक होता है। प्लास्टिक बैग में गर्म खाद्यपदार्थ या अन्न सामग्री का उपयोग जहर के समान है, क्योंकि गर्म खाद्यपदार्थ प्लास्टिक के संपर्क में आते ही रासायनिक प्रक्रिया शुरू करते है, प्लास्टिक गर्म होते ही उससे निकलनेवाले घातक रसायन खाद्य पदार्थों में समाविष्ट हो जाते है और मनुष्य उस खाद्यपदार्थ का सेवन करके सीधे जानलेवा बीमारियों को आमंत्रित करता है। यह सब जानते हुए भी देश में बड़ी मात्रा में खाद्यपदार्थों के लिए प्लास्टिक का उपयोग बेख़ौफ़ तरीके से होता है। प्लास्टिक का उत्पादन उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए है, अगर हम उपभोक्ता ही प्लास्टिक से दुरी बना लें, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है, प्लास्टिक के अन्य पर्याय को अपनाना और जागरूकता एवं पर्यावरण के बचाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। सबसे पहले अपना स्वार्थ और आलस छोड़ें, सरकारी नीतिनियमों का कड़ाई से पालन करें। फिर प्लास्टिक के संभवत पर्यायों का अवलंबन करें। उपयोग करो और फेंक दो जैसी वस्तुओं को ना कहें। प्लास्टिक कैरीबैग को पूर्णत भूल जाएं, खाद्यपदार्थों के पैकेजिंग में प्लास्टिक का उपयोग टाले। प्लास्टिक आज सुविधा परंतु जीवनभर के लिए दुविधा है यह समझें। पर्यावरण हमें बेहतर जीवन देने के लिए है, अगर हम ही अपने पर्यावरण को बर्बाद करेंगे तो पर्यावरण भी हमें जीवन नहीं अपितु बर्बादी ही देगा, इस बात की गंभीरता को समझें और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाएं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# बॉलीवुड की चमक नहीं जीवन की सच्चाई चुनिए

हाल ही में अभिनेत्री शेफाली के असमय निधन ने समाज को भीतर तक झकझोर दिया। बताया गया कि वे एंटी-एजिंग दवाओं और बाहरी सुंदरता बनाए रखने के अनेक उपायों का सहारा ले रही थीं। इससे पहले श्रीदेवी जी की घटना भी इसी तरह की थी। इन घटनाओं ने हमें सोचने पर मजबूर कर दिया है - क्या हम वाकई सही दिशा में जी रहे हैं? क्या हम इस धरती पर सिर्फ सुंदर दिखने के लिए आए हैं?आजकल हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ चेहरे की चमक को आत्मा की शांति से ज़्यादा अहमियत दी जाती है। महिलाओं की स्थिति तो और भी चिंताजनक होती जा रही है। वे जिनके भीतर सृजन की शक्ति है, जिनके पास समाज को दिशा देने का सामर्थ्य है, वे आजकल सिर्फ मेकअप, पार्टी, स्टाइल और सोशल मीडिया की दुनिया में उलझती जा रही हैं।बहुत सी महिलाएं अब ज्ञान, साधना और जीवन के उद्देश्य को पीछे छोड़कर दिखावे की ज़िंदगी में खुद को झोंक चुकी हैं। हेवी मेकअप, फ़िल्टर वाली तस्वीरें, बॉलीवुड स्टाइल की नकल और सतही दिखावा-क्या यही रह गई है एक नारी का अर्थ? बाहर की सुंदरता के पीछे भागते-भागते हम अपनी आत्मा से, अपने मूल स्वरूप से, अपने भीतर की रोशनी से कटते जा रहे हैं।हमने यह मान लिया है कि सुंदर दिखना ही सब कुछ है, चाहे उसके लिए हमें दवाओं, प्रक्रियाओं, सर्जरी या कैमरा फिल्टर्स का ही सहारा क्यों न लेना पड़े।पर यह भूल जाते हैं कि इन सबका अंत बेहद खतरनाक हो सकता है-मानसिक रूप से भी, शारीरिक रूप से भी और आत्मिक रूप से तो बहुत ही खोखला।हमें यह समझना होगा कि असली सुंदरता नेचुरल चीज़ों में है। जब हम सादा खाना खाते हैं, समय से सोते हैं, दिल से हँसते हैं, आत्मा से जुड़े रहते हैं, अपने बच्चों के साथ समय बिताते हैं — तभी हमारा चेहरा भी दमकता है, हमारी ऊर्जा भी शुद्ध रहती है और हमारा जीवन भी सार्थक बनता है।जो महिलाएं सादगी में रहकर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दे रही हैं, जो रसोई में प्यार से खाना बनाती हैं, जो बिना कैमरा ऑन किए भी मुस्कुराती हैं — वही असली सुंदरता की मूरत हैं।आज जरूरत इस बात की है कि हम खुद से जुड़ें, अपने भीतर झाँकें, अपने जीवन का असली उद्देश्य खोजें।हमें सोशल मीडिया पर "कैसे दिखते हैं" से ज़्यादा इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि हम क्या सोचते हैं, क्या जीते हैं, और क्या सिखाते हैं।अगर हम महिलाएं अपने भीतर की शक्ति को पहचान लें, तो यह समाज सिर्फ दिखावे पर नहीं, सच्चाई पर चलेगा।हमें अपने बच्चों को यह सिखाना है कि सुंदरता चेहरे की नहीं, चरित्र की होती है।हमें प्रकृति के करीब रहना है, दिखावे से दूर। सजना है संस्कारों से, श्रृंगार से नहीं।जो अंदर से सुंदर है, वही वास्तव में अमर है। बाकी सब क्षणिक है, छलावा है।

आपकी बात



**वीणा देवांगन**

(veenavlogs@gmail.com)

# मैं ब्राह्मण क्यों नहीं हूं?


यह प्रश्न नहीं है, यह एक कुण्ठा है, जिससे इस देश का एक बहुत बड़ा वर्ग कुण्ठित है। इस कुण्ठा में मात्र हिंदू ही नहीं वरन् कुछ अन्य मज़हब और रिलिजन के लोग भी सम्मिलित हैं। इटावा काण्ड पर कितने ही वीडियो, लेख, ट्विट इत्यादि फेसबुक, इंस्टाग्राम तथा अन्य सोशल मीडिया पर सब जगह लिखे गए। पर मूल समस्या को समझने के लिए लगभग 40 वर्ष पीछे जाना पड़ेगा। स्वर्गीय कांशीराम जी के एक साक्षात्कार में उनसे दलितों (अब यह शब्द अपना अर्थ खो चुका है, लेकिन फिर भी चूंकि प्रचलन में है) की स्थिति, दलित सशक्तिकरण, दलितों के "बहुजन समाज" होने के बावजूद उनका सत्ता से दूर रहना, उनकी कठिनाइयां, कुण्ठाएं इत्यादि इन सभी विषयों पर बात की थी। सबसे मार्मिक प्रश्न था वह इस प्रकार था- 'आपको दलितों की कौन सी सोच सबसे अधिक उद्वेलित करती है और कष्ट देती है'? उत्तर : 'दलितों को हजार समझाने के बाद भी उनके मन से "विकसित" होने का मानदंड बदलता ही नहीं। सबसे अधिक जो बात मुझे उद्वेदित करती है और कष्ट देती है वह यह है कि हर दलित विकसित होकर 'ब्राह्मण' बनना चाहता है'। काशीराम जी एक सामाजिक विचारक थे और उन्हें समाज की बहुत अच्छी समझ थी। वह समाज के, खासतौर पर दलित समाज के, मनोविज्ञान को बहुत अच्छी तरह समझते थे। । इस महत्वपूर्ण में उन्होंने आगे कहा था कि दुर्भाग्य यह है कि सिर्फ दलित ही नहीं अन्य जातियां भी विकसित होकर ब्राह्मण ही बनना चाहती हैं। जब आपका लक्ष्य ही ब्राह्मण बनना है तो ब्राह्मणों की श्रेष्ठता तो आप खुद ही स्थापित कर रहे हैं। इसी भ्रम को, इसी मानदंड को, इसी सोच को मैं बदलना चाहता हूं'। इटावा में जो घटना हुई उसके मूल में भी यही है। प्रश्न यह नहीं है कि कौन सी जाति कथा-वाचन कर सकती है कौन नहीं कर सकती। आदिकाल से सभी जातियां कथा वाचन, भक्ति, पूजा करती आ रही हैं। हर जाति में महापुरुष हुए हैं, हर जाति में संत हुए हैं और बहुत महान संत और दार्शनिक हुए हैं, जिनका सम्मान ब्राह्मणों ने भी किया है। सभी को ईश्वर की आराधना करने और ईश्वर के गुणगान करने का अधिकार है। साधारण भाषा में कहें तो कथा-वाचन ईश्वर का गुणगान है। परंतु असली प्रश्न यह है कि अपनी जाति को प्रकट करके यह क्यों नहीं किया जा सकता? किसी दलित को मुकुट मणि 'अग्निहोत्री' या किसी यादव को 'तिवारी' बनना आवश्यक क्यों है? जब तक यह कुण्ठा बाहर नहीं निकलती तब तक इनका पूर्ण विकास कभी नहीं हो सकता। और इस कुण्ठा से अधिकांश निकल ही नहीं पाते । यह आज से नहीं, आदिकाल से है। विश्वामित्र क्षत्रिय थे लेकिन उन्हें भी ब्राह्मण बनना था। शंबूक को भी ब्राह्मण बनना था। मुकुट मणि को भी 'अग्निहोत्री' (ब्राह्मण) बनना है। श्रेष्ठता के जो मानदण्ड ब्राह्मणों ने स्थापित किया अन्य उन्हें ही महानतम मानदण्ड मानते हैं तो फिर लड़ाई किस बात की है? मायावती भी ब्राह्मणों की तरह 'चरण छू' में सबसे अधिक गौरव महसूस करती हैं। इस युग का महा ब्राह्मण-द्रोहियों में एक चंद्रशेखर 'रावण' है जिसे यह तक पता नहीं है कि वह जो 'रावण' बनने का प्रयास कर रहा है वह रावण स्वयं ब्राह्मण था। रावण कोई साधारण ब्राह्मण नहीं था। उस युग में उसके समान धनवान, गुणवान, विद्वान, शास्त्रज्ञ, रणनीतिकार, तपस्वी और कोई नहीं था। कर्नाटक में ब्राह्मण विरोधी गौरी "लंकेश" को भी "लंकेश" ही बनना था। मुझे समझ नहीं आता की सारे ब्राह्मण-द्रोही 'विकसित' होकर 'ब्राह्मण' ही क्यों बनना चाहते हैं? ब्राह्मण-द्रोह का प्रमुख कारण ही कुण्ठा है। यदि ब्राह्मणों के बनाए मानदण्ड ही सर्वश्रेष्ठ हैं तो फिर चुपचाप अपने घर में बैठो और सत्कर्मों से, विचार से, गुणों से ब्राह्मण बनने का प्रयास करो। न तो ब्राह्मणों ने अपनी जाति चुनी है और ना आपने। इसमें दोनों का कोई गुण या दोष नहीं है। ना किसी की श्रेष्ठता प्रकट होती है और ना किसी की निम्नता। यह विधि का विधान है या संयोग है कि कौन कहां पैदा हुआ। या यदि पुनर्जन्म और धर्म ग्रंथो को माने तो यह व्यक्ति के कर्म/ प्रारब्ध के अनुसार निर्धारित होता है। यानी पूर्व जन्म के कर्म के अनुसार आपका वर्ण/ जाति निर्धारित होती है। मेरी सोच यह है ब्राह्मण बनने की बचाए अपने को इतना श्रेष्ठ करो कि ब्राह्मण स्वयं आपका सम्मान करें। ऐसे अनेक उदाहरण है- माता अमृतानंदमयी के चरण लाखों ब्राह्मण छूते हैं, जबकि उनका जन्म शूद्र वर्ण में हुआ था। पद्म विभूषण गंगूबाई हंगल शास्त्रीय संगीत की महान गायिका थीं जिनका जन्म भी शूद्र वर्ण में हुआ था। इन्हें संगीत की शिक्षा ब्राह्मण गुरुओं से ही मिली थी। जब इन्होंने गायन की ऊंचाइयों को प्राप्त कर लिया तो अनेकानेक ब्राह्मण इनको अपने घर बुलाकर भोजन कराते थे और सम्मान करते थे, पैर भी छूते थे। तो भाई जाति छुपाकर 'अग्निहोत्री' या 'तिवारी' बनने के बजाय ब्राह्मण जैसे श्रेष्ठ गुणों का विकास करो। ब्राह्मण जाति नहीं सद्गुणों की श्रेष्ठता है। सद्गुणी बनिए, स्वयं ब्राह्मण बन जायेंगे। ऋषि विश्वामित्र ने यही किया था। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**मेजर सरस त्रिपाठी**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

एक बदलते देश की, ऐसी है तस्वीर।
अपराधी अब घूमते, बनकर यहाँ फकीर।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# दुनिया के एक चौथाई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं !

यह जानकर धक्का लगना स्वाभाविक है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की संस्था यूनेस्को की विश्व भर के शिक्षा हालात के अध्ययन पर आइ एक ताज़ा रिपोर्ट बताती है कि लगभग 27 करोड़ 20 लाख से अधिक बच्चों के शिक्षा के अधिकार से वंचित रह जाते हैं। दुनिया भर में बच्चों किशोरों युवाओं की शिक्षा संबंधी यह रिपोर्ट न केवल मनोवैज्ञानिक धरातल पर चौंकाती है, अपितु विश्व के अति ग़रीब और विकासशील देशों में आज भी करोड़ों बच्चों को समुचित शिक्षा न मिल पाने संबंधी चिन्ता जनक हालात को बयान करती है।एक ओर दुनिया के तमाम देश हथियारों की अंधी दौड़ में शामिल है और अपने कुल बजट का बड़ा हिस्सा हथियारों पर खर्च कर देते हैं। आपको बता दें कि वैश्विक स्तर पर, 2023 और 2024 के बीच शिक्षा सहायता में 12% की गिरावट और 2027 तक 14% की और कटौती होने के कारण कुल शिक्षा सहायता में 2027 तक एक-चौथाई की गिरावट आने की उम्मीद है। यह निम्न आय वाले देशों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां सहायता सार्वजनिक शिक्षा व्यय का 17% है और जहां कटौती से कुछ शिक्षा बजट आधे हो सकते हैं। 2030 तक अपने शिक्षा लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देशों को प्रति वर्ष लगभग 100 बिलियन डॉलर का वित्तीय घाटा उठाना होगा। वैश्विक स्तर पर सरकारों, परिवारों और दानदाताओं द्वारा कुल शिक्षा व्यय में लगातार वृद्धि हुई है, लेकिन इससे प्रति बच्चे के आवंटन में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। चार में से तीन देश दो शिक्षा वित्त मानकों में से किसी को भी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। इस चिन्ता का आधार इस रिपोर्ट का यह अंश बनता है कि इन आंकड़ों में यूनेस्को की पिछली रिपोर्ट से 2.1 करोड़ वंचित बच्चों की वृद्धि दर्ज की गई है। वृद्धि का यह आंकड़ा गरीब देशों में तो विस्तृत हुआ ही है, अनेक विकासशील देश भी इससे अछूते नहीं रहे हैं। निःसंदेह विकासशील देशों के तौर पर इनमें भारत का नाम भी शुमार है हालांकि भारत संबंधी अलग आंकड़े इस रिपोर्ट में नहीं हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार चिन्ता यह भी उपजती है कि विश्व धरातल पर अधिकतर देश शिक्षा संबंधी अपने निर्धारित लक्ष्यों से पिछड़ते जा रहे हैं। इस कारण यह आशंका भी उभरती है कि वर्ष 2025 के अन्त तक शिक्षा से वंचित रहने वाले विश्व भर के बच्चों की संख्या ताज़ा रिपोर्ट के आंकड़ों से कहीं अधिक हो सकती है। इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा से वंचित रहने के वैसे तो अनेक कारण बताये जा सकते हैं किन्तु वर्तमान में दो बड़े कारण उभर कर सामने आते हैं। इनमें से एक तो यह है कि विश्व देशों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत विकासशील और ग़रीब देशों में स्कूलों में नये प्रवेशार्थियों की संख्या में 80 लाख से अधिक की वृद्धि हुई है जोकि कुल वृद्धि का 38 प्रतिशत बनती है। मौजूदा व्यवस्था इतनी बड़ी संख्या को सम्भाल पाने में समर्थ नहीं है। शिक्षा के अधिकार से वंचित कुल 27 करोड़ 20 लाख बच्चों में से 11 प्रतिशत अर्थात 7.80 करोड़ प्राइमरी स्कूलों से हैं। सैकेंडरी स्कूल तक के वंचित बच्चों की संख्या 6.40 करोड़ अर्थात कुल संख्या का 15 प्रतिशत और सर्वाधिक संख्या 13 करोड़ यानि 31 प्रतिशत सैकेंडरी से ऊपरी शिक्षा वाले बच्चों की है। स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने हेतु न जा पाने वाले बच्चों की संख्या में वृद्धि का एक और बड़ा कारण अफगानिस्तान और इसके जैसे कुछ अन्य अफ्रीकी कट्टरपंथी देशों में लड़कियों की शिक्षा प्राप्ति के अधिकार पर लगाया गया प्रतिबन्ध है। ऐसे देशों में लड़कियों की शिक्षा पर भांति-भांति के प्रतिबन्ध लगाये जाने से संयुक्त राष्ट्र संघ संस्था की इस संबंधी रिपोर्ट के आंकड़ों में भारी इज़ाफा हुआ है। इस रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक धरातल पर बढ़ती जन-आबादी भी स्थितियों की इस भयावहता के लिए ज़िम्मेदार हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र की आबादी संबंधी रिपोर्ट में बताया गया है कि बढ़ी आबादी में 6 से 17 वर्ष तक के बच्चों की संख्या कुल आबादी वृद्धि का 3.1 प्रतिशत अर्थात 4.90 करोड़ है। प्रायः इस आयु को स्कूल जाने वाले बच्चों का आधार रूप माना जाता है। स्कूल शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या में वृद्धि निरन्तर होते जाने का एक और बड़ा कारण विश्व-देशों में हो रहे युद्धों और छिट-पुट लड़ाइयों को भी माना जाता है। इनसे एक ओर जहां देशों में निष्क्रमण और प्रवासन बढ़ता है, वहीं आर्थिक स्थितियों का अवसान भी होता है। ये दोनों स्थितियां स्कूली उम्र के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से बुरी तरह से प्रभावित करती हैं। रिपोर्ट में हालांकि यह संकेत भी प्राप्त होता है कि ये आंकड़े कम दर्ज किए गए हैं, क्योंकि विश्व के अनेक भागों में, भिन्न-भिन्न देशों में बाहरी, आपसी और भीतरी सशस्त्र टकराव चल रहे हैं जिनके कारण भीतर तक जा पाना संयुक्त राष्ट्र संघ जांच दलों के सदस्यों के लिए सम्भव नहीं था। अतः ऐसे देशों के शिक्षा से वंचित बच्चों को शुमार करने से स्वाभाविक रूप से यह संख्या और बढ़ेगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर भोजनालयों को फूड लाइसेंस जरूरी

धामी सरकार के सख्त निर्देश

**एजेंसी। हरिद्वार**

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित भोजनालयों के लिए खाद्य लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र को प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य कर दिया है। स्वास्थ्य सचिव एवं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त आर राजेश कुमार ने बताया कि यात्रा मार्ग पर होटल व ढाबा मालिकों तथा ठेले और स्टॉल पर खाने-पीने की चीज़ें बेचने वालों को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाण पत्र की साफ प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करनी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों और ठेला-खोमचा



● **फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड :** होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालयों को 'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड' भी लगाना होगा जिससे ग्राहक ज़िम्मेदार व्यक्ति की पहचान कर सकें।

मालिकों को भी अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखने और प्रदर्शित करने होंगे।

उन्होंने आगे कहा कि होटल, भोजनालय, ढाबे और रेस्तरां को भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर 'खाद्य सुरक्षा डिस्प्ले बोर्ड' लगाना होगा, जिससे ग्राहक खाद्य गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान कर सकें। कुमार ने कहा कि इन निर्देशों का पालन न करने वाले व्यवसायियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 की धारा 55 के तहत कार्रवाई की जाएगी, जिसके तहत आदेश का उल्लंघन करने वालों पर 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इन आदेशों का सख्ती से पालन हो। उन्होंने कहा कि पंडालों और सामुदायिक रसोई में श्रद्धालुओं को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मिलावट करने वालों और मानकों से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।


### विशेष टीमें नियमित रूप से जांच के लिए नमूने एकत्र करेंगी

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि हरिद्वार, देहरादून, टिहरी, पौड़ी और उत्तरकाशी जिलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें नियमित रूप से पंडालों से दूध, मिठाई, तेल, मसाले और पेय पदार्थों के नमूने एकत्र करेंगी और उन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजेंगी। यदि कोई नमूना निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरता है, तो प्रतिष्ठान को तुरंत बंद कर दिया जाएगा। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू होने वाली है, जो श्रावण मास की शुरुआत का प्रतीक है। यात्रा के दौरान, भक्त हरिद्वार, गौमुख, गंगोत्री और सुल्तानगंज जैसे स्थलों से गंगा से पवित्र जल एकत्र करते हैं और इसे 'जलाभिषेक' की रस्म के माध्यम से स्थानीय शिव मंदिरों में चढ़ाते हैं।

# कोविड वैक्सीन और अचानक मौत में कोई संबंध नहीं : आईसीएमआर-एम्स

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के व्यापक अध्ययनों ने साफ कर दिया है कि कोविड-19 टीकों और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। इन अध्ययनों में जीवनशैली और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं को अचानक मौतों का प्रमुख कारण बताया गया है। आईसीएमआर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र ने 18 से 45 वर्ष की आयु के युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए दो अध्ययन किए। पहला अध्ययन आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान ने मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 अस्पतालों में किया। इसमें अक्टूबर 2021 से मार्च 2023 के बीच स्वस्थ दिखने वाले लोगों की अचानक मृत्यु के मामलों की जांच की गई। दूसरा अध्ययन वास्तविक समय में मौतों के कारणों का विश्लेषण करता है। इन अध्ययनों से साफ हुआ कि कोविड-19 टीके पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनके गंभीर दुष्प्रभाव बहुत दुर्लभ हैं। अचानक मौतों के पीछे आनुवंशिक कारण, खराब जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं मुख्य कारक हैं। अध्ययनों में पाया गया कि इस आयु वर्ग में दिल का दौरा (मायोकार्डियल इंफार्क्शन) अचानक मौत का सबसे बड़ा कारण है। पिछले वर्षों की तुलना में मौतों के कारणों में कोई खास बदलाव नहीं देखा गया। कई मामलों में आनुवंशिक बदलाव (म्यूटेशन) को भी मौत का संभावित कारण माना गया। अंतिम परिणाम जल्द साझा किए जाएंगे।



# फेमस होने के लिए सामाजिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश, तीन पर मामला दर्ज

**एजेंसी। मोतिहारी**

बिहार के पूर्वी चंपारण के टिकुलिया गांव में भाईचारे को खराब की एक बड़ी साजिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। गांव की साझी विरासत और सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाने की कोशिश कुछ लोगों ने महज "सोशल मीडिया की शोहरत" के लिए की थी, लेकिन मोतिहारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर ऐसी मानसिकता पर चोट की है जो समाज को जाति के नाम पर बांटना चाहती थी। आदापुर थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव में "ब्राह्मणों का प्रवेश वर्जित है" लिखे बोर्ड ने सोशल मीडिया से लेकर स्थानीय समाज तक सनसनी फैला दी। जांच में पता चला कि यह बोर्ड मंदीप कुमार नामक युवक (यूट्यूबर) द्वारा लगाया गया, जिसका मकसद यूट्यूब पर फेमस होना और विवाद खड़ा करना था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आदापुर थाना में कांड संख्या 246/25 दर्ज किया है। टिकुलिया निवासी कृष्णा राय के पुत्र मंदीप कुमार ने यह कृत्य अपने दो साथियों के सहयोग से किया, जिसमें बखरी निवासी संजीत कुशवाहा और भेलवा निवासी मनीष कुमार शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि तीनों ने मिलकर गांव के बाहर ऐसा बोर्ड लगवाया जिससे सामाजिक ताना-बाना बिगड़ सके। लेकिन गांव के बुद्धिजीवियों ने तुरंत इसकी जानकारी दी और मोतिहारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोर्ड हटवा दिया।

# आर्केस्ट्रा समूहों पर छापे में 6 नाबालिग बच्चियों को कराया गया मुक्त

**एजेंसी। पटना**

● मुक्त कराई गई बच्चियों को दिल्ली, पश्चिम बंगाल और नेपाल से ट्रैफिकिंग के जरिए लाया गया था

बिहार के सारण जिले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सूचना और नारायणी सेवा संस्थान की निशानदेही पर बिहार के सारण जिले की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आर्केस्ट्रा समूहों पर छापे मार कर छह नाबालिग लड़कियों को शोषण और यातना से मुक्त कराया। इनमें से तीन लड़कियां बिहार की जबकि एक-एक लड़की पश्चिम बंगाल, दिल्ली और नेपाल से ट्रैफिकिंग करके लाई गई थीं। मुक्त कराई गई इन बच्चियों ने बताया कि आर्केस्ट्रा संचालक न केवल उनके साथ अमानवीय व्यवहार करते थे, बल्कि जबरदस्ती अश्लील गाने पर डांस करवाते थे और मना करने पर प्रताड़ित भी करते थे। मालूम हो कि बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए काम करने वाले संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए पटना हाई कोर्ट ने पिछले हफ्ते आर्केस्ट्रा समूहों में ट्रैफिकिंग के जरिए लाई गई नाबालिग बच्चियों के यौन शोषण और उत्पीड़न को रोकने के लिए उनके नियमन और निगरानी के लिए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। इसके बाद आर्केस्ट्रा समूहों पर सरकार और प्रशासन ने कड़ी नजर रखनी शुरू कर दी है।

## गोरखनाथ विवि के लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का किया शिलान्यास

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : मूर्मू

● **महिला छात्रावास का शिलान्यास :** नए महिला छात्रावास की आधारशिला रखी, इसे नारी सशक्तीकरण की दिशा में अहम कदम बताया।

● **वन महोत्सव में सहभागिता :** राष्ट्रपति ने रुद्राक्ष का पौधा रोपकर वन महोत्सव का शुभारंभ किया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

● **राष्ट्र सर्वोपरि की भावना पर बल :** महाराणा प्रताप के आदर्शों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रप्रेम व त्याग को प्रेरणास्रोत बताया।

● **विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता व राष्ट्रप्रेम की प्रेरणा :** छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ भारतीय मूल्यों और जनसेवा को अपनाने की अपील



### महिला शिक्षा को बढ़ावा देगा नया छात्रावास: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति ने कहा कि मानव शरीर को दोषमुक्त बनाने में पंचकर्म की प्रक्रिया बहुत प्रभावी सिद्ध हुई है। इस क्रिया की सहायता से असाध्य रोगों के सफल उपचार के उदाहरण देखने को मिलते हैं। नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे। उन्होंने कक्षा सात की पढ़ाई पूरी करके मैं सत्र 1970-71 में आठवीं व उसके आगे की पढ़ाई करने के लिए अपने गांव से 300 किमी. दूर भुवनेश्वर गई। 55 वर्ष पहले वह दूरी भी बहुत अधिक थी, क्योंकि तब आवागमन के साधन बहुत सीमित हुआ करते थे। मुझसे पहले मेरे गांव की कोई बालिका बाहर पढ़ने नहीं गई थी। भुवनेश्वर में मुझे महिला छात्रावास में रहने की सुविधा मिली। अब तो बहुत बदलाव आ चुका है। हमारी बेटियां विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं, लेकिन आज भी अनेक बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। बेटियों के लिए सुरक्षित आवास न होने से उनकी उच्च शिक्षा की यात्रा में अवरुद्ध होता है। कभी-कभी शिक्षा रुक भी सकती है, इसीलिए विश्वविद्यालय में नए बालिका छात्रावास की स्थापना का निर्णय महिलाओं की उच्च शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान है।

**एजेंसी। गोरखपुर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के अंतर्गत रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तीकरण की दिशा में अमूल्य पहल है। महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्र गौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

उन्होंने आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। यह संस्थान महंत दिग्विजयनाथ एवं महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की परंपरा से जुड़ा हुआ है। उनकी परंपरा के अनुरूप गोरक्षपीठ व महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद से जुड़े सभी संस्थानों, व्यक्तियों (विशेषकर युवाओं) को जनसेवा, शिक्षा तथा भारत के सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अगाध श्रद्धा के साथ कार्य करना चाहिए। गोरखनाथ मंदिर से निकली गौरवशाली शाखाओं में से महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी शोभायमान है। विश्वविद्यालय के नए भवन में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से विद्यार्थी, शिक्षक और अधिक निष्ठा के साथ आगे बढ़ेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परोपकार व जनहितैषी लक्ष्यों के लिए कार्य करने में निजी उच्च शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गोरखपुर व आसपास के क्षेत्र में उच्च शिक्षा में योगदान देने वाला यह पहला निजी विश्वविद्यालय है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया था। केवल चार वर्ष में विश्वविद्यालय ने विकास यात्रा में प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। यह संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा एवं रोजगारपरक शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन गया है। इस विकास यात्रा में मुख्यमंत्री, विश्वविद्यालय के संस्थापक, कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ का अमूल्य दिशानिर्देश व संबल उपलब्ध रहा है।

## कोलकाता गैंगरेप मामले में बड़ा खुलासा

# लॉ छात्रा को इनहेलर दिया गया ताकि कुकर्म किया जा सके

**एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता में कानून की छात्रा के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने वाले आरोपी ने उसकी पीड़ा कम करने के लिए नहीं, बल्कि उसे पैनिक अटैक के बाद होश में लाने और हमले को लंबा खींचने के लिए इनहेलर खरीदा था, पुलिस ने अदालत को बताया। मुख्य सरकारी वकील ने यह दलील तब दी, जब कोलकाता की अदालत ने तीनों आरोपियों की पुलिस हिरासत 8 जुलाई तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान सरकारी वकील सौरिन घोषाल ने कहा कि जब 24 वर्षीय लॉ छात्रा को पैनिक अटैक आया तो उसे इनहेलर इसलिए दिया गया था क्योंकि वह घबराई हुई थी, लेकिन इसलिए नहीं कि वह ठीक हो जाए और फिर से उसका बलात्कार हो। मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा, जो तृणमूल कांग्रेस की छात्र शाखा से जुड़ा हुआ था, और कॉलेज के दो छात्रों सहित चार लोगों को अब तक गिरफ्तार किया गया है। सरकारी आयोजकों ने कहा कि वे बहुत हताश थे। जब महिला की सांस फूलने लगी, तो उसे इनहेलर दिया गया, उसे होश में लाने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि वह होश में आ जाए और वे उसका यौन शोषण कर सकें। हालांकि, बचाव पक्ष के वकील ने इस बात से इनकार किया और कहा कि आरोपी ने मानवीय कारणों से उसे इनहेलर खरीदा था, क्योंकि उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।

## प्रियांक खड़गे के बयान पर भड़के नकवी, कहा-

# मूर्खों का अड्डा बनती जा रही है कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता प्रियांक खड़गे के 'आरएसएस पर प्रतिबंध' लगाने वाले बयान पर सियासत जारी है। कांग्रेस नेता के बयान पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मूर्खों का अड्डा बनती जा रही है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, "कांग्रेस पार्टी मूर्खों की बेवकूफी का अड्डा बनती जा रही है। इसका नतीजा यह है कि कांग्रेस बर्बाद हो रही है। कांग्रेस नेता ने हाल ही में आरएसएस पर सवाल उठाए हैं। वे आरएसएस के खिलाफ बहुत पहले से दुष्प्रचार कर रहे हैं। वे आरएसएस को बैन करते-करते खुद ही बैन हो गए हैं। कांग्रेस पार्टी आरएसएस की राष्ट्रवादी सोच और मुहिम को बैन नहीं कर सकती है।" कांग्रेस नेता अजय कुमार द्वारा 'सिक्किम को पड़ोसी देश' बताए जाने पर भी उन्होंने निशाना साधा। भाजपा नेता ने कहा, "कांग्रेस पार्टी बेवकूफों की पार्टी बनती जा रही है, जिस वजह से उनका बंटाधार हो रहा है। उत्तराखंड सरकार के ढाबा और दुकान मालिकों को कांवड़ मार्ग पर नेमप्लेट लगाने के आदेश पर भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, "कांवड़ मार्ग पर बिरयानी का स्टॉल लगाना न तो जरूरी है और न ही मजबूरी है। कुछ लोग कहते हैं कि वे कांवड़ मार्ग पर चिकन और मटन बिरयानी बेचेंगे, यह न तो जरूरी है और न ही मजबूरी है, बल्कि यह शरारत है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। मेहमानों का आगमन होगा।

**वृष :** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। सम्पत्ति से लाभ।

**मिथुन :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मनोविनोद बढ़ेगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**कन्या :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। स्थान परिर्वतन की संभावना हैं।

**तुला :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का योग है।

**वृश्चिक :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें।

**धनु :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। परिवारजन का सहयोग काम को बनाना आसान करेगा। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। शुभ कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा।

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी।

**कुंभ :** विद्यार्थियों को लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। ड्क्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मीन :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के लगाए प्रेशर आईईडी विस्फोट से ग्रामीण गंभीर

**एजेंसी। बीजापुर**

● **विस्फोट में पैर बुरी तरह जख्मी :** धमाके में विशाल गोटे के पैर के चिथड़े उड़ गए, स्थिति गंभीर बनी हुई है।

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र अंर्तगत सिराकोंटा-दंपाया के मध्य स्थित जंगल में नक्सलियों द्वारा लगाये गये प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से बुधवार को एक ग्रामीण विशाल गोटे (32 वर्ष) निवासी पेगड़ापल्ली के पैर के चिथड़े उड़ गए। जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज में उसका उपचार जारी है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दे दी है। बीजापुर एएसपी चंद्रकांत गवर्णा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की जांच की जा रही है। बीजापुर एएसपी ने बताया कि अनुसार ग्राम पेगड़ापल्ली निवासी ग्रामीण विशाल गोटे सिराकोंटा-दंपाया के जंगल से फुटू (प्राकृतिक मशरूम) निकालने के लिए गया था। लेकिन उस इलाके में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले से ही प्रेशर आईईडी प्लांट कर रखी हुई थी। इस दौरान ग्रामीण का पैर प्रेशर आईईडी पर आ गया, जिससे जोर का धमाका हुआ। प्रेशर आईईडी के विस्फोट में ग्रामीण के पैर के चिथड़े उड़ गए। जिस समय धमाका हुआ उस समय गांव के कुछ और ग्रामीण भी वहां मौजूद थे। इसके बाद ग्रामीणों ने घायल को पहले मद्देड़ अस्पताल लाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल और फिर जगदलपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है।

## कृत्रिम बारिश क्यों टली?

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि कृत्रिम बारिश के लिए क्लाउड सीडिंग परियोजना का परीक्षण मानसून के कारण स्थगित कर दिया गया है और अब यह 30 अगस्त से 10 सितंबर के बीच किया जाएगा। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि क्लाउड सीडिंग के जरिए कृत्रिम बारिश की अनुमति पाने में हम सफल रहे हैं। हम अगस्त के अंत से सितंबर के पहले सप्ताह के बीच इसका परीक्षण करेंगे। हम यह जानने के लिए पांच परीक्षण करेंगे कि क्या यह दिवाली या सितंबर में जमा होने वाले स्मॉग के खिलाफ कारगर हो सकता है। मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 4 जुलाई से 11 जुलाई के बीच परीक्षण के लिए मंजूरी दे दी है।

## नेशनल हेराल्ड मामला

# सोनिया-राहुल पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप की सुनवाई शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने अब बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड अखबार से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को दैनिक सुनवाई शुरू की। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके बेटे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े इस हाई-प्रोफाइल मामले की सुनवाई सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने कर रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल वी राजू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को हड़पना चाहती थी, जिसकी संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये की थी। एएसजी ने कहा कि यह साजिश कांग्रेस पार्टी के इशारे पर सोनिया और राहुल गांधी ने रची थी। एजेएल पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड अखबार का प्रकाशन करता था। राजू ने कहा कि यंग इंडियन बनाने की साजिश रची गई थी, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी के 76% शेयर थे, ताकि कांग्रेस से लिए गए 90 करोड़ रुपये के कर्ज के लिए 2,000 करोड़ रुपये की संपत्ति हड़पी जा सके। एसजी एस वी राजू ने कहा, "यंग इंडियन ने घोषणा की थी कि सोनिया गांधी और राहुल गांधी लाभकारी मालिक थे। एएसजी ने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा यंग इंडियन में प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी थे।"एएसजी एसवी राजू ने दलील दी कि 2000 करोड़ रुपये की संपत्ति वाली कंपनी एजेएल को 90 करोड़ रुपये के लोन के लिए अधिग्रहित किया गया।

**भ्रष्टाचार मुक्त** भाजपा ने खुद को नफरत नहीं, सेवा और विकास की राजनीति करने वाला दल बताया

# भाजपा ने जो कहा, वह करके दिया : राजनाथ सिंह

● **इस वर्ष होने वाले चुनाव में एनडीए की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनने की बात कही।**

**एजेंसी। पटना**



### ...ठाकुर और अंबेडकर के अपमान का आरोप

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजद के अध्यक्ष लालू यादव के जननायक कर्पूरी ठाकुर और भीमराव अंबेडकर की तस्वीर के अपमान करने की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने मुख्यमंत्री रहते समय कर्पूरी जी की विरासत और मूल्यों दोनों को हाशिए पर डाल दिया। यहां तक कि न कोई स्मृति स्थल, न कोई ठोस योजना उनके नाम पर, न कोई विचारधारा का प्रचार। मोदी जी ने न सिर्फ कर्पूरी जी का नाम नई पीढ़ी को फिर से याद दिलाया, बल्कि उनकी जीवन शैली और सिद्धांतों को 21वीं सदी की राजनीति का आदर्श बनाया।

बिहार की राजधानी पटना में बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने न केवल विपक्ष को निशाने पर लिया बल्कि भाजपा और एनडीए को लेकर तारीफ के कसीदे भी गढ़े। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राजद और कांग्रेस के लिए सत्ता जनसेवा नहीं बल्कि परिवारवाद है जबकि भाजपा ने जो कहा, वह कर के दिखाया है। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में उन्होंने इस साल होने वाले चुनाव में फिर से एनडीए की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनने का दावा करते हुए कहा कि एनडीए की सरकार में बिहार में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि बिहार विकसित राज्य बनेगा। चाहे मुख्यमंत्री हों, उपमुख्यमंत्री हों या मंत्री, किसी पर भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष नफरत की राजनीति करता है, जबकि भाजपा सेवा और विकास की राजनीति करती है। हर कार्यकर्ता का फर्ज है कि वह हर घर तक पहुंचे और मोदी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दे। हमें लोगों को यकीन दिलाना है कि अगर कोई बिहार का खोया गौरव लौटा सकता है, तो वह भाजपा और एनडीए है। केवल हमें चुनाव के लिए नहीं, बल्कि उन लोगों के लिए काम करना है जो एक समय बिहार से पलायन कर गए थे, भाजपा का मकसद सिर्फ सरकार चलाना नहीं, बल्कि समाज को जोड़ना और हर व्यक्ति की गरिमा को बनाए रखना है। राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का एक ही उद्देश्य है, सत्ता में बने रहना। जबकि भाजपा का उद्देश्य भारत के हर नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना है, ऐसी नीतियां बनाना है जिसमें समाज के हर वर्ग का विकास हो।

## ट्रंप के हरकतों से डालर की हालत होने लगी पतली

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कई दशक से दुनिया पर राज कर रही अमेरिका की करेंसी डालर की हालत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हरकतों से पतली होने लगी है। साल के पहले 6 महीनों में डॉलर इंडेक्स में 10.8% गिरावट आई है। यह साल 1973 में गोल्ड ब्रेटन वूड्स सिस्टम खत्म होने के बाद डॉलर का सबसे खराब प्रदर्शन है। इस सिस्टम को 1944 में बनाया गया था। इसमें डॉलर व फिक्स्ड एक्सचेंज रेट्स के लिए गोल्ड को आधार बनाया गया था। डॉलर के लिए 2009 के बाद किसी 6 महीने में यह सबसे खराब प्रदर्शन है। साथ ही ब्लूमबर्ग डॉलर स्पॉट इंडेक्स में लगातार छठे महीने गिरावट आई है। इससे पहले आठ साल पहले यह इंडेक्स इतने लंबे समय तक गिरा था। अमेरिकी डॉलर में इस साल स्विस फ्रेंक को मुकाबले 14.4 %, यूरो के मुकाबले 13.4 %, जापानी येन के मुकाबले 10.5 % और पाउंड के मुकाबले 9.6 % गिरावट आई है।' ट्रंप टैरिफ, देश में डेफिसिट स्पेंडिंग के संकट और फेड पर ब्याज में कटौती के दबाव से निवेशकों का डॉलर से मोहभंग हुआ है। यही वजह है कि यूएस डॉलर बियर मार्केट टेरिटरी के करीब पहुंच गया है। हाल के वर्षों में कई देशों ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में डॉलर की हिस्सेदारी कम की है और सोने की हिस्सेदारी बढ़ाई है। ग्लोबल रिजर्व में गोल्ड की हिस्सेदारी 2025 की दूसरी तिमाही में 23% पहुंच गई जो 30 साल में सबसे ज्यादा है। बीते छह साल में ग्लोबल रिजर्व में गोल्ड की हिस्सेदारी दोगुनी हो चुकी है। चीन, तुर्की, भारत और पोलैंड समेत दुनिया के कई देशों के सेंट्रल बैंक तेजी से अपना गोल्ड रिजर्व बढ़ा रहे हैं। चीन के केंद्रीय बैंक ने मई में लगातार सातवें महीने सोने की खरीदारी की। इतना ही नहीं, चीन अपने नागरिकों को भी सोने की होल्डिंग बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। साल की दूसरी तिमाही में ग्लोबल रिजर्व में अमेरिकी डॉलर की हिस्सेदारी 10 परसेंटेज पॉइंट घटकर 44 फीसदी रह गई है जो 1993 के बाद सबसे कम है।

- **टैरिफ, देश में डेफिसिट स्पेंडिंग के संकट व फेड पर ब्याज में कटौती से निवेशकों का डॉलर से मोहभंग हुआ है**

# 500% टैरिफ... रूस से भारत की दोस्ती तुड़वाने पर अड़ गए ट्रंप

## सीनेट से मिली होश उड़ाने वाले विधेयक को मंजूरी

**न्यूयॉर्क । एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीनेट के एक विधेयक को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत रूस से तेल और ऊर्जा उत्पाद खरीदने वाले चीन और भारत जैसे देशों पर 500% टैरिफ लगाया जा सकता है। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को एबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि ट्रंप ने उनसे कहा है कि प्रतिबंध विधेयक को मतदान के लिए आगे लाया जाना चाहिए। ग्राहम रूस पर नए सख्त प्रतिबंध विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। ग्राहम ने ट्रम्प के निर्णय को एक बड़ी सफलता बताया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन पर बातचीत की मेज पर लाने के प्रयासों का हिस्सा है और ट्रम्प को ऐसा करने के लिए "एक उपकरण" प्रदान करता है।

### किस बारे में है ये बिल?

यदि आप रूस से उत्पाद खरीद रहे हैं और यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं, तो आपके उत्पादों पर संयुक्त राज्य अमेरिका में आने पर 500% टैरिफ लगेगा। भारत और चीन पुतिन के तेल का 70% खरीदते हैं। वे उसकी युद्ध मशीन को चालू रखते हैं। हालांकि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रम्प को छूट प्राप्त है और वे यह निर्णय ले सकते हैं कि कांग्रेस द्वारा पारित किए जाने के बाद इसे कानून बनाना है या नहीं। इससे पहले ग्राहम ने एक इंटरव्यू में कहा था कि मुझे रूसी प्रतिबंध विधेयक के लिए 84 सह-प्रायोजक मिले हैं, जो यूक्रेन पर रूस के क्रूर आक्रमण के लिए चीन, भारत और रूस के खिलाफ एक आर्थिक बंकर बस्टर है। मुझे लगता है कि यह विधेयक पारित होने जा रहा है।

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर के अनुसार, मई 2025 में भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार था। इसने अनुमान लगाया कि भारत ने मई में रूस से 4.2 बिलियन यूरो मूल्य के जीवाश्म ईंधन खरीदे, जिसमें कच्चे तेल की मात्रा कुल मात्रा का 72% थी।

## अब अमेरिकियों को ही देश से बाहर करने लगे डोनाल्ड ट्रंप

### डिपोर्टेशन पर बताया अपनी सरकार का अगला टारगेट



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ अमेरिकी नागरिकों को निर्वासित करने का आह्वान किया, जिन्होंने 'बेसबॉल बैट से लोगों को मारने' जैसे अपराध किए हैं। फ्लोरिडा में प्रवासी हिरासत केंद्र के दौरे के दौरान ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, "वे हमारे देश के लिए नए नहीं हैं। वे हमारे देश के लिए पुराने हैं। उनमें से कई हमारे देश में पैदा हुए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग दूसरों के सिर पर बेसबॉल बैट मारकर या चाकू मारकर हत्या करते हैं, उन्हें अमेरिका से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए। ट्रंप ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि अगर आप सच जानना चाहते हैं तो हमें उन्हें यहां से भी निकाल देना चाहिए। तो शायद यही अगला काम होगा। रिपब्लिकन ने न्यूयॉर्क का भी ज़िक्र किया और कहा कि शहर में ऐसी कई घटनाएँ हुई हैं, जो उनके अनुसार दुर्घटनाएं नहीं थीं। उन्होंने कहा कि भले ही हम उन्हें भूल जाएँ, लेकिन न्यूयॉर्क में कुछ बहुत बुरी दुर्घटनाएँ हुई हैं। वे दुर्घटनाएँ नहीं थीं। अमेरिकी न्याय विभाग ने पिछले महीने एक ज्ञापन जारी किया था जिसमें कहा गया था कि वह कुछ लोगों की नागरिकता रद्द कर देगा, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने अपराध किए हैं, जासूसी की है, या जानबूझकर गलत जानकारी देकर महत्वपूर्ण तथ्य छिपाए हैं। मेमो में कहा गया कि युद्ध अपराध, न्यायेतर हत्या या अन्य गंभीर मानवाधिकार हनन में संलिप्त व्यक्तियों की नागरिकता रद्द कर दी जाएगी; प्राकृतिक अपराधियों, गिरोह के सदस्यों या वास्तव में, ऐसे किसी भी व्यक्ति को नागरिकता से हटा दिया जाएगा जो संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए खतरा पैदा करने वाले अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया हो; तथा दोषी ठहराए गए आतंकवादियों को अमेरिकी धरती पर लौटने या अमेरिकी पासपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रा करने से रोका जाएगा।

## सरकार ने ओला-उबर, रैपिडो इनड्राइव को पीक आवर में किराया दोगुना वसूलने की अनुमति दी

**ब्यूरो**


**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने जो नए नियम जारी किए हैं, उसके अनुसार यदि आप ओला, उबर, रैपिडो , इनड्राइव से यात्रा करते हैं तो पीक आवर में दो गुना चार्ज देना होगा। सरकार ने राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म के लिए नए नियम बनाए हैं। अब ये कंपनियां पीक आवर्स में बेस फेयर से दोगुना तक चार्ज कर सकती हैं। पहले यह लिमिट 1.5 गुना थी। इन नियमों के अनुसार नॉन-पीक आवर्स में किराया बेस फेयर का कम से कम 50% होना चाहिए। सरकार ने सभी राज्य सरकारों को कहा है कि वे इन नियमों को तीन महीने के अंदर लागू करें।मंत्रालय के मुताबिक इसका मकसद यह है कि यात्रियों को ज्यादा डिमांड के समय उचित कीमत पर राइड मिले और कंपनियां मनमानी छूट न दे सकें। अलग-अलग तरह की गाड़ियों जैसे टैक्सी, ऑटो-रिक्शा और बाइक टैक्सी के लिए बेस फेयर राज्य सरकारें तय करेंगी। अगर किसी राज्य ने अभी तक बेस फेयर तय नहीं किया है, तो राइड-हेलिंग कंपनी को राज्य सरकार को अपना किराया बताना होगा। दिल्ली व मुंबई में टैक्सी का बेस फेयर लगभग 20-21 रुपये प्रति किलोमीटर है, जबकि पुणे में यह 18 रुपये है। राइड कैंसिलेशन के मामले में अगर ड्राइवर ऐप पर राइड एक्सेप्ट करने के बाद बिना किसी खास वजह के उसे कैंसिल करता है, तो उस पर किराये का 10% जुर्माना लगेगा, जो कि अधिकतम 100 रुपये हो सकता है। यह जुर्माना ड्राइवर और राइड-हेलिंग कंपनी दोनों को मिलकर भरना होगा। इसी तरह, यदि कोई यात्री बुक की गई राइड को कैंसिल करता है, तो उस पर भी जुर्माना लगेगा। नए नियमों के अनुसार, राइड-हेलिंग कंपनियों के साथ काम करने वाले सभी ड्राइवरों के लिए इंश्योरेंस कवर अनिवार्य कर दिया गया है। हर ड्राइवर को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख रुपये का टर्म इंश्योरेंस मिलना चाहिए। मंत्रालय ने यह भी साफ किया है कि ड्राइवर को यात्री को लेने जाने से पहले खाली गाड़ी चलाने का चार्ज (डेड माइलेज चार्ज) नहीं लगेगा, जब तक कि पिक-अप की दूरी 3 किलोमीटर से कम न हो। अगर पिक-अप की दूरी 3 किलोमीटर से कम है, तो ड्राइवर यात्री के घर से ही किराया लगा सकता है।यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए राइड-हेलिंग कंपनियों को व्हीकल लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगाने होंगे। इस डिवाइस से मिलने वाला डेटा कंपनी के सिस्टम के साथ-साथ राज्य के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को भी भेजा जाएगा। सर्विस की क्वालिटी बनाए रखने के लिए राइड-हेलिंग कंपनियों को हर साल सभी ड्राइवरों के लिए रिफ्रेशर ट्रेनिंग करानी होगी। इसके अलावा, जिन ड्राइवरों की रेटिंग कंपनी के साथ उनके कार्यकाल के दौरान सबसे निचले 5% में आती है, उन्हें हर तीन महीने में रिफ्रेशर कोर्स करना होगा। जो ड्राइवर ऐसा नहीं करेंगे, उन्हें राइड-हेलिंग प्लेटफॉर्म पर काम करने से रोक दिया जाएगा।

# विदेशी वकीलों की सदस्यता को लेकर बढ़ते विवाद

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत में वकीलों की सर्वोच्च नियामक संस्था बार काउंसिल ऑफ इंडिया और सोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स के बीच विदेशी वकीलों की सदस्यता को लेकर बने नए नियमों पर तकरार तेज हो गई है। बीसीआई ने एसआईएलएफ के सदस्यों को चेतावनी दी है कि संस्था की अधिकारिता को कमजोर करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। राज्यसभा में बीजेपी सांसद और सीनियर एडवोकेट मनन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बीसीआई ने एसआईएलफ पर आरोप लगाया है कि वह "स्व-रक्षण की संस्था" बन गई है, जो कुछ चुनिंदा भारतीय लॉ फर्म्स के हितों की रक्षा कर रही है, जिन्होंने कॉरपोरेट व मध्यस्थता के काम में एकतरफा दबदबा बना लिया है।बीसीआई ने एक बयान में आरोप लगाया कि इन फर्म्स ने विदेशी क्लाइंट्स व नेटवर्क्स के साथ अनौपचारिक संबंधों का लाभ उठाया है, जिससे छोटे व मध्यम आकार की फर्म्स को सीमा-पार कानूनी काम के अवसरों से वंचित होना पड़ा। एसआईएलफ के अध्यक्ष ललित भसीन ने बीसीआई के ताज़ा बयान पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।उनका कहना है कि एसआईएलफ अपने सुझाव तैयार कर रहा है ताकि नियमों को 2018 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले के अनुरूप बनाया जा सके, जिसमें विदेशी वकीलों को भारत में प्रवेश की अनुमति दी गई थी, लेकिन सिर्फ "फ्लाई इन-फ्लाई आउट" आधार पर। उन्होंने कहा कि ये सुझाव भारतीय लॉ फर्म्स के हितों को ध्यान में रखते हुए दिए जाएंगे, जिन्हें बीसीआई द्वारा नियम बनाते समय पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। जब उनसे बीसीआई के कड़े बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई, तो भसीन ने कहा, "हम बीसीआई के पत्र का जवाब तब देंगे जब हम अपने सुझाव उन्हें सौंपेंगे, साथ ही ये सुझाव केंद्रीय कानून मंत्रालय, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय को भी भेजे जाएंगे." मालूम हो कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सायरिल श्रॉफ की अध्यक्षता में एक समिति बनाई है, जो संबंधित पक्षों से बातचीत करेगी और नियमों के संतुलित और रचनात्मक क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेगी। मई 2025 में, बीसीआई ने विदेशी वकीलों को भारत में काम करने की अनुमति देने वाले नए नियम अधिसूचित किए थे, लेकिन उन्हें केवल सलाहकार भूमिका या गैर-मुकदमेबाज़ी मामलों जैसे विदेशी कानून, अंतरराष्ट्रीय कानून या अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक मध्यस्थता तक सीमित रखा गया है।बीसीआई ने कहा कि ये नियम "विस्तृत परामर्श" और भारतीय लॉ फर्म्स की "सकारात्मक प्रतिक्रिया" के आधार पर बनाए गए हैं। इन नियमों का क्रियान्वयन नियामकीय निगरानी और भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने पर निर्भर करेगा। इसके अलावा, विदेशी लॉ फर्म्स को बीसीआई के साथ पंजीकरण कराना होगा। यह शर्त इसलिए जोड़ी गई है ताकि भारत में सेवा देने के दौरान ये फर्म्स जवाबदेह बनी रहें। एसआईएलएफ ने इन नियमों का विरोध किया है। उनका कहना है कि ये 2018 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का उल्लंघन करते हैं। उस फैसले में विदेशी लॉ फर्म्स को भारत में काम करने की अनुमति दी गई थी, लेकिन साथ ही केंद्र सरकार और बीसीआई को उनके संचालन को विनियमित करने का निर्देश भी दिया गया था। एसआईएलएफ का दावा है कि शीर्ष अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा था कि विदेशी वकीलों को सिर्फ "फ्लाई इन-फ्लाई आउट" आधार पर काम करने की अनुमति दी जाए।लेकिन एसआईएलएफ का तर्क है कि बीसीआई के नियम अदालत की इस महत्वपूर्ण टिप्पणी की अनदेखी करते हैं और इनका दायरा बहुत बढ़ा हुआ है, क्योंकि ये विदेशी लॉ फर्म्स को भारतीय फर्म्स के साथ साझेदारी करके भारत में काम करने की अनुमति देते हैं। भारत में विदेशी वकीलों की एंट्री हमेशा से एक विवादास्पद मुद्दा रही है, और यह पहली बार नहीं है जब इस कदम का विरोध हुआ हो। पहले भी, विदेशी अधिवक्ताओं को भारत में वकालत करने की अनुमति देने के सुझाव पर स्थानीय कानूनी समुदाय ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी, जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में यह फैसला नहीं दिया कि वे भारत में न तो दफ्तर खोल सकते हैं और न ही किसी भी प्रकार की वकालत—चाहे मुकदमेबाज़ी से जुड़ी हो या सलाहकारी भूमिका में—कर सकते हैं। सन 2000 में, राजधानी दिल्ली के वकीलों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया था, जब भारत के विधि आयोग के एक वर्किंग पेपर ने अधिवक्ताओं अधिनियम, 1961 में संशोधन करके विदेशी कानूनी सलाहकारों को भारत में प्रैक्टिस करने की अनुमति देने का सुझाव दिया था। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान जब वकीलों ने संसद की ओर मार्च करने की कोशिश की, तो दिल्ली पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई और उन पर लाठीचार्ज किया गया। इसी बीच, भारतीय रिज़र्व बैंक पहले ही विदेशी लॉ फर्म्स को भारत में लायज़न ऑफिस खोलने के लिए लाइसेंस जारी कर चुका था। यह लाइसेंस विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम, 1973 के तहत दिए गए थे। इस कदम को चुनौती देते हुए गैर-लाभकारी संस्था लॉयर्स कलेक्टिव ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि भारत में कानूनी व्यवस्था को अधिवक्ताओं अधिनियम नियंत्रित करता है, इसलिए आरबीआई को ऐसे लाइसेंस जारी करने का अधिकार नहीं था।

दिसंबर 2009 में बॉम्बे हाई कोर्ट ने इन लाइसेंसों को अमान्य करार देते हुए रद्द कर दिया और यह स्पष्ट किया कि "प्रैक्टिस" की परिभाषा में क्या-क्या शामिल होता है। कोर्ट ने कहा कि दस्तावेज तैयार करना, कानूनी राय देना, क्लाइंट्स को सलाह देना, और केवल कोर्ट में पेश होना ही नहीं, बल्कि ये सभी गतिविधियां "प्रैक्टिस" की श्रेणी में आती हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि गैर-मुकदमेबाज़ी सेवाएं देने के लिए भी लॉ ग्रेजुएट्स को अधिवक्ताओं अधिनियम के तहत राज्य बार काउंसिल में पंजीकृत होना अनिवार्य है। एक साल बाद मद्रास हाई कोर्ट ने एक भिन्न दृष्टिकोण अपनाया और कहा कि हालांकि विदेशी लॉ फर्म्स या वकील अधिवक्ताओं अधिनियम या बीसीआई के नियमों का पालन किए बिना भारत में प्रैक्टिस नहीं कर सकते, लेकिन उन्हें अस्थायी रूप से भारत आने या "फ्लाई-इन, फ्लाई-आउट" आधार पर विदेशी कानून या अंतरराष्ट्रीय कानूनी मामलों पर सलाह देने से रोका नहीं जा सकता। यह फैसला वकील ए.के. बालाजी द्वारा दायर एक याचिका पर आया था, जिसमें उन्होंने कई विदेशी लीगल प्रोसेस आउटसोर्सिंग फर्म्स की स्थापना को चुनौती दी थी। बालाजी ने इन एलपीओज को विदेशी लॉ फर्म्स बताया था, जो अधिवक्ताओं अधिनियम के तहत मान्य नहीं थीं। मद्रास हाई कोर्ट ने भारत में मध्यस्थता कार्यवाही, खासकर अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक मध्यस्थता के तहत, विदेशी वकीलों की भागीदारी को भी अनुमति दी थी।मद्रास हाई कोर्ट के इस फैसले से असहमति जताते हुए बीसीआई ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की, जिसने 2018 में इस मुद्दे पर एक विस्तृत निर्णय सुनाया।भसीन ने भारत में विदेशी वकीलों पर लगाई गई सीमाओं पर ज़ोर देते हुए 2018 के फैसले का हवाला दिया। उन्होंने कहा, "फैसले ने बीसीआई को निर्देश दिया था कि वह सभी पक्षकारों से चर्चा करके नियम बनाए। लेकिन संस्था ने ऐसा किए बिना ही नियम जारी कर दिए।" 2023 में भी बीसीआई ने एक नियमावली जारी की थी, लेकिन उसे दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी गई। भसीन ने बताया कि 2023 और 2025 के नियमों में कोई अंतर नहीं है, इसलिए बीसीआई को मामले के फैसले तक इंतज़ार करना चाहिए था। बीसीआई के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित चुनौती के बावजूद, 2023 में जारी नियमों पर कोई रोक नहीं लगी है, इसलिए नई नियमावली जारी करने से बीसीआई को नहीं रोका गया।




- **एसआईएलएफ की तैयारी :** एसआईएलएफ वर्तमान में अपने सुझाव तैयार कर रहा है, ताकि नियमों को सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले के अनुसार ढाला जा सके।
- **विदेशी वकीलों की सीमित अनुमति :** सुप्रीम कोर्ट के 2018 के फैसले में विदेशी वकीलों को भारत में "फ्लाई इन-फ्लाई आउट" आधार पर ही काम करने की अनुमति दी गई थी।
- **भारतीय लॉ फर्म्स के हित :** भसीन ने कहा कि एसआईएलएफ के सुझाव भारतीय लॉ फर्म्स के हितों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं।
- **बीसीआई पर आरोप :** ललित भसीन का आरोप है कि नियम बनाते समय भारतीय लॉ फर्म्स के हितों को बीसीआई द्वारा पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया।

# दिमाग को तेज और स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये चार आदतें, डिमेंशिया से बचें

**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** इन दिनों आदमी जीवन जीने के संघर्ष में इस कदर तनाव, प्रदूषण में व विषाक्त आहार , साइड इफ़ेक्ट करने वाली दवाओं पर जी रहा है कि उसका असर उसके शरीर के हर अंग - प्रत्यंग व उसके काम पर पड़ रहा है। उसी तरह का एक असर दिमाग पर भी देखने को मिलने लगा है। याददाश्त कमजोर होने की। पहले कहा जाता था कि उम्र बढ़ने से शरीर के अंग शिथिल पड़ने लगते हैं।लेकिन अब तो देखने , सुनने , सोचने, याद करने की क्षमता में भी पहले ही कमी आने लगी है। इसके लक्षण व्यक्ति के बूढ़े होने के बजाय जवानी से ही दिखने लगे हैं। यह असर सिर्फ शरीर पर ही नहीं दिखता बल्कि याददाश्त भी कमजोर होने लगती है, लोग जरूरी काम व जरूरी चीजें रखकर भूल जाते हैं। भूलने की इस बीमारी को डिमेंशिया कहा जाता है। भारत व विश्व में करोड़ो लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। डिमेंशिया को हिंदी में मनोभ्रंश या स्मृतिभ्रंश कहते हैं। यह एक व्यापक शब्द है जो मस्तिष्क के काम करने की क्षमता में गिरावट को दर्शाता है, जिससे सोचने, याद रखने और तर्क करने की क्षमता प्रभावित होती है, और यह दैनिक जीवन को बाधित करता है ।यह एक न्यूरो कॉग्निटिव बीमारी है जो याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और रोजमर्रा के कार्य करने की योग्यता को प्रभावित करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2021 में दुनिया भर में लगभग 57 मिलियन लोग डिमेंशिया से ग्रसित थे। वैसे तो यह बीमारी बढ़ती उम्र वालों को ज्यादे चपेट में लेने लगी है, लेकिन जीवन चर्या , खान -पान व रहन-सहन में कुछ बदलाव करके इसके बढ़ने की गति कुछ धीमा करते हुए बचाव किया जा सकता है। इस बारे में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट व अल्जाइमर रिसर्च यूके के चीफ मेडिकल ऑफिसर प्रोफेसर जोनाथन शॉट का कहना है कि मस्तिष्क को स्वस्थ रखने व डिमेंशिया के खतरे को कम करने के लिए 4असरदार तरीके व कसरत हैं जो आपकी याददाश्त को मजबूत बनाते हैं, जो निम्न हैं-



**कुछ नया सीखें :** मस्तिष्क को किसी नई व अपरिचित चीज़ से चुनौती देना नई न्यूरल पाथवे बनाने में मदद करता है और कॉग्निटिव रिजर्व (कॉग्निटिव रिजर्व वह क्षमता है जो मस्तिष्क को क्षति या बीमारी के बावजूद सामान्य रूप से काम करने में मदद करती है। यह एक ऐसा गुण है जो मस्तिष्क को नुकसान के प्रति अधिक प्रतिरोधी बनाता है, जिससे व्यक्ति संज्ञानात्मक गिरावट से बेहतर ढंग से निपट सकता है।) को बढ़ाता है। कई शोध में ये बात साबित हो चुकी है कि सीखने की प्रक्रिया मस्तिष्क को लचीला व उम्र से संबंधित नुकसान को रोकती है। ये गतिविधियां मस्तिष्क के अलग-अलग हिस्सों को सक्रिय करती हैं और मस्तिष्क को चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। प्रोफेसर जोनाथन शॉट का कहना है कि ऐसी गतिविधियों में भाग लेना जो आपको खुशी देती हैं, बेहद जरूरी है। आप पेंटिंग, कोडिंग, डांसिंग जैसे कार्यों को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं।

**पूरे दिन किसी काम में व्यस्त रहें :** यदि आप अपने मस्तिष्क के स्वास्थ्य को दुरुस्त करना चाहते हैं तो आप पूरा दिन अपने को एक्टिव रखें। शरीर को सक्रिय रखने के लिए कसरत कीजिए। नियमित शारीरिक गतिविधि रक्तचाप , कोलेस्ट्रॉल व वजन को कम कर सकती है तथा मस्तिष्क के स्वास्थ्य में भी सुधार कर सकती है। नियमित रूप से 20 मिनट तक कसरत करने से हृदय ( दिल )की सेहत दुरुस्त रहती है और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है।

**टहलें जरूर :** अपने मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए ज़रूरी नहीं कि भारी-भरकम वर्कआउट करें। सिर्फ टहलने से भी आप अपनी याददाश्त को तेज कर सकते हैं और मस्तिष्क के स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं। चलना एक आसान व प्रभावी तरीका है जो ब्रेन हेल्थ को बेहतर बनाता है। टहलना मस्तिष्क के लिए फायदेमंद है। जिंदगी भर थोड़ा लेकिन नियमित रूप से सक्रिय रहना सबसे ज्यादा जरूरी है।

**लोगों से मेलजोल बढ़ाएं :** यदि आप अपनी याददाश्त को ठीक रखना चाहते हैं और डिमेंशिया (स्मृतिभ्रंश) से बचाव करना चाहते हैं तो आप लोगों से मेलजोल रखें। प्रोफेसर जोनाथन शॉट का कहना है कि मजबूत सामाजिक संबंध मस्तिष्क की सेहत के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। 2023 के एक अध्ययन के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के पास गुणवत्तापूर्ण सामाजिक संपर्क नहीं होता, तो मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस नामक हिस्से का आकार कम हो सकता है। हिप्पोकैम्पस मस्तिष्क का वह हिस्सा है जो यादों को बनाने और याद रखने में मुख्य भूमिका निभाता है। इससे सोचने-समझने की क्षमता भी घटती है और अल्जाइमर जैसी बीमारियों की संभावना बढ़ जाती है।इसलिए उक्त 4 काम करके अपने मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस नामक हिस्से का आकार कम नहीं होने दें, और मस्तिष्क को स्वस्थ रखें।

### सिनेमा को मिलने जा रही है नयी जोड़ी!

## प्रभास करेंगे करीना कपूर खान के साथ रोमांस?...





मारुति द्वारा निर्देशित प्रभास की अगली फिल्म द राजा साहब ने पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है। हॉरर-कॉमेडी में प्रभास एक मजेदार और नए किरदार में हैं और प्रशंसकों को उनका लुक और टीजर काफी पसंद आ रहा है। पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित इस फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन अब, इससे भी बड़ी चीज की योजना बनाई जा रही है - और यह सभी का ध्यान खींच रही है। कुछ महीने पहले, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि करीना कपूर प्रभास और संदीप रेड्डी वांगा की कॉप एक्शन ड्रामा स्पिरिट में अभिनय करेंगी।

**कहानी फिल्म जगत की**

मारुति द्वारा निर्देशित प्रभास की अगली फिल्म द राजा साहब ने पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है। हॉरर-कॉमेडी में प्रभास एक मजेदार और नए किरदार में हैं...

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को छह महीने जेल की सजा

### अदालत की अवमानना की दोषी करार

**ढाका । एजेंसी**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अदालत की अवमानना के एक मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यह फैसला न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाली अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 की तीन सदस्यीय पीठ ने सुनाया। रिपोर्ट में कहा गया है कि न्यायाधिकरण ने इसी मामले में गाईबांधा के गोविंदगंज निवासी शकील अकंद बुलबुल को भी दो महीने जेल की सजा सुनाई है। यह पहली बार है जब अपदस्थ अवामी लीग नेता को किसी मामले में सजा सुनाई गई है, जब से वह लगभग एक साल पहले देश छोड़कर भाग गई थी। इस साल जून में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के अभियोजकों ने पिछले साल बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का औपचारिक आरोप लगाया। आईसीटी के मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने आरोप लगाया कि हसीना ने अपनी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों पर "व्यवस्थित हमला" किया।




## जिला सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# कुछ राजनीतिक व पूर्व पदाधिकारियों की सुरक्षा में कटौती का निर्णय

- निजी अंगरक्षक आवंटन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा, अद्यतन सूची तैयार करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में निजी अंगरक्षक प्रदान करने हेतु प्राप्त आवेदनों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि निजी अंगरक्षक की मांग करने वाले व्यक्तियों के आवेदन की गंभीरता से समीक्षा की जाए। आवश्यकता के अनुसार ही निशुल्क अथवा सशुल्क अंगरक्षक दिए जाएं। कुछ पूर्व पदाधिकारियों एवं राजनीतिक व्यक्तियों की सुरक्षा में कटौती करने का भी निर्णय समिति द्वारा लिया गया। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला सुरक्षा समिति द्वारा अब तक आवंटित अंगरक्षकों की अद्यतन सूची तैयार कर समर्पित की जाए। साथ ही, जिन व्यक्तियों को अनावश्यक रूप से सुरक्षा प्रदान की गई है, उस पर पुनः विचार कर यथोचित कार्रवाई की जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सहायक समाहर्ता हिमांशु लाल, सामान्य शाखा उप समाहर्ता रश्मि रंजन, विशेष शाखा के डीएसपी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान अंगरक्षक से जुड़ी नीतियों, सुरक्षा प्राथमिकता और जिले की मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# एनडीपीएस मामले में दो दोषियों को 10 वर्ष की सजा, एक लाख जुर्माना भी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की अदालत ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कठोर कारावास और एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर आरोप सिद्ध होने के बाद यह फैसला सुनाया गया। दोषियों की पहचान मनातू थाना क्षेत्र के पकरियाडी गांव निवासी सिकंदर उर्फ गुड्डू और नावाजयपुर थाना क्षेत्र के दीपक कुमार उर्फ बिजली के रूप में हुई है। दोनों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 18(सी) के तहत दोषी ठहराया गया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अगर वे निर्धारित समय पर जुर्माना अदा नहीं करते हैं तो उन्हें एक वर्ष अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### जिला न्यायालय का सख्त रुख

अदालत ने फैसले में कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी समाज के लिए अत्यंत गंभीर खतरा है और ऐसे मामलों में कठोर सजा देकर नजीर पेश करना आवश्यक है, जिससे समाज में भय और कानूनी चेतना उत्पन्न हो। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अफीम जैसे प्रतिबंधित पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जा सकती।

**क्या था मामला ? :** यह मामला नावाजयपुर थाना कांड संख्या 24/2021 से जुड़ा है, जिसकी प्राथमिकी तीन अगस्त 2021 को दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी थाना प्रभारी रंजन कुमार द्वारा एनडीपीएस एक्ट की धाराएं 17, 18 और 22 के तहत चार नामजद आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी।

थाना प्रभारी के अनुसार, 2 अगस्त 2021 की रात 9 बजे ग्राम बंदुवा में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया। मोटरसाइकिल पर सवार दीपक कुमार की तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलोग्राम अफीम जैसा पदार्थ और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अफीम को तस्करी के उद्देश्य से मोटरसाइकिल से ले जाया जा रहा था। जब्त सामग्री की फॉरेंसिक जांच में पुष्टि हुई कि वह असली अफीम ही था।

पुलिस द्वारा की गई तफ्तीश और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने दोनों आरोपियों को दोषी पाया और यह सजा सुनाई। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से सशक्त गवाही और ठोस साक्ष्यों के आधार पर दोष सिद्ध हुआ।

# टोरी आरओबी निर्माण की मांग को लेकर किसानों ने निकाली दो दिवसीय पदयात्रा

- रेलवे फाटक की जाम समस्या को लेकर गडकरी का ध्यान आकर्षित कराने की कोशिश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** बरकाकाना–बरवाडीह सीआईसी सेक्शन के टोरी जंक्शन स्थित रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण की मांग को लेकर बुधवार से किसानों ने दो दिवसीय पदयात्रा की शुरुआत की। यह यात्रा किसान नेता व पंचायत समिति सदस्य अयूब खान के नेतृत्व में शुरू की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान ग्रामीणों ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की तस्वीरें लेकर गांव-गांव घूमते हुए लोगों को टोरी जाम की विकराल समस्या से अवगत कराया। ज्ञात हो कि वर्ष 2021 में केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री सोरेन ने संयुक्त रूप से टोरी आरओबी का ऑनलाइन शिलान्यास किया था, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। किसानों ने कहा कि टोरी जंक्शन के रेलवे फाटक पर हमेशा जाम लगा रहता है, जिससे विशेषकर गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को परेशानी होती है। कई लोगों की जान भी इस जाम में फंसने के कारण जा चुकी है। पदयात्रा की शुरुआत दामोदर गांव से हुई। इस दौरान किसान नेता अयूब खान ने कहा कि यह पदयात्रा जन-जागरण अभियान है। इसका उद्देश्य सिर्फ राजनीतिक दबाव नहीं, बल्कि जनता की आवाज को जिम्मेदारों तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द आरओबी का निर्माण शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

पदयात्रा में शामिल लोगों ने रेल फाटक पर हो रही असुविधाओं को विस्तार से बताया। पदयात्रियों में सनिका मुंडा, संजय राम, मोबीन खान, असरीता देवी, एतवरिया देवी, शीला देवी, सरहुलिया देवी, राजेश परहैया, सीताराम परहैया, विशाल परहिया, रोहित परहिया, चुनकु परहिया, बुटन परहिया, रमेश परहिया, भुनेश्वर परहिया, दिलीप परहिया, धर्मदेव परहिया समेत कई लोग शामिल रहे।

# पदभार संभालते ही मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के जेनरल खलीफा ने कराया सड़क मरम्मत

- खराब सड़कों की मरम्मत के लिए जेसीबी से शुरू हुआ कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के पोखरी गांव में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के नवनियुक्त जेनरल खलीफा अरशद उल कादरी ने पदभार ग्रहण करते ही कार्यशीलता का परिचय दिया है। मुहर्रम पर्व की तैयारी के तहत उन्होंने खराब पड़ी सड़कों की मरम्मत निजी खर्चे से प्रारंभ कर दी है। मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में जेसीबी मशीन के सहयोग से सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हुआ। जेनरल खलीफा ने बताया कि मुहर्रम के मौके पर सड़कें खराब रहने से ताजिया जुलूस और आम लोगों को काफी परेशानी होती है। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने निजी पहल पर सड़क को दुरुस्त कराने का निर्णय लिया। पोखरी गांव सहित आसपास के इलाकों में सातवीं मुहर्रम से लेकर पहलगाम तक ताजिया यात्रा निकाली जाती है, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। ऐसे में खराब सड़कों के कारण कार्यक्रम बाधित हो सकता था। इसी को देखते हुए जेनरल खलीफा ने पहल की। उन्होंने कहा कि मुहर्रम सौहार्द और त्याग का प्रतीक है। इसकी गरिमा बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुविधा देने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जहाँ जहाँ सड़क की मरम्मत की आवश्यकता होगी, वहाँ वह खुद पहल कर मरम्मत कराएंगे। स्थानीय लोगों ने उनकी इस तत्परता की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है और प्रशासन से आग्रह किया है कि वे भी पर्व की तैयारियों में सहयोग करें।

# बारियातू प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन



- विधायक प्रकाश राम ने की जन समस्याओं की सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को लातेहार विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीडीओ अमित कुमार पासवान, सीओ नंद कुमार राम, बीपीओ केतन गुप्ता, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जनता दरबार में विभिन्न क्षेत्रों से 56 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश शिकायतें आवास, पेंशन, जलापूर्ति और जमीन से संबंधित रहीं। रहैया गांव के आंगनबाड़ी सेविका चयन, करमा व रेंची के पीडीएस दुकानदार द्वारा राशन नहीं देने की शिकायतें प्रमुख रहीं। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। विधायक ने यह भी कहा कि पिछली बार की तुलना में कम आवेदन मिले हैं, जिससे संतोषजनक स्थिति परिलक्षित होती है।

# भारी बारिश से बेतला पिकेट के पास वन विभाग की बाउंड्री और समदा तालाब का पुल क्षतिग्रस्त

- ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत, जंगली जानवरों के बाहर आने की आशंका



**बेतला (लातेहार)।** क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बेतला पिकेट के नजदीक स्थित वन विभाग की बाउंड्री और समदा तालाब के पास बना पुल बारिश की वजह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे जहां वन क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो गया है, वहीं आम लोगों के आवागमन पर भी असर पड़ा है। जानकारी के अनुसार, बेतला राष्ट्रीय उद्यान के सीमावर्ती क्षेत्र में बारिश से वन विभाग की बाउंड्री दीवार टूट गई है, जिससे जंगली जानवरों के रिहायशी इलाकों में आने की आशंका प्रबल हो गई है। यह स्थिति न सिर्फ वन्यजीवों के लिए, बल्कि ग्रामीणों के लिए भी खतरे का कारण बन सकती है।

वहीं समदा तालाब के पास का पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। यह पुल आसपास के गांवों को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग था, जिससे ग्रामीण स्कूल, बाजार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रतिदिन गुजरते थे। अब इस मार्ग पर आवाजाही ठप हो गई है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस पुल की शीघ्र मरम्मत कराई जाए ताकि सामान्य जनजीवन बहाल हो सके और वन क्षेत्र की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके। लोगों ने बताया कि अगर समय रहते पुल और बाउंड्री का पुनर्निर्माण नहीं हुआ, तो जानमाल की हानि हो सकती है।

### डीवीसी के वादाखिलाफी से ग्रामीण नाराज, रास्ता अवरुद्ध

**लातेहार।** नेवाडी पंचायत के तुबेद टोला समेत कई गांवों के ग्रामीण डीवीसी से नाराज हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कोल माइंस खुलने से पहले पुल निर्माण का वादा किया गया था, लेकिन बाद में रास्ता ब्लॉक कर दिया गया। अब बरसात में सुकरी नदी उफन रही है और लोगों को जान जोखिम में डालकर बाजार या अस्पताल जाना पड़ रहा है। मुखिया अमरेश उरांव ने भी पुल निर्माण की मांग दोहराई है। वहीं डीवीसी जीएम अरविंद कुमार ने कहा कि रास्ता ब्लॉक नहीं किया गया है, और पुल निर्माण फिलहाल आर्थिक रूप से संभव नहीं है।

### बारिश में बह गई मिट्टी सड़क, ग्रामीण पैदल चलने को मजबूर

**बारियातू।** शिबला पंचायत के झिरमतकोमा से शिबला जाने वाली कच्ची मिट्टी-मोरम सड़क मंगलवार की भारी बारिश में कई स्थानों से बह गई। ग्रामीणों को पैदल ही 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्कूली बच्चों, मरीजों व दैनिक कामों में काफी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र मरम्मत और कालीकरण की मांग की है।

# कोल ब्लॉक प्रभावित क्षेत्र का अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण

- विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थिति का लिया जायजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** हिंडाल्को चकला कोल परियोजना से प्रभावित चकला पंचायत क्षेत्र का बुधवार को अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय टीम ने दौरा किया। टीम में लातेहार अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम एवं जिला शिक्षा अधीक्षक प्रिंस कुमार शामिल थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य उपकेंद्र की भौगोलिक एवं भौतिक स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान टीम ने विभिन्न भवनों की वर्तमान स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और ग्रामीणों की बुनियादी जरूरतों को प्रत्यक्ष रूप से देखा। निरीक्षण के क्रम में मिली जानकारियों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई, जिसे वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा जाएगा। इस मौके पर बीआरपी प्रतीक सिन्हा एवं दर्जनों स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे, जिन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कोल परियोजना के नाम पर कंपनियों ने भूमि अधिग्रहण तो कर लिया, लेकिन क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं आज भी नदारद हैं।

## बिना हेलमेट, लाइसेंस व शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कार्रवाई, 13 बाइक व एक कार जब्त

**मेदिनीनगर।** कचहरी चौक क्षेत्र में मंगलवार को जिला परिवहन विभाग व शहर थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से यातायात जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा तीन सवार (ट्रिपल राइडिंग) कर रहे दोपहिया चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। जांच के क्रम में कुल 13 दोपहिया वाहन तथा एक चारपहिया वाहन जब्त की गई। इसके अतिरिक्त एक दोपहिया वाहन चालक को नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया, जिसकी बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। सभी जब्त वाहनों को शहर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। जिला परिवहन कार्यालय, पलामू द्वारा सभी वाहनों के चालकों के विरुद्ध नियम उल्लंघन पर चालान किया गया है।

**आस्था**

## देवघर रवाना होगा माता हीरामणि नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर का जत्था

# एक माह तक जारी रहेगा सेवा कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** माता हीरामणि नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर डाल्टनगंज की ओर से आगामी श्रावणी मेले के दौरान देवघर में लगने वाले सेवा शिविर की तैयारी को लेकर मंगलवार को सेवा सदन रोड स्थित कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवा शिविर की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई, शनिवार को दोपहर 12:30 बजे सुदना निवास से सेवा शिविर के लिए 150 सेवादारों का जत्था रवाना होगा। जत्थे को शहर के गणमान्य लोगों द्वारा झंडी दिखाकर देवघर के लिए रवाना किया जाएगा।

**1998 से लगातार हो रही सेवा**

सेवा शिविर के आयोजकों ने बताया कि माता हीरामणि देवी नि:शुल्क कांवरिया सेवा शिविर की शुरुआत वर्ष 1998 में हुई थी और तब से यह सेवा लगातार हर साल देवघर में श्रावण मास के दौरान की जाती है। इस बार भी सेवा शिविर में करीब 200 सेवादार प्रतिदिन सुबह 4 बजे से रात 11 बजे तक श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहेंगे।

### सेवा व्यवस्था का विस्तृत कार्यक्रम

शिविर में आने वाले कांवरियों के लिए दिन भर भोजन, जलपान और विश्राम की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में भक्ति माहौल बनाए रखने के लिए रोजाना भक्ति जागरण एवं विभिन्न धार्मिक झांकियों का आयोजन भी किया जाएगा। आयोजकों ने सभी स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे इस पुनीत कार्य में सहयोग करें और अधिक से अधिक संख्या में कांवरियों तक सेवा पहुंचाने में सहभागी बनें।

## आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग एनएच-99 पर हरैया मोड़ के समीप बुधवार को एक गंभीर सड़क दुर्घटना घटित हो गई। एक आवारा पशु को बचाने के चक्कर में बाइक सवार युवक की बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घायल युवक की पहचान सचिन यादव पिता स्व. दशरथ यादव, निवासी रक्सी चंदवा के रूप में की गई है। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया, जहां चिकित्सकों की टीम ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों ने बताया कि युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

## पेज एक के शेष

**एलिवेटेड कॉरिडोर आज...**

इसके शुरू हो जाने के बाद केवल पांच से सात मिनट में यह दूरी कवर हो जाएगी। लोहरदगा, गुमला, डालटनगंज आदि क्षेत्र से आने वाले एंबुलेंस और वाहन अब जाम में नहीं फंसेगे। "रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर के नीचे पिलरों में झारखंडी सोहराई पेंटिंग का प्रस्ताव है, जिसे एनएचआई के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद सभी पिलरों पर सोहराई पेंटिंग कराई जाएगी। फ्लाईओवर के नीचे बीचोंबीच खाली पड़े जगह पर मिनी गार्डेन बनाया गया है जिससे नीचे चलने वालों लोगों को एक स्वच्छ वातावरण में आने-जाने का अनुभव होगा। हर पिलर में दो-दो स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं, जो नीचे की सड़क को खूबसूरत बनाते हैं। "कॉरिडोर से बारिश के पानी को पिलर के सहारे नीचे गिराया जा रहा है, फिलहाल अभी उसे एक छोटा टैंक बनाकर एक स्थान पर गिराया जा रहा है। बाद में इससे रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने की भी योजना है।

**कॉरिडोर पर कई खूबसूरत साइट बनेंगे सेल्फी जोन :** कॉरिडोर पर कई खूबसूरत साइट हैं, जो युवाओं को सेल्फी लेने के लिए आकर्षित करेंगे। जाकिर हुसैन पार्क से जैसे आप ऊपर चढ़ेंगे, चंद मीटर के बाद ही रघुवर सिटी सेंटर दिखेगा। यह साइट सेल्फी प्वांइट के लिए बेहतर है। मॉल ऑफ रांची के पास एक बढ़िया सेल्फी प्वाइंट है। रातू रोड दुर्गा मंदिर, सती मंदिर के पास रुक कर पहाड़ी मंदिर के पास सेल्फी या फोटो लिया जा सकता है। पिस्का मोड़ चौक के पास जहां पर कॉरिडोर दो हिस्सों में बंटता है, यहां पर भी बीचोबीच दिख रहा गुरुद्वारा एक अच्छा सेल्फी जोन है।

**रातू रोड एलिवेटेड...**

सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।उपायुक्त द्वारा यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के लिए प्रोटोकॉल, और उद्घाटन समारोह की व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। श्री भजन्त्री ने जोर दिया कि उद्घाटन समारोह के दिन सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हों।

**समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए :** समारोह स्थल पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा, और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं।

**श्रावणी मेला में...**

इसके लिए ऐसी व्यवस्था बनाएं कि वे छोटे-छोटे समूह में रहें। सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कर्मी शिफ्ट बदलने पर तभी अपना स्थान छोड़े, जब उनका विकल्प वहां आ जाये। भीड़ नियंत्रण के लिए एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन आदि के फुटेज की लगातार मॉनिटरिंग हो और लगे कि कहीं भीड़ ज्यादा हो रही है, तो बिना समय जाया करे तत्काल उसे नियंत्रित करें। इसके अलावा यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं का मार्ग समतल हो, ताकि ठोकर लग कर गिरने की आशंका खत्म हो जाए। जहां सीढ़ी आदि हो वहां फिसलन नहीं हो। श्रद्धालुओं के आने-जाने की अलग व्यवस्था हो। अचानक बिजली गुल नहीं हो। बिजली कटने के साथ उसकी पुनर्बहाली की वैकल्पिक व्यवस्था भी तैयार रखें। कहीं भी बिजली का नंगा तार नहीं हो और वह नीचे की ओर झूलता हुआ नहीं हो। इंट्री पवाइंट पर मेटल डिटेक्टर से लोगों को गुजारने के दौरान इसका विशेष ध्यान रखा जाए कि वहां अत्यधिक भीड़ की स्थिति नहीं बने। वहीं पूर्व में मंदिर का कपाट खुलने के साथ भीड़ का दबाव बढ़ने का अनुभव रहा है। इसे देखते हुए जिले के उपायुक्त और एसपी उस समय अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए व्यवस्था नियंत्रण की बागडोर संभाले। साथ ही रविवार और सोमवार को श्रद्धालुओं की तदाद काफी बढ़ती है, इसे भी संज्ञान में रखते हुए व्यवस्था बनायें। उन्होंने निर्देश दिया कि आपात विभाग से जुड़े मुख्यालय के आला अधिकारी मौके पर जाकर तैयारियों का जायजा लें और कमियों को समय रहते दुरुस्त कराएं।

**बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें :** मुख्य सचिव ने तैयारियों की समीक्षा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कि बारिश के मौसम को देखते हुए स्वच्छता पर पूरा फोकस करें। शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे। श्रद्धालुओं के लिए बने टेंट सिटी में शौचालय, पेयजल, शयन आदि की व्यवस्था के लगातार मेंटेनेंस पर बल देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि इसके लिए कारगर व्यवस्था बनाएं। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं के लिए डिस्पोजल बेड कवर की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित कर लें। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह-जगह होर्डिंग आदि के माध्यम से यातायात, चिकित्सा, विश्राम स्थलों आदि की सूचना प्रचारित-प्रसारित करें। शिकायत और सुझाव के लिए क्यूआर कोड की व्यवस्था को भी तमाम जगहों पर उपलब्ध कराएं। इसके अलावा समीक्षा के दौरान कावंरिया पथ समेत बाबा नगरी और बासुकी नाथ धाम की सड़कों, श्रद्धालुओं के आवासन, ट्रैफिक व्यवस्था, अग्निशमन व्यवस्था, एंबुलेस एवं चिकित्सा व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट इत्यादि पर भी संबंधित लोगों को निर्देशित किया गया।

**भारत मां के...**

आतंकी की नीच नीति है,खुलकर तुम करना प्रतिकार ।
उठकर वीरों वार करो अब,हिम्मत तुमको मिले अपार॥
संयम रखना बहुत कठिन है,व्यर्थ नहीं तुम्हारे काम।
क़सम तिरंगे की तुमको है, दुश्मन का हो काम तमाम॥

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय
भारत सरकार
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

# झारखंड में वर्ल्ड क्लास रोड नेटवर्क
# भारत सरकार का संकल्प



"21वीं सदी का नया भारत, बेहतरीन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहा है। बेहतर सड़कें, रेल नेटवर्क, एयरपोर्ट, ये सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स नहीं होते, बल्कि ये पूरे क्षेत्र का कायाकल्प कर देते हैं।" —नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## ₹6300+ करोड़ के निवेश की 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का झारखंड वासियों को उपहार

### शिलान्यास

**दामोदर नदी पर हाई लेवल पुल एवं भौरा रेलवे लेवल क्रॉसिंग पर आरओबी का निर्माण**
(NH-218, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹285 करोड़)

**मुर्गाताल से मानपुर खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-218, लम्बाई 27 किमी, लागत ₹95 करोड़)

**सिमडेगा जिले में 8 हाई लेवल ब्रिजों का निर्माण**
(NH-143, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹35 करोड़)

### लोकार्पण

**पलमा से गुमला तक 4 लेन सड़क का निर्माण**
(NH-23, लम्बाई 63 किमी, लागत ₹1900 करोड़)

**बरही-कोडरमा खंड का 4 लेन का निर्माण**
(NH-31, लम्बाई 28 किमी, लागत ₹825 करोड़)

**रांची शहर के अंतर्गत रातु रोड पर एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण**
(NH-75, लम्बाई 4 किमी, लागत ₹560 करोड़)

**गोड्डा से सुंदरपहाड़ी खंड तक 2 लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-333 A, लम्बाई 18 किमी, लागत ₹100 करोड़)

**झारखंड भाग में बाराहाट से तुलसीपुर खंड तक 2-लेन पेव्ड शोल्डर का चौड़ीकरण**
(NH-133, लम्बाई 15 किमी, लागत ₹70 करोड़)

**गिरीडीह शहर में सड़क का चौड़ीकरण**
(NH-114 A, लम्बाई 9 किमी, लागत ₹20 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | रांची | दोपहरः 2:30 बजे**

### शिलान्यास

**छत्तीसगढ़/झारखंड सीमा से गुमला तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-43, लम्बाई 32 किमी, लागत ₹1330 करोड़)

### लोकार्पण

**शंखा से खजुरी तक 4 लेन सड़क निर्माण**
(NH-39, लम्बाई 23 किमी, लागत ₹1130 करोड़)

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025 | ग्राम हुर के पास, गढ़वा बाईपास, गढ़वा, झारखंड | सुबह : 11:30 बजे**

### विकास परियोजनाओं से लाभ

- रांची शहर में रातु रोड पर लगने वाले जाम से निजात, समय और ईंधन की बचत
- आस पास के राज्यों से सुगम संपर्क, माल ढुलाई आसान और व्यापार को बढ़ावा
- रांची और पटना के बीच कनेक्टिविटी आसान
- तिलैया डैम और कोडरमा वन जैसे पर्यटन स्थलों तक आसान पहुँच
- अंजनी धाम, टांगीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों तक सुगम कनेक्टिविटी, श्रद्धालुओं को सुविधा
- एनएच - 114A के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से गिरडीह शहर में यातायात हुआ सुगम
- धनबाद और पश्चिम बंगाल के बीच बेहतर हुआ संपर्क, कोयला ढुलाई आसान
- लॉजिस्टिक लागत में कटौती से औद्योगिक और कृषि गतिविधियों को बढ़ावा
- स्थानीय उत्पादों एवं कृषि उपज की बड़े बाजारों तक पहुँच आसान

**नितिन गडकरी**
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
भारत सरकार
के कर कमलों द्वारा

एवं

**हेमंत सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखंड
की अध्यक्षता में

**गुरुवार, 03 जुलाई 2025**

### गरिमामयी उपस्थिति

अन्नपूर्णा देवी — केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री | संजय सेठ — केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री | बाबु लाल मरांडी — नेता प्रतिपक्ष, झारखंड | रघुवर दास — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड | शिबू सोरेन — पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड एवं सांसद (राज्यसभा) | संजय प्रसाद यादव — उद्योग मंत्री, झारखंड | दीपिका पाण्डेय सिंह — पंचायती राज मंत्री, झारखंड | सुदिव्य कुमार — पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री, झारखंड | शिल्पी नेहा तिर्की — कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री, झारखंड | चमरा लिण्डा — अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री, झारखंड

### माननीय सांसद गण

दीपक प्रकाश, आदित्य प्रसाद, महुआ माजी, प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ. सरफराज अहमद, डॉ. निशिकांत दुबे, विजय कुमार हांसदाक, विष्णु दयाल राम, चंद्र प्रकाश चौधरी, दुलू महतो, मनीष जायसवाल, कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत

### माननीय विधायक गण

सी.पी. सिंह, प्रदीप यादव, नीरा यादव, नमन बिक्सल कोनगाडी, भूषण तिर्की, जिगा सुसरन होरो, मनोज कुमार यादव, उमाकांत रजक, रागिनी सिंह, धनंजय सोरेन, सत्येन्द्र नाथ तिवारी, नरेश प्रसाद सिंह

CBC 37107/15/0005/2526

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial